हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## कोहली के करिश्मे के साथ फाइनल में भारत 9 मार्च को दुबई में खेला जाएगा फाइनल





**दुबई।** सोलह महीने पहले वनडे विश्व कप फाइनल में और चौदह साल से आईसीसी टूर्नामेंटों के नॉकआउट मुकाबलों में मिली हर हार का बदला चुकता करते हुए भारत ने मंगलवार को आस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर पांचवीं बार चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में प्रवेश कर लिया। एक बार फिर जीत के नायक रहे विराट कोहली। भारत की जीत के साथ ही यह भी तय हो गया कि चैम्पियंस ट्रॉफी का फाइनल नौ मार्च को दुबई में ही खेला जाएगा।

- 264 का टारगेट आस्ट्रेलिया ने दिया
- 6 विकेट खोकर भारत ने जीत दर्ज की

### कोहली का बल्ला खूब चला

बल्लेबाजी की मददगार पिच पर कोहली का बल्ला खूब चला और बड़े शॉट खेलने की बजाय उन्होंने संयम से अपनी पारी को आगे बढ़ाया। वनडे पारियों में स्पिनरों के खिलाफ पिछले कुछ अर्से में नाकाम साबित होते आये कोहली ने यहां आस्ट्रेलिया के स्पिनर एडम जम्पा को बखूबी खेला।







### विशेष सीबीआई कोर्ट ने भूपेश पर लगाई सभी धाराएं हटाई

# सीडी कांड में पूर्व सीएम भूपेश को बड़ी राहत सीबीआई पेश नहीं कर सकी सबूत, हुए बरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री एवं रायपुर पश्चिम से भाजपा विधायक राजेश मूणत की कथित सेक्स सीडी मामले में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। इस मामले में सुनवाई के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ मुकदमा चलाया जाए ऐसा कोई सबूत सीबीआई द्वारा पेश नहीं किया जा सका, जिसे आधार मानते हुए कोर्ट ने इस प्रकरण में उनके खिलाफ लगाई गई सारी धाराएं हटाते हुए बाइज्जत बरी कर दिया। हालांकि इस मामले में अभियुक्त बनाए गए विनोद वर्मा, कैलाश मुरारका सहित अन्य लोगों को राहत मिली है या नहीं, इसका पता अभी चल नहीं पाया है। कोर्ट का आदेश मिलने के बाद ▶▶|शेष पेज 6 पर

खास खबर

### विनोद, कैलाश सहित अन्य को राहत मिली है या नहीं, इसका पता नहीं

#### सीबीआई ने 2018 में की थी चार्जशीट पेश

इस मामले में सीबीआई ने वर्ष 2018 में चार्जशीट पेश की थी। चार्टशीट पेश करने के बाद इस मामले में पिछले छह साल तक कोई सुनवाई नहीं हुई। यह सातवां वर्ष है, जब इस मामले में पुनः सुनवाई हो रही है, जिसमें अभियुक्तों को न केवल पेश किया गया, बल्कि दोनों पक्षों के वकीलों के बीच बहस भी हुई है।



**सत्यमेव जयते : भूपेश**

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सीडी कांड में बड़ी राहत मिली है। सीबीआई की विशेष अदालत ने फ़ैसला दिया है कि भूपेश बघेल के खिलाफ मुकदमा चलाने का कोई आधार नहीं है। अदालत ने उनके खिलाफ मुकदमे को खारिज कर दिया है। कोर्ट के फैसले के बाद भूपेश बघेल ने लिखा सत्य मेव जयते।

#### रिंकू खनूजा को भी बनाया गया था अभियुक्त

कथित सीडी कांड में श्याम नगर निवासी रिंकू खनूजा को भी अभियुक्त बनाया गया था। जांच में रिंकू खनूजा का नाम आने के बाद उसने 6 जून 2018 को खुदकुशी कर ली। सीबीआई ने रिंकू की मौत के बाद उसे आरोपी बनाया था। सीबीआई की जांच में दावा किया गया था कि रिंकू खनूजा और विजय पांड्या ने सीडी बनवाई। सीडी कांड में सरकारी गवाह बने कारोबारी लवली खनूजा ने भी अपने बयान में सीबीआई को बताया है कि रिंकू ने इस संबंध में उनसे संपर्क किया था।

### पेंटापाड़ में नक्सली वारदात

## गांव में त्योहार मनाने गए पूर्व विधायक के ससुर को मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

कोंटा विकासखंड के सूदूर वनांचल गांव पेंटापाड़ में सोमवार शाम ग्राम पटेल को नक्सलियों ने मौत के घाट उतार दिया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मारे गए ग्रामीण कमलू हिड़मा (60) कोंटा के पूर्व विधायक मनीष कुंजाम के छोटे ससुर थे। नक्सलियों से मिली चेतावनी के बाद वे बीते दो वर्षों से कोंटा बेस कैम्प में निवासरत थे। वे अपने मूल गांव पेंटापाड़ त्योहार मनाने गए थे।



■ कोंटा बेस कैम्प में थे मनीष कुंजाम के ससुर

ज्ञात हो कि टब्बाकोंटा में सुरक्षा बलों के नवीन कैंप खुलने और नक्सलवाद के खात्मे की खबरों के चलते हिम्मत कर अपने गांव पहुंचे ग्रामीण ▶▶|शेष पेज 6 पर

#### कोंटा एरिया कमेटी ने ली हत्या की जिम्मेदारी

चिंतागुफा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पेंटापाड़ ग्राम पटेल कलमू हिड़मा के हत्या की जिम्मेदारी नक्सल संगठन कोंटा एरिया कमेटी ने ली है। नक्सलियों ने पर्चा जारी कर कहा कि हिड़मा पार्टी विरोधी हो कर गांव छोड़कर चले गए थे, उन पर वापस लौट कर लोगों को डराने धमकाने तथा जमीन कब्जा करने जैसे आरोप ▶▶|शेष पेज 6 पर

### खबर संक्षेप

#### बेकाबू कार नहर में गिरी, चार की मौत


**बुलंदशहर।** बुलंदशहर जिले के गुलावठी क्षेत्र में मंगलवार को एक अनियंत्रित कार के नहर में गिरने से चार लोगों की मौत हो गई। इस



हादसे में निपेंद्र (40), हर्ष (12), वंशिका (16) और कन्हैया (15) की मौत हो गई। अमरोहा जिले के नगला बशीर गांव का रहने वाला एक परिवार सिकन्द्राबाद क्षेत्र के नगला काला में एक विवाह समारोह में शामिल होने आया था।

#### नौकरों ने महिला को बंधक बनाकर जेवरात लूटे

**जयपुर।** जयपुर के अंबाबाड़ी इलाके में दो नौकरों ने एक कारोबारी की पत्नी को बंधक बनाकर घर से जेवरात लूट लिए। यह घटना



सोमवार शाम को उस समय हुई जब महिला घर में अकेली थी। आरोपी नौकर इंद्रजीत और अशोक कुछ समय पहले ही कारोबारी के यहां काम पर लगे थे। महिला ज्योति (48) को बंधक बनाकर उस पर चाकू से हमला किया।

#### एक ही परिवार के तीन लोग मृत मिले

**कोलकाता।** कोलकाता के कस्बा इलाके में मंगलवार को एक बच्चे समेत एक परिवार के तीन सदस्य अपने घर में मृत पाए गए। मृतकों



की पहचान सोमनाथ रॉय (40), उनकी पत्नी सुमित्रा (35) और उनके ढाई साल के बेटे रुद्रनील के रूप में हुई है। घर से कथित तौर पर रॉय द्वारा लिखा गया एक नोट बरामद किया गया है।

## छग, दिल्ली समेत चार राज्यों में आईटी के छापे, जांच करने बाराती बनकर पहुंचे अफसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/भोपाल/नई दिल्ली

आयकर विभाग ने छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश, दिल्ली और उत्तराखंड में छापेमारी की। सतना जिले में आयकर विभाग ने टिम्बर और लोहा कारोबार से जुड़े रामा ग्रुप के ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की है।

■ दिल्ली, सतना, जबलपुर, बस्तर और सिडकुल में दबिश

मप्र में आयकर विभाग ने अनोखा तरीका निकाला। सतना में कारोबारियों के घर दबिश देने पहुंची आईटी विभाग की टीम ने बाराती का शक्ल अख्तियार कर लिया था। उनकी कार के ऊपर शादी के स्टिकर लगे हुए थे। कारोबारियों के घर जैसे ही आईटी विभाग की गाड़ियां पहुंचीं उनके होश उड़ गए। मप्र के सतना में आईटी विभाग ▶▶|शेष पेज 6 पर

### रामा ग्रुप समेत पांच कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश, करोड़ों के टैक्स चोरी का मामला





#### नहीं खुला दरवाजा फिर सीढ़ी का सहारा

आयकर टीम जब सतना के गोसाला चौक स्थित सीताराम अग्रवाल रामू, अतुल मेहरोत्रा के आवास पर पहुंची। अंदर से दरवाजा नहीं खुला तो टीम सीढ़ी लगाकर अंदर घुसी। इसके अलावा सुनील सेनानी के आवास और जयस्तंभ चौक स्थित रामा ग्रुप के राम कुमार और सुरेश कुमार गोयल के घर और प्रतिष्ठान में छापा मारा गया।

**टैक्स चोरी की आशंकाः** शुरुआती तौर पर सामने आया है कि रामा ग्रुप और अन्य व्यापारियों ने आयकर में भारी हेरफेर की है। विभाग के अधिकारी दस्तावेजों और डिजिटल रिकॉर्ड की गहन जांच कर रहे हैं। अगर टैक्स चोरी साबित होती है तो सामान जब्ती के साथ इनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी। माना जा रहा है कि इस कार्रवाई में कई चौंकाने वाले खुलासे हो सकते हैं।

#### बिल्डर श्याम सोमानी के बीएमएस हाउस में आयकर की रेड

**जगदलपुर।** रायपुर आईटी की टीम ने सुबह शहर के मोतीतालाब पारा स्थित बिल्डर श्याम सोमानी के बीएमएस हाउस में रेड कार्रवाई की। अलग अलग वाहनों में करीब दर्जनभर अधिकारी सुरक्षा के साथ पहुंचकर दस्तावेजों को खंगाल रहे हैं। बताया जा रहा है कि रेड कार्रवाई की खबर ▶▶|शेष पेज 6 पर

#### दिल्ली रेलवे स्टेशन के डीआरएम का तबादला

**नई दिल्ली।** दिल्ली डिविजनल रेलवे मैनेजर सुखविंदर सिंह का तबादला कर दिया गया। यह फैसला नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ की घटना के कुछ



हफ्तों बाद आया है, जिसमें 18 यात्रियों की मौत हो गई थी। सुखविंदर सिंह को जुलाई 2023 में दिल्ली डिवीजन का डीआरएम नियुक्त किया गया था और उनका कार्यकाल 2025 तक था, लेकिन अब उन्हें समय से पहले हटा दिया गया है। रेल मंत्रालय के आदेश के मुताबिक, उत्तर मध्य रेलवे के अधिकारी पुष्पेश आर त्रिपाठी को दिल्ली डिवीजन का नया डीआरएम नियुक्त किया गया है।






# सर्बिया की संसद में स्मोक ग्रेनेड, 3 सांसद घायल

एजेंसी ▶▶| बेलग्रेड

## विपक्षी सांसदों ने मचाया बवाल



यूरोपीय देश सर्बिया की संसद में विपक्षी सांसदों ने भारी बवाल मचाया है। सर्बियाई सरकार की नीतियों का विरोध कर रहे विपक्षी सांसदों ने एक के बाद कई स्मोक ग्रेनेड और आंसू गैस के गोले फेंके। सांसदों को एक ऐसे कानून पर मतदान करना था जो विश्वविद्यालय शिक्षा के लिए धन बढ़ाएगा, लेकिन विपक्षी दलों ने जोर देकर कहा कि सत्र अवैध था और पहले प्रधानमंत्री मिलोस वुसेविक और उनकी सरकार के इस्तीफा देना चाहिए। संसद में मामला इतना गहरा गया कि सांसदों के बीच हाथापाई की स्थिति भी हो गई। मिलोस वुसेविक ने जनवरी में ही प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था क्योंकि अधिकारियों को नवंबर में सर्बिया के उत्तर में एक कंक्रीट छतरी के गिरने पर भारी विरोध का सामना करना पड़ा था, जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई थी। आलोचकों ने इसके लिए बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार को जिम्मेदार ठहराया था।

# भड़की भीड़ घुसी इजरायल की संसद में, चले लात-घूंसे

तेल अवीव

## चर्चा को लेकर गार्डो से हुई हिंसक झड़प



इजराइल की संसद में सोमवार को लात-घूंसे चले, भीड़ ने सिक्योरिटी तोड़ दी। यह हिंसक झड़प हमास जंग के पीड़ितों -बंधकों के शोक संतप्त परिवारों और इजराइली संसद के गार्डों के बीच इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के भाषण से कुछ ही समय पहले हुई। यह झड़प तब शुरू हुई जब परिजन संसद में प्रवेश की मांग कर रहे थे। कुछ प्रदर्शनकारियों ने अंदर प्रवेश भी किया लेकिन नेतन्याहू का विरोध करते हुए उन्हें पीठ दिखाई। हालांकि गार्ड ने रोकते हुए कहा कि केवल दस लोग ही अंदर जा सकते हैं, मगर परिवार अपनी बात पर अड़े रहे। घटनास्थल पर तकरार इतनी बढ़ गई कि सुरक्षाकर्मियों ने परिजनों को अतिथि दीर्घा से दूर धकेलने की कोशिश की, इसी दौरान हिंसा हुई, जिसका वीडियो जल्द ही वायरल हो गया।पैमाने पर भ्रष्टाचार को जिम्मेदार ठहराया था।

**नेतन्याहू नहीं चाहते हैं अब जांच**

बता दें, इजरायल में हमास के हमले की जांच की मांग लंबे समय से की जा रही है, और कल तक पीएम बेंजामिन नेतन्याहू खुद इसके पक्ष में थे। अब आलम ये है कि वह इस हमले की जांच को ठंडे बस्ते में डालने की कोशिश कर रहे हैं। इसी के विरोध में इजरायली जनता सड़क से संसद पहुंच गई। संसद में सोमवार को भीड़ ने हंगामा कर दिया, जो उसी हमले पर चर्चा करना चाहते थे। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के संसद में संबोधन से पहले 7 अक्टूबर के बंधकों और पीड़ितों के परिजनों और नेसेट (इजरायली संसद) गार्डों के बीच जबरदस्त झड़पें हुईं।

## खबर संक्षेप

### धनखड़ हत्याकांड में पहलवान सुशील को मिली नियमित जमानत



**नई दिल्ली।** जूनियर पहलवान सागर धनखड़ हत्याकांड के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने पहलवान सुशील कुमार को नियमित जमानत दे दी। उन्हें मई 2021 में हत्याकांड में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें पहले जुलाई 2023 में घुटने की सर्जरी के लिए सात दिन की अंतरिम जमानत दी गई थी। साल 2021 में जूनियर पहलवान सागर धनखड़ हत्याकांड में नाम सामने आने के बाद पहलवान सुशील कुमार का करियर तबाह हो गया। सुशील कुमार जूनियर पहलवान सागर धनकड़ की हत्या के आरोप में पिछले कई साल से जेल में बंद हैं।

### आतंकी रहमान की 10 दिन की एसटीएफ रिमांड मंजूर

**लखनऊ।** अयोध्या राम मंदिर पर आतंकी साजिश करने वाला



गिरफ्तार संदिग्ध आतंकी अब्दुल रहमान को अदालत में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने उसे 10 दिन के रिमांड पर भेजने की मंजूरी दी। पलवल एसटीएफ ने आरोपी के रिमांड की मांग की थी, जिसे स्वीकार कर लिया गया।

राष्ट्रपति जेलेंस्की को बहस करना महंगा पड़ा

# अमेरिका ने यूक्रेन को दिया बड़ा झटका, सैन्य मदद पर लगाई रोक

*व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच बहस के 3 दिन बाद अमेरिका ने यूक्रेन को दी जाने वाली सैन्य मदद रोकने का ऐलान किया है। यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू हो गया है। ऐसी मदद जो अमेरिका से अभी तक यूक्रेन नहीं पहुंची है, उसे भी रोक दिया गया है। इसमें पोलैंड तक पहुंच चुका सामान भी शामिल है।*

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

बता दें, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बीच बहस हुई थी। यह बहस ओवल ऑफिस में हुई मीटिंग के दौरान हुई थी। दोनों के बीच इस कदर बहस हुई कि जेलेंस्की को ओवल ऑफिस से जाने के लिए कह दिया गया और जेलेंस्की इसके बाद अमेरिका से भी चले गए थे। लेकिन जेलेंस्की को अमेरिका से भिड़ना अब महंगा साबित हो गया है। यूक्रेन को अमेरिका की ओर से यह बहुत बड़ा झटका है।

**ट्रम्प का सोशल मीडिया पर पोस्ट :** ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा, रोकी गई मदद तब तक बहाल नहीं की जाएगी, जब तक राष्ट्रपति ट्रम्प को यह यकीन नहीं हो जाता कि यूक्रेनी राष्ट्रपति वास्तव में शांति चाहते हैं। यूक्रेन की सैन्य मदद रोकने से कुछ घंटे पहले ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। उन्होंने कहा, जेलेंस्की नहीं चाहते कि जब तक उन्हें अमेरिका का समर्थन हासिल है, तब तक शांति हो। यह जेलेंस्की की तरफ से दिया गया सबसे खराब बयान है। अमेरिका इसे बर्दाश्त नहीं करेगा।




### यूक्रेन और अमेरिका ने नहीं दिया जवाब

यूक्रेन को सैन्य मदद रोके जाने को लेकर फिलहाल अमेरिकी रक्षा विभाग और न ही राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से कोई टिप्पणी आई है। वहीं अमेरिकी सहायता रोके जाने पर यूक्रेन राष्ट्रपति जेलेंस्की की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। ट्रंप प्रशासन के एक अधिकारी का कहना है कि इस सहायता पर रोक लगाना पूरी तरह से स्थाई नहीं है।

### गोला-बारूद संबंधी मदद पर पड़ेगा असर

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इससे एक अरब डॉलर के हथियार और गोला-बारूद संबंधी मदद पर असर पड़ सकता है। इन्हें जल्द ही यूक्रेन को डिलीवर किया जाना था। इधर यूक्रेनी अधिकारियों का कहना है कि उसके पास सिर्फ गर्मियों तक रूस से लड़ने के लिए आपूर्ति है। ऐसे में रूस से लडाई के लिए यूक्रेन संसाधनों की कमी से जूझ सकता है।

### यूरोपीय देशों पर बढ़ेगा यूक्रेन की मदद का दबाव

रूस के खिलाफ युद्ध में अब अमेरिका के यूक्रेन की मदद नहीं करने से यूरोपीय देशों पर यूक्रेन की मदद का दबाव बनेगा। अब तक कई यूरोपीय देशों ने इस युद्ध में यूक्रेन की मदद की है, लेकिन उतनी नहीं जितनी अमेरिका ने की है। अमेरिका ने इस युद्ध की शुरुआत से ही यूक्रेन को वित्तीय सहायता के साथ ही सैन्य सहायता भी मुहैया कराई है। लेकिन अब इस पर रोक लगा दी गई है। जिससे यूरोपीय देशों पर इस युद्ध में यूक्रेन को कमजोर न पड़ने देने का दबाव बनेगा।

### रूस को मिलेगा अमेरिका का सीधा समर्थन

ट्रंप और जेलेंस्की की बहस के बाद अमेरिका और यूक्रेन में तकरार आ गई है। इस बहस का सीधा फायदा रूस को मिलेगा। ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अच्छे दोस्त हैं। ट्रंप के फिर से राष्ट्रपति बनने के बाद से ही उनका झुकाव रूस की ओर रहा है। अब इस युद्ध में अमेरिका की तरफ से रूस को सीधा समर्थन मिल सकता है। अमेरिका, रूस की इस युद्ध में कोई मदद नहीं करेगा, अमेरिका की तरफ से रूस को समर्थन जरूर मिलेगा।

### 'हम जीतेंगे या प्लान बी कोई और लिखेगा

*मिलिट्री सपोर्ट रोके जाने के बाद यूक्रेन ने कहा कि वह अमेरिका के साथ अपने संबंधों को बनाए रखने के लिए हरसंभव कोशिश करेगा। ट्रंप ने इस कदम से रूसी संबंधों को बढ़ावा देने के लिए एक अहम दिशा में कदम बढ़ाया है। यूक्रेन के प्रधानमंत्री डेनीज श्माइगल ने आश्वसन दिया कि कीव के पास अपने फ्रंटलाइन सेना की आपूर्ति के लिए पर्याप्त संसाधन हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी सैन्य सहायता अमूल्य है। यूक्रेनी पीएम का कहना है, 'हम शांति के साथ सभी मौजूद रास्तों के माध्यम से अमेरिका के साथ काम करना जारी रखेंगे।' उन्होंने एक प्रेस कान्फ्रेंस में कहा, 'हमारी सिर्फ एक ही योजना है - जीतना और जीवित रहना. या तो हम जीतेंगे, या फिर हमारे लिए प्लान बी कोई और लिखेगा।'*

# अमेरिका ने लागू किए नए टैरिफ... भड़के चीन, कनाडा मैक्सिको ने किया पलटवार



एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार से मेक्सिको और कनाडा से आयातित वस्तुओं पर 25% टैरिफ लागू कर दिए हैं। साथ ही चीन से आयातित वस्तुओं पर पहले से लागू 10% टैरिफ को बढ़ाकर 20% कर दिया गया है। इन टैरिफ का उद्देश्य इन देशों से अमेरिका में फेंटानिल और अन्य अवैध दवाओं की तस्करी को रोकना है। ये टैरिफ मूल रूप से पिछले महीने लागू होने वाले थे, लेकिन इनमें 30 दिन की रोक लगी थी। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अमेरिकी टैरिफ के जवाब में मंगलवार से अमेरिकी वस्तुओं पर 25% टैरिफ लगाने की घोषणा की है, जो 30 बिलियन कनाडाई डॉलर मूल्य की वस्तुओं पर लागू होगा। यदि अमेरिकी टैरिफ वापस नहीं लिए जाते हैं तो कनाडा अगले 21 दिनों में अतिरिक्त 125 बिलियन कनाडाई डॉलर मूल्य की अमेरिकी वस्तुओं पर भी टैरिफ लगाएगा।

■ कनाडा ने भी 25 फीसदी टैरिफ लगाने का किया ऐलान

### ड्रैगन लगाएगा अतिरिक्त 15 फीसदी टैरिफ

चीन के वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को घोषणा की कि वे अमेरिकी कृषि उत्पादों पर 10% से 15% तक अतिरिक्त टैरिफ लगाएंगे। 10% टैरिफ सोयाबीन, सूअर का मांस, बीफ, मछली, फल, सब्जियां और डेयरी उत्पादों पर लागू होगा, जबकि 15% टैरिफ चिकन, गेहूं, मक्का और कपास पर लगाया जाएगा। इसके अलावा, चीन ने 25 अमेरिकी कंपनियों पर निर्यात और निवेश प्रतिबंध भी लगाए हैं। इन टैरिफ के कारण उत्तरी अमेरिका में आर्थिक मंदी की आशंका बढ़ गई है।

### मेक्सिको की राष्ट्रपति ने जारी किया बयान

मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने कहा कि उनका देश अमेरिकी टैरिफ के प्रभावी होने की स्थिति में प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार है। हालांकि उन्होंने विशेष उपायों का विवरण नहीं दिया, लेकिन संकेत दिया कि मेक्सिको के पास बैकअप योजनाएं हैं।

**नेपाल में मादक पदार्थ की तस्करी, तीन भारतीय गिरफ्तार**

काठमांडू। दक्षिणी नेपाल में मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में तीन भारतीयों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। बिहार निवासी गौतम कुशवाहा, रंजन सिंह और संजीव कुमार राम को सोमवार को जीतपुर सिमारा उपमहानगरपालिका से गिरफ्तार किया गया।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

चंडीगढ़ में धरने से पहले पंजाब पुलिस की कार्रवाई

# ताबड़तोड़ एक्शन, किसान यूनियन के 35 सीनियर नेता हिरासत में

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

पंजाब पुलिस ने मंगलवार को किसानों पर बड़ी कार्रवाई की है। चंडीगढ़ में 5 मार्च को होने वाले प्रदर्शन से पहले पुलिस ने बलबीर सिंह राजेवाल समेत कई किसान नेताओं को हिरासत में लिया है। पुलिस ने किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) के नेता दिलबाग सिंह गिल को घर में नजरबंद कर दिया है। जानकारी के अनुसार 35 बड़े नेता या तो हिरासत में हैं या नजरबंद किए गए हैं। इधर, पुलिस कार्रवाई पर विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने मुख्यमंत्री मान पर तंज कसते हुए कहा कि 'महाराजा सतोज, अपना होश गंवा बैठा। समां हुआ 5 बजे का, दिन-दहाड़े शराब ले बैठा।



### 'भगवंत सरकार' के खिलाफ किसान लामबंद'

पंजाब के किसान मुक्त व्यापार समझौतों पर रोक लगाने सहित अपनी कई मांगों को लेकर 'भगवंत मान सरकार' के खिलाफ लामबंद हैं। पंजाब-हरियाणा के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर किसानों का प्रदर्शन जारी है। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का आमरण अनशन आज यानी मंगलवार को 99वें दिन में प्रवेश कर गया। अनशन के 100 दिन पूरे होने पर 5 मार्च को खनौरी बॉर्डर पर 101 किसान एक दिन की भूख हड़ताल करने वाले हैं।

### मीटिंग में सीएम से हुई बहस


सोमवार को चंडीगढ़ के पंजाब भवन में किसानों (एसकेएम राजनीतिक के 40 नेताओं) की मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान से मीटिंग हुई थी। मीटिंग के दौरान हुई बहस के बाद भगवंत मान उठ कर चले गए, जिस पर किसानों ने नाराजगी जताई है। किसानों ने बताया कि सीएम साहब मीटिंग छोड़कर किसानों को चैलेंज करके वहां से चले गए। किसानों ने मंगलवर को इसे लेकर एक मीटिंग रखी थी। मीटिंग से पहले ही किसानों पर पुलिस ने कार्रवाई कर दी।

## खूबसूरत हिमाचल...



**शिमला।** शिमला, हिमाचल प्रदेश में ताजा बर्फबारी के बाद मंगलवार को नारकंडा हिल स्टेशन का नजारा।

## शब्द पहेली - 5797



■ मंगल सैनचा, बैंगलोर

**बाएँ से दाए-**

1. बेजोड़-4
4. परिचय, निशान-4
7. कला-3
9. सज्जनता, चरित्र, आदर्श-3
10. प्रथा, रिवाज-3
11. उपस्थिति-3
12. सेन्धमार-5
15. शयनागार, बेडरूम, आरामगाह-3, 2
18. तड़के, सुबह सवेरे-5
20. चुगली करना-2, 3
22. मैला, गंदा-3
23. रसद, आहर पदार्थ-3
25. प्रणाम, नमस्कार-3
26. तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27. स्थायी, प्राचीन-4
28. हुकूमत, राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**

2. मुलाकात, मिलाप-3
3. खून से लथपथ-5
4. लालन-पालन-5
5. सेवक, नौकर, दास-3
6. धोखेबाज-4
8. समान, एक जैसा-4
13. पंकज, जलज-3
14. आघात, चोट-3
16. भरोसा, विश्वास-3
17. कुली, पालकी वाहक-3
18. जुर्म, गुनाह-4
19. स्वदेश वासी-5
20. शतपदी, कनखजूरा-5
21. अहमक, मूर्ख-4
24. स्नान करना-3
25. सम्मान, पगड़ी-3

**शब्द पहेली -5796 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5807

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5806 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

बिलासपुर
बुधवार, 5 मार्च 2025
फाल्गुन शुक्ल पक्ष षष्ठी
वर्ष : 24, अंक : 341
पृष्ठ : 10+6 = 16 मूल्य : 5.00***


मौसम
अधि. 36.2
न्यून. 17.9


# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com






7 स्टंप पर लगी गेंद फिर भी नॉटआउट...

विचार पेज
2 मजबूत अर्थव्यवस्था के कमजोर


# अजब-गजब...महिलाएं चुनाव जीत कर बनी सरपंच, पतियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

हरिभूमि खास

जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव सम्पन्न होने के बाद अब ग्राम पंचायतों में नव निर्वाचित सरपंच व पंचों द्वारा बकायदा सादा समारोह आयोजित कर पद एवं गोपनीयता की शपथ ली जा रही है, लेकिन इस शपथ ग्रहण की कड़ी में जिले के विकासखण्ड पंडरिया की ग्राम पंचायत परसवारा से पंचायत सचिव की एक बड़ी लापरवाही सामने आई है, जिसमें पंचायत सचिव ने ग्राम पंचायत परसवारा से चुनकर आई 6 महिला सरपंचों की जगह उनके पतियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिला दी।

### सचिव ने कहा, मैंने नहीं दिलाई महिला पंच पतियों को शपथ

*ग्राम पंचायत परसवारा के सचिव प्रवीण ठाकुर का कहना है कि उन्होंने किसी महिला पंच के पति को शपथ नहीं दिलाई है, बल्कि वे स्वयं ही शपथ लेने खड़े हो गए, जिन्हें हटाया नहीं जा सका। वहीं उन्होंने अपने बचाव में यह भी कहा कि 3 मार्च को पुरुष पंचों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम था, जबकि महिला पंचों का शपथ ग्रहण 8 मार्च को होगा। ऐसे में बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि जब आठ मार्च को महिला पंचों का शपथ ग्रहण है, तो फिर 3 मार्च को शपथ ग्रहण कार्यक्रम में इन महिला पंचों के पति क्या कर रहे थे।*

### पद एवं गोपनीयता की शपथ



### 3 मार्च की है घटना

दरअसल यह पूरा मामला गत 3 मार्च का बताया जा रहा है। 3 मार्च को ग्राम पंचायत पलानसरी में नवनिर्वाचित ग्राम पंचायत के सरपंच तथा पंचों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया था। सब कुछ ठीक था, लेकिन लोगों की आंखें उस समय फटी की फटी रह गई। जब उन्होंने पंचायत के नव निर्वाचित सरपंच के साथ पंचायत की 6 नवनिर्वाचित महिला पंचों के पतियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ लेते देखा। ये सभी पंच प्रतिनिधि बकायदा गले में फूलों की माला धारण किए और हांथों में शपथ पत्र लिए ग्राम पंचायत सचिव द्वारा दिलाई जा रही पद एवं गोपनीयता की शपथ को दोहरा रहे थे। इस असंवैधानिक कृत्य का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद ग्राम पंचायत सचिव के गले पर बन आई है और अब वे इस पर सफाई दे रहे हैं।

### जांच रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी कार्रवाई

मामला संज्ञान में आने के बाद जांच के लिए तत्काल जांच टीम गठित कर दी गई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद उपयुक्त कार्रवाई की जाएगी।

-अजय त्रिपाठी सीईओ
जिला पंचायत, कबीरधाम


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### कश्मीर के कई इलाकों में हुई ताजा बर्फबारी



**श्रीनगर।** कश्मीर के ऊंचाई पर स्थित कुछ इलाकों में ताजा बर्फबारी हुई, जबकि घाटी के व्यापक हिस्सों में बारिश हुई। बारामूला के कुछ इलाकों के साथ ही गुलमर्ग, पहलगाम, सोनमर्ग, कोकरनाग, कुपवाड़ा और कश्मीर के ऊंचे अन्य इलाकों में बर्फबारी हुई।

### डिवाइडर से टकराकर पलटी कार, तीन की मौत



**कासरगोड।** उत्तरी केरल के कासरगोड जिले में जांच चौकी के पास एक कार के 'डिवाइडर' से टकराकर पलट जाने से उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे में एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना मंजेश्वर के पास वामनजूर में हुई। पीड़ितों की पहचान किशन कुमार, जनार्दन एवं अरुण के रूप में हुई है।

### नाव का संतुलन बिगड़ा तीन की डूबने से मौत



**राजमुंदरी।** पूर्वी गोदावरी जिले में तेज हवाओं के कारण गोदावरी नदी पर नौका के असंतुलित होकर एक तरफ झुक जाने से उसमें सवार दो व्यक्तियों की डूबकर मौत हो गई। दुर्घटना सोमवार शाम करीब साढ़े सात बजे हुई। मृतकों के शव मंगलवार देर रात करीब एक बजे बरामद किए गए।

## राज्य सरकार ने जारी किया निलंबन आदेश

# भारत माला घोटाला, 35 करोड़ की जगह बांट दिया 248 करोड़ का मुआवजा, एसडीएम सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

भारत माला परियोजना से जुड़े मुआवजा मामले में शासन ने बड़ी कार्रवाई की है। परियोजना अंतर्गत अभनपुर के नायकबांधा क्षेत्र में रायपुर से विशाखापट्टनम सिक्स लेन एक्सप्रेस वे के लिए जमीन अधिग्रहण मुआवजा घोटाले के सिलसिले में राज्य सरकार ने राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी तत्कालीन एसडीएम निर्भय कुमार साहू को निलंबित कर दिया है। खास बात ये है कि इस पूरे मामले में एसडीएम के शामिल होने के आरोप लंबे समय से लग रहे थे, लेकिन कार्रवाई उस समय की गई जब जांच समिति की रिपोर्ट में यह बात सामने आई कि निजी भूमि स्वामियों को अवैध रूप से लाभ पहुंचाकर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाई गई है। यह घोटाला उस समय का है जह श्री साहू अभनपुर के एसडीएम के रूप में काम करते ▶▶|शेष पेज 6 पर

### ये है सबसे बड़ा मुआवजा घोटाला

*राजधानी रायपुर से सटे अभनपुर के नायकबांधा क्षेत्र में एक के बाद एक आए दो एसडीएम ने मुआवजे के वितरण में बड़ा कांड कर दिया। कायदे से सिक्स लेन रोड के लिए जमीनों के अधिग्रहण के लिए 35 करोड़ मुआवजा बनना चाहिए था। लेकिन दोनों एसडीएम ने छोटे टुकड़ों का खेल कर मुआवजे को 326 करोड़ कर डाला। इसमें से 248 करोड़ का वितरण भी हो गया. बचे 78 करोड़ को लेकर किसानों ने जब बवाल किया तो इस स्कैम का भंडाफोड़ हुआ।*



### ये है मामला

छत्तीसगढ़ के रायपुर से विशाखापट्टनम सिक्स लेन एक्सप्रेस-वे में मुआवजा घोटाले की जांच रिपोर्ट रायपुर कलेक्टर ने महीने भर पहले राजस्व विभाग को सौंप दी थी।इसके बाद भी राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने 25 फरवरी को विधानसभा के बजट सत्र के प्रश्नकाल में बताया कि मुआवजा घोटाला की कोई जानकारी उनके पास नहीं है। लेकिन मामला ये है कि अभनपुर के दो एसडीएम ने 35 करोड़ की जगह 248 करोड़ का मुआवजा बांट दिया। 78 करोड़ का और क्लेम बना दिया। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में 25 फरवरी को प्रश्नकाल में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने भारतमाला परियोजना में अभनपुर में मुआजवा वितरण में हुई धांधली और कलेक्टर की जांच रिपोर्ट के बारे में सवाल पूछा था।

### सरकार ने जारी किया ये आदेश

राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि निर्भय कुमार साहू (रा.प्र.से., आर.आर.-2014, प्रवर श्रेणी) तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं सक्षम प्राधिकारी भू-अर्जन, अभनपुर जिला-रायपुर ने रायपुर विशाखापट्नम प्रस्तावित इकॉनामिक कॉरिडोर का सड़क निर्माण के अनुविभाग अभनपुर अंतर्गत भारतमाला परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में भू-अर्जन के रूप में वास्तविक मुआवजा से अधिक मुआवजा राशि का भुगतान करके निजी भूस्वामियों को अवैध रूप से लाभ पंहुचाकर, शासन को आर्थिक क्षति पंहुचाया है। भू-अर्जन प्रकरण में कई अनियमिततायें जिला स्तरीय जांच समिति द्वारा प्रतिवेदित की गई है। साथ ही निर्भय कुमार साहू द्वारा भू-अर्जन की प्रक्रिया में की गई कार्यवाही में अपने अधीनस्थ शासकीय सेवकों के कार्यों का समुचित पर्यवेक्षण नहीं कर, अपने कर्तव्य के प्रति सनिष्ठ न रहते हुए अनियमितता एवं लापरवाही बरती गई है। श्री साहू का उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम का स्पष्ट उल्लंघन है।

## हाईकोर्ट ने दिए चार हफ्ते

# सेबी की पूर्व चीफ बुच को राहत, एफआईआर पर रोक



एजेंसी ▶▶| मुंबई

बंबई हाईकोर्ट ने विशेष अदालत के उस आदेश पर चार सप्ताह के लिए रोक लगा दी, जिसमें सेबी की पूर्व चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच और पांच अन्य अधिकारियों के खिलाफ कथित शेयर बाजार धोखाधड़ी और नियामकीय उल्लंघनों के लिए एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया गया था। न्यायमूर्ति शिवकुमार डिगे की एकल पीठ ने कहा कि विशेष अदालत का एक मार्च का आदेश आरोपी की कोई विशेष भूमिका बताए बिना मशीनी तरीके से पारित किया गया था।

### इन्होंने दायर की याचिका

हाईकोर्ट का यह निर्णय बुच, सेबी के तीन वर्तमान पूर्णकालिक निदेशकों - अश्विनी भाटिया, अनंत नारायण जी और कमलेश चंद्र वार्ष्णेय, बीएसई के प्रबंध निदेशक और सीईओ सुंदररामन राममूर्ति और इसके पूर्व चेयरमैन तथा जनहित निदेशक प्रमोद अग्रवाल द्वारा दायर याचिकाओं पर आया।

### सेबी के अफसरों की ऐसी दलील

सेबी के तीन अधिकारियों की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि विशेष अदालत ने आदेश पारित करते समय पूरी तरह से विवेक का इस्तेमाल नहीं किया है। मेहता ने तर्क दिया, एक अस्पष्ट और परेशान करने वाली शिकायत के आधार पर विशेष अदालत ने एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है।

# तकनीकी सुधार बिना ही खोल दिए आरटीई पोर्टल, तीन दिन बाद बंद


### पिछले साल 250 से ज्यादा डुप्लीकेट आवेदन किए पोर्टल हैंकिंग कर 14 बच्चों का हुआ था दाखिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अलग खबर

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार के अंतर्गत निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित कर प्रवेश देने की प्रक्रिया एक मार्च से शुरू कर दी गई। राज्य से आरटीई पोर्टल खोला गया लेकिन उसमें तकनीकी सुधार नहीं किया गया।

जैसे ही पोर्टल खुला प्रदेशभर से 7 हजार 444 आवेदन तीन दिन में ही ऑनलाइन जमा भी हो गए। राज्यभर के 6 हजार 746 निजी स्कूलों में 44 हजार 173 सीटों में इस साल वर्ष 2025-26 शैक्षणिक सत्र के लिए दाखिला होना है। ▶▶|शेष पेज 6 पर



### पोर्टल पर यह पालकों को यह जानकारी

आरटीई पोर्टल पर पालकों को यह जानकारी दी जा रही है कि तकनीकी सुधार का ट्रायल चल रहा है। यह ट्रायल पूरा होते ही पोर्टल फिर से पालकों के लिए खोला जाएगा। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक पिछले साल प्रवेश में जो गड़बड़ी हुई है उन्हे ट्रेस करने के लिए पोर्टल में तकनीकी सुधार किया गया है। उसका ट्रायल पूरा होने के बाद फिर से खोल देंगे।

### इन गड़बड़ियों को रोकने आरटीई पोर्टल में सुधार की जरूरत

*पहलाः आरटीई पोर्टल हैक कर दाखिला लेने वाले 24 बच्चों के पालकों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इन बच्चों का दाखिला निरस्त करने का आदेश हुआ। किसी सरकारी पोर्टल को हैक करना ही क्राइम है लेकिन उनके पालकों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है। इस मामले में दुर्ग जिले के दो नोडल प्राचार्यों को जांच में दोषी भी मिले लेकिन उन पर भी कोई विभागीय कार्रवाई नहीं की गई।*

*दूसराः आरटीई में फर्जी अंत्योदय* ▶▶|शेष पेज 6 पर

## ओडिशा में दो दर्दनाक वारदात

# ऑनलाइन गेम का विरोध करने पर माता-पिता, बहन को मार डाला

एजेंसी ▶▶| पारादीप

ओडिशा के जगतसिंहपुर जिले में ऑनलाइन गेम खेलने से मना करने पर कॉलेज के एक छात्र ने अपने माता-पिता और बहन की पत्थर से हमला कर कथित रूप से हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह घटना जगतसिंहपुर थाना क्षेत्र के जयबाड़ा सेठी साही में रात करीब तीन बजे हुई। उन्होंने बताया कि छात्र ने अपने माता-पिता तथा बहन का सिर पत्थरों या किसी अन्य कठोर



वस्तु से कथित तौर पर कुचल दिया। जगतसिंहपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक प्रभास साहू के अनुसार, प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी सूर्यकांत सेठी (21) अपने माता-पिता और बहन से इसलिए नाराज था क्योंकि वे उसे मोबाइल फोन पर ऑनलाइन गेम खेलने से रोकते थे।

इधर

### गुटखा के लिए पैसे न देने पर पिता का सिर काटा

*ओडिशा के मयूरभंज जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक 40 वर्षीय व्यक्ति ने अपने 70 साल के पिता की सिर्फ 10 रुपए नहीं देने पर बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने अपने पिता बैधार सिंह की तेज हथियार से हत्या कर दी और फिर कटा हुआ सिर लेकर सीधे पुलिस स्टेशन पहुंच गया और आत्मसमर्पण कर दिया।*

## महाकुंभ 2025 : जवानों ने पेश की कर्तव्यनिष्ठा की अद्वितीय मिसाल

# बिछड़ों को अपनों से मिलाया, खोने वालों को कीमती सामान लौटाए



**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 का 26 अप्रैल को समापन हो गया है। अब शेष रह गई हैं कभी न भूलाने वाली यादें। आस्था के इस महासमुद्र में कुछ ऐसी बातें भी सामने आईं, जो कम ही देखने-सुनने को मिलती हैं। ये है- ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा। जी हां, उमड़े जनसैलाब के बीच उत्तर प्रदेश पुलिस, पीएसी, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और अग्निशमन के जवानों ने ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की अद्वितीय मिसाल पेश की और श्रद्धालुओं के दिलो-दिमाग में एक अमित छाप छोड़ने में कामयाब रहे। महाकुंभ मेले में तैनात पुलिस जवानों ने 15 देशों और 20 से अधिक राज्यों के बिछड़े श्रद्धालुओं को उनके परिवारों से मिलवाया है। इस दौरान पुलिस जवानों ने न केवल लाखों की नकदी, गहने और आईफोन सहित अन्य कीमती सामान श्रद्धालुओं को लौटाए, बल्कि बीमार होने पर उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाकर प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराई। उत्तर प्रदेश पुलिस ने लाखों बुजुर्गों को संगम स्नान करने में मदद किया।

### ईमानदारी की मिसाल पेश करती कुछ घटनाएं

- 17 फरवरी को जयपुर के पुष्पेन्द्र सिंह शेखावत पत्नी और दिनेश राठौर के साथ महाकुंभ मेला पहुंचे। जहां उनका पर्स खो गया। पर्स में 2 आईफोन, 69 हजार नकद, सोने की चेन, दो अंगूठियां और एटीएम कार्ड थे। 42वीं वाहिनी पीएसी नैनी प्रयागराज के शिविरपाल अरविंद सिंह ने अरैल घाट में इसे खोजा। पर्स में मिले मोबाइल नंबर पर कॉल कर बुलाया और पर्स सौंप दिया
- रायपुर की राजकुमारी यादव की महाकुंभ मेले में अचानक तबीयत बिगड़ गई। 15वीं वाहिनी पीएसी आगरा डी दल के आरक्षी प्रशांत कुमार और रवेन्द्र सिंह ने तत्काल एम्बुलेंस बुलाकर उन्हें हॉस्पिटल में एडमिट कराया। उपचार के बाद वह स्वस्थ्य हैं
- 29 जनवरी को रूस की रीता अपनों के साथ संगम स्नान के लिए महाकुंभ जा रही थीं। रात में वह साथियों से बिछड़ गईं और भटकते हुए पाल बस्ती मवैया पहुंच गईं। वहां ड्यूटी पर मौजूद 33वीं वाहिनी पीएसी झांसी ई दल के आरक्षी अमरदीप ने उन्हें साथियों तक पहुंचाया
- 15 जनवरी को जर्मनी से आए एक श्रद्धालु रास्ता भटक गए थे। उन्हें नवावगंज जाना था, लेकिन पहुंच नहीं पा रहे थे। लिहाजा, ड्यूटी पर उपस्थित 28वीं वाहिनी पीएसी इटावा एच दल के आरक्षी राजू सिंह ने उन्हें नवावगंज पहुंचाया
- 15 जनवरी को बेंगलुरु की शोभा को चोट लग गई थी। 33वीं वाहिनी पीएसी झांसी एफ दल के आरक्षी सुरजीत यादव ने एम्बुलेंस की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया और प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराई।
- 24 जनवरी को संगम मार्ग पर विवेक भारती को अचानक मिर्गी का दौरा पड़ा। लिहाजा, वहां तैनात 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद जी दल के आरक्षी गुरदीप और कपिल कुमार ने तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाया और उपचार कराया। परिवार वालों को सूचित कर कार से उन्हें घर भेज दिया।

## गरीब तबके को उचित मूल्य पर दवाएं न मिलने पर कोर्ट खफा

# राज्य सस्ता इलाज देने में विफल प्राइवेट हॉस्पिटलों को मिला बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकारें किफायती चिकित्सा देखभाल और बुनियादी ढांचा सुनिश्चित करने में विफल रही हैं। कोर्ट ने समाज के गरीब तबके के लोगों को उचित मूल्य पर दवाएं, विशेषकर जरूरी दवाएं उपलब्ध कराने में राज्यों की विफलता की तीखी आलोचना की। कोर्ट ने कहा कि इस अफलता से प्राइवेट हॉस्पिटलों को सुविधा मिली और बढ़ावा मिला।



सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन.के. सिंह की पीठ एक जनहित याचिका पर सुनवाई की। इसमें तर्क दिया गया कि निजी अस्पताल मरीजों और उनके परिवारों को दवाइयां, ट्रांसप्लांट और अन्य चिकित्सा देखभाल सामग्री हॉस्पिटल की अपनी फार्मेसियों (मेडिकल) से खरीदने के लिए मजबूर कर रहे हैं।

- राज्यों पर तल्ख टिप्पणी, केंद्र सरकार को गाइडलाइन बनाने को कहा

### छत्तीसगढ़ समेत इन राज्यों ने दिया हलफनामा

*हालांकि, कोर्ट ने यह भी कहा कि उसके लिए अनिवार्य निर्देश जारी करना उचित नहीं होगा, लेकिन इस मुद्दे पर राज्य सरकारों को संवेदनशील बनाना आवश्यक है। सुप्रीम कोर्ट ने पहले इस मुद्दे पर राज्यों को नोटिस जारी किया था। ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान सहित कई राज्यों की ओर से जवाबी हलफनामे दायर किए गए थे।*

### घरेलू फार्मेसियों से दवा खरीदने के लिए मजबूर न करें

इन राज्य सरकारों को ऐसी संस्थाओं को विनियमित करने के लिए कहा गया। कोर्ट ने राज्यों को कहा कि वे यह सुनिश्चित करें कि निजी अस्पताल मरीजों और परिवारों को घरेलू फार्मेसियों से दवा खरीदने के लिए मजबूर न करें। विशेषकर तब जब वही दवा या उत्पाद सस्ते दामों पर उपलब्ध हो। इस बीच, केंद्र सरकार को नागरिकों का शोषण करने वाले निजी अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों से बचाव के लिए दिशानिर्देश तैयार करने को कहा गया।




## चिंतन

# किफायती स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करें सरकारें

भारत को अपनी सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा को प्राथमिकता देनी होगी। इसे निजी क्षेत्र के भरोसे छोड़ना आमजन की सेहत से खिलवाड़ होगा। सुप्रीम कोर्ट ने दो टूक कहा है कि 'राज्य सरकारें किफायती चिकित्सा और बुनियादी ढांचा देने में नाकाम रही हैं। इससे प्राइवेट अस्पतालों को बढ़ावा मिल रहा है। इसे रोकने के लिए केंद्र सरकार को गाइडलाइन बनानी चाहिए। यह केंद्र सरकार के लिए आईना है। सरकारों का लोक कल्याण संवैधानिक दायित्व है, जिसमें सस्ती स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करना शामिल है। स्वास्थ्य सेवा राज्यों की जिम्मेदारी रही है, लेकिन राज्य सरकारों ने इसे प्राथमिकता के स्तर पर नहीं लिया, जिसके चलते निजी क्षेत्र में चिकित्सा मुनाफे का व्यवसाय बन कर रह गई। सर्वोच्च न्यायालय ने इसी परिदृश्य पर चिंता जताई है। जस्टिस सूर्यकांत और एनके सिंह की बेंच ने कहा, 'यह जरूरी है कि राज्य सरकारें अपने अस्पतालों में दवाएं और मेडिकल सेवाएं सस्ती कीमतों पर उपलब्ध कराएं ताकि मरीजों का शोषण न हो'। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि निजी अस्पतालों में मरीजों और उनके परिवारों को अस्पताल की फार्मेसी से महंगी दवाएं और मेडिकल इक्विपमेंट खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है और मांग की गई थी कि इसे रोकने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को आदेश दिया जाए। उच्चतम न्यायालय ने केंद्र से गाइडलाइन जारी करने को कहा है, जिससे निजी अस्पताल आम लोगों का शोषण न कर सकें। कोर्ट ने राज्य सरकारों से कहा है कि वे निजी अस्पतालों को नियंत्रित करें, जो मरीजों को अस्पताल की दुकान से दवाई खरीदने के लिए मजबूर करते हैं। खासकर वे दवाइयां जो किसी और जगह सस्ते में मिल जाती हैं। इससे पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में सभी राज्यों को नोटिस भेजा था। ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, तमिलनाडु और राजस्थान समेत कई राज्यों ने जवाब दाखिल किए थे। दवाइयों की कीमतों के मुद्दे पर राज्य केंद्र सरकार के मूल्य नियंत्रण आदेश पर निर्भर हैं। केंद्र सरकार ही तय करती है कि किस दवा की क्या कीमत होगी। देश में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर कई सारी अनियमितताएं हैं। जनसंख्या के अनुपात में अस्पतालों, दवाओं, चिकित्सकों, नर्सों, प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों, चिकित्सा उपकरणों, जांच उपकरणों आदि की कमी हैं। लचर सरकारी स्वास्थ्य सेवा के चलते निजी क्षेत्र को सेवा के नाम पर मनमानियों का अवसर मिलता है। दवाओं की कीमतें भी लागत व मुनाफे के अनुपात में अत्यधिक होती हैं। इसमें सरकार लचर साबित हुई है। सार्वजनिक व निजी क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को रेगुलेट करने के लिए केंद्र सरकार को सेबी, ट्राई, इरडा की तरह तत्काल एक नियामक बनाना चाहिए। स्वास्थ्य बीमा का दायरा बढ़ाना चाहिए, बीमा के नाम पर अस्पतालों में फिजूल बिलिंग पर रोक लगनी चाहिए। बजट, सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच, चिकित्सा पेशेवरों की कमी, अनुसंधान, उपचार से जुड़े डेटा, चिकित्सा की क्वालिटी, स्वास्थ्य सेवाओं में भ्रष्टाचार, अनैतिकता, जवाबदेही की कमी आदि समस्याएं हैं, जिन्हें दूर करने की जरूरत है। भारत युवा के साथ बुजुर्ग आबादी वाला देश भी है, इस क्षेत्र में रोजगार की भी अपार संभावनाएं हैं। भारत में किफायती स्वास्थ्य सेवा में ग्लोबल लीडर बनने की क्षमता है, इसलिए सरकार को इस क्षेत्र में बड़ा निवेश करना चाहिए। सालाना सरकारी स्वास्थ्य वर्ल्ड क्लास का बनाया जाना चाहिए।

# मजबूत अर्थव्यवस्था के कमजोर बाजार



अर्थव्यवस्था
योगेश कुमार गोयल

निरंतर पांच महीने की गिरावट ने निवेशकों की चिंता और अनिश्चितता बढ़ा दी है। सेंसेक्स और निफ्टी जैसे प्रमुख सूचकांक बड़ी गिरावट का सामना कर रहे हैं, जिससे निवेशकों की संपत्ति में भारी कमी आई है। 27 सितंबर 2024 को जो सेंसेक्स 85978 के रिकॉर्ड शिखर पर था, वह 28 फरवरी तक ही 12780 अंक टूट चुका है। अक्टूबर 2024 से निफ्टी हर महीने गिरावट के साथ बंद हो रहा है और यह पिछले पांच महीनों में ही 12 प्रतिशत नीचे आ चुका है। करीब 28 वर्ष पूर्व भी शेयर बाजार के ऐसे ही हालात देखने को मिले थे, जब निफ्टी लगातार 5 महीने तक टूटा था। 1996 के बाद यह पहली बार है, जब बाजार लगातार पांच महीने गिरावट के साथ बंद हुआ है।

भारतीय शेयर बाजार इस समय कठिन दौर से गुजर रहा है, जो पिछले कुछ महीनों से लगातार गिरावट के दौर से गुजर रहा है। निरंतर पांच महीने की गिरावट ने निवेशकों की चिंता और अनिश्चितता बढ़ा दी है। बाजार के जानकार इसे एक 'डेंजर जोन' की तरह देख रहे हैं। सेंसेक्स और निफ्टी जैसे प्रमुख सूचकांक बड़ी गिरावट का सामना कर रहे हैं, जिससे निवेशकों की संपत्ति में भारी कमी आई है। 27 सितंबर 2024 को जो सेंसेक्स 85978 के रिकॉर्ड शिखर पर था, वह 28 फरवरी तक ही 12780 अंक टूट चुका है। अक्टूबर 2024 से निफ्टी हर महीने गिरावट के साथ बंद हो रहा है और यह पिछले पांच महीनों में ही 12 प्रतिशत नीचे आ चुका है। करीब 28 वर्ष पूर्व भी शेयर बाजार के ऐसे ही हालात देखने को मिले थे, जब निफ्टी लगातार 5 महीने तक टूटा था। 1996 के बाद यह पहली बार है, जब बाजार लगातार पांच महीने गिरावट के साथ बंद हुआ है। हालांकि अक्टूबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच निफ्टी करीब 12 प्रतिशत टूटा है लेकिन इस दौरान निवेशकों का बहुत बड़ा नुकसान हो चुका है। 30 सितंबर 2024 को बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 474 लाख करोड़ रुपये था, जो 28 फरवरी 2025 तक घटकर 384 लाख करोड़ रुपये रह गया, जिसका सीधा सा अर्थ है कि केवल पांच महीनों में ही निवेशकों की 90 लाख करोड़ की संपत्ति डूब चुकी है। शेयर बाजार में गिरावट का यह सिलसिला अभी थमने की भी उम्मीद नहीं जताई जा रही। ऐसे में शेयर बाजार में मचे इस हाहाकार के कारण क्या हैं, इसकी पड़ताल करना बहुत जरूरी हो जाता है।

बाजार के कुछ जानकारों के मुताबिक, उच्च स्तरों पर मुनाफा वसूली के कारण भी बाजार में गिरावट आई है, जो एक सामान्य प्रक्रिया मानी जाती है, जहां निवेशक लाभ कमाने के लिए अपने निवेश को बेचते हैं, जिससे बाजार में अस्थायी गिरावट होती है। कई बार नकारात्मक खबरों और बाजार की अस्थिरता के कारण निवेशक घबराहट में अपने शेयर बेचने लगते हैं, जिससे बिकवाली का दबाव बढ़ता है और बाजार में तेजी से गिरावट आती है। हालांकि शेयर बाजार में इस गिरावट के पीछे कई कारक जिम्मेदार हैं, जिनमें वैश्विक आर्थिक मंदी का प्रभाव, भारतीय बैंकों की कमजोर कमाई की अफवाहें, एमएससीआई और घरेलू निवेशकों की ऊहापोह की स्थिति, अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में वृद्धि, विदेशी निवेशकों (एफआईआई) की निरंतर बिकवाली, एफआईआई की चीन में रुचि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नीतिगत फैसले, घरेलू आर्थिक संकेतकों में कमजोरी, कंपनियों के कमजोर तिमाही परिणाम, वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव, अमेरिकी डॉलर की मजबूती, तकनीकी सुधार और मुनाफा वसूली इत्यादि प्रमुख हैं। भारतीय बैंकों की कमजोर कमाई की अफवाहों से बाजार में नकारात्मक धारणा बनी और बिकवाली का दबाव बढ़ा, वहीं वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में वृद्धि और अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में वृद्धि के कारण भी विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से पैसा निकाल रहे हैं।

भारतीय बाजार से विदेशी निवेशक अपना धन निकालकर चीन की ओर मोड़ रहे हैं, जिससे बिकवाली का दबाव बढ़ा है। चीन के बाजारों में मजबूत रिकवरी से भारतीय शेयर बाजार में गिरावट बढ़ रही है। एफआईआई




फ्लो में आए बड़े बदलाव को इसी से समझा जा सकता है कि भारतीय शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों का निवेश दो वर्ष के सबसे निचले स्तर पर आ गया है। अक्टूबर 2024 के बाद से भारत का मार्केट कैप जहां करीब एक ट्रिलियन डॉलर कम हो गया है, वहीं चीन का मार्केट कैप 2 ट्रिलियन डॉलर बढ़ गया है। दुनिया के विभिन्न हिस्सों में विभिन्न भू-राजनीतिक तनावों के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में उत्पन्न होते व्यवधान के चलते भारतीय कंपनियों के लिए निर्यात और आयात में चुनौतियां बढ़ रही हैं, जो भारतीय शेयर बाजार में नकारात्मक प्रभाव डाल रही हैं। भारतीय रुपये में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले लगातार कमजोरी देखी जा रही है, जिससे आयातित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि हुई है। इससे मुद्रास्फीति पर दबाव बढ़ा है और भारतीय कंपनियों की लाभप्रदता प्रभावित हुई है।

उच्च मुद्रास्फीति के कारण भारतीय रिजर्व बैंक पर ब्याज दरों में वृद्धि का दबाव बढ़ रहा है। ब्याज दरों में वृद्धि से उधारी की लागत बढ़ेगी, जिससे कंपनियों की लाभप्रदता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इस संभावना के कारण भी निवेशकों में चिंता बढ़ी है, जिससे बाजार में बिकवाली का दबाव देखा गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के बाद डोनाल्ड ट्रंप के नीतिगत फैसलों के अंतर्गत अमेरिका द्वारा व्यापार शुल्क बढ़ाने और चीन पर अतिरिक्त टैक्स लगाने की घोषणाओं के कारण भी वैश्विक बाजार में अस्थिरता बढ़ी है। भारत पर भी अमेरिका द्वारा आयात शुल्क बढ़ाए जाने की संभावनाओं के चलते इसका असर भारतीय शेयर बाजार पर पड़ा है। वैश्विक आर्थिक मंदी की आशंका और अमेरिका तथा यूरोप में आर्थिक गतिविधियों की सुस्ती ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने वैश्विक आर्थिक वृद्धि के अनुमान को घटाया है, जिससे निवेशकों में भय का माहौल बना है। इस वैश्विक अनिश्चितता के कारण विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से पूंजी निकाल रहे हैं, जिससे बाजार में बिकवाली का दबाव बढ़ा है। घरेलू मोर्चे पर भी आर्थिक संकेतकों में कमजोरी देखी जा रही है। महंगाई दर में वृद्धि, औद्योगिक उत्पादन में सुस्ती और बेरोजगारी दर में बढ़ोतरी जैसी समस्याओं ने बाजार पर नकारात्मक असर डाला है। इन आर्थिक चुनौतियों के कारण निवेशकों का विश्वास कमजोर हुआ है, जिससे बाजार में गिरावट देखी गई है। शेयर बाजार की गिरावट का असर लगभग सभी सेक्टरों पर पड़ा है। आईटी, ऑटो, मीडिया, टेलीकॉम सहित बैंकिंग और एफएमसीजी सेक्टर में 20-25 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई है। कंपनियों की पिछली तिमाही के परिणाम भी उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे, जिससे निवेशकों का विश्वास कमजोर हुआ है और उसके कारण भी शेयर बाजार में बिकवाली का दबाव बढ़ा है। बाजार में लार्ज-कैप और मिड-कैप स्टॉक्स के ओवर वैल्यूएशन के कारण तथा बढ़ी हुई अस्थिरता के चलते बाजार में अनिश्चितता बनी हुई है।

हालांकि, बाजार के कुछ जानकारों का मानना है कि यदि दीर्घकालिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है और बाजार में मौजूदा गिरावट को एक अवसर के रूप में भी देखा जा सकता है, जहां निवेशक कम कीमतों पर अच्छे शेयर खरीद सकते हैं। बहरहाल, शेयर बाजार में मचे हाहाकार के इस दौर में धैर्य रखना और दीर्घकालिक निवेश दृष्टिकोण अपनाना सबसे उचित रणनीति हो सकती है। ऐसे माहौल में यह जिम्मेदारी सरकार और वित्तीय संस्थानों की ही है कि वे बाजार में स्थिरता लाने के लिए ठोस कदम उठाएं और निवेशकों का भरोसा बनाए रखने के लिए बाजार में हस्तक्षेप करते हुए नीतिगत फैसले लें। निवेशकों को भी धैर्य बनाए रखना होगा और बाजार के उतार-चढ़ाव को समझते हुए रणनीतिक रूप से निवेश करना होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## मोटापा

डॉ. मोनिका शर्मा



# शारीरिक स्थूलता से जूझती स्त्रियां


मोटापा, शारीरिक बनावट भर बिगाड़ने से कहीं बढ़कर अपने आप में व्याधि बन चुका है। स्वास्थ्य से जुड़ी अनगिनत समस्याओं को न्योता देने वाली ओबेसिटी के घेरे में भी महिलाएं अधिक हैं। असल में स्वास्थ्य सम्बन्धित कुछ अलग पहलुओं के कारण महिलाओं में मोटापे की संभावना पुरुषों की तुलना में थोड़ी अधिक होती है। हार्मोन असंतुलन, गर्भावस्था, घरेलू व्यस्तता में उचित शारीरिक गतिविधियों का अभाव और मानसिक तनाव जैसे कारण आधी आबादी में शारीरिक स्थूलता के आंकड़े बढ़ा रहे हैं। हमारे देश में 10 करोड़ से ज्यादा लोग मोटापे से जूझ रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट मुताबिक वैश्विक स्तर पर हर 8 में से 1 व्यक्ति मोटापे की जद में है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार 24 प्रतिशत भारतीय महिलाओं और 23 प्रतिशत भारतीय पुरुषों का वजन अधिक है। कुछ समय पहले द लैंसेट में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार भारत में महिलाओं में मोटापे की दर 1990 में 1.2 प्रतिशत थी। वर्ष 2022 में महिलाओं में शारीरिक स्थूलता की यह दर 9.8 फीसदी हो गई। वहीं, पुरुषों में मोटापे की दर 1990 में 0.5 प्रतिशत से 2022 में 5.4 फीसदी तक पहुंची है।चिंतनीय यह भी है कि नई पीढ़ी को भी मोटापा अपनी गिरफ्त में ले रहा है। इस अध्ययन के अनुसार 1990 में लड़कियों में 0.1 फीसदी रही मोटापे की दर 2022 तक बढ़कर 3.1 फीसदी हो गई है। मौजूदा दौर के खानपान और रहन-सहन को देखते हुए तकलीफदेह यह है कि कम उम्र में बढ़ते वजन की समस्या भी एक तरह का कुपोषण ही है। बीते दिनों मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने भी गंभीर स्वास्थ्य संकट बनते मोटापे को लेकर कहा था 'मोटापे से निपटना केवल व्यक्तिगत चुनाव नहीं है, बल्कि परिवार के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है।' महिलाएं तो हमारी पारिवारिक व्यवस्था की धुरी हैं।



व्याधियों की जड़ मानी जाने वाली स्थूलता से बिगड़ता आधी आबादी का स्वास्थ्य चिंता ही चिंतन का भी विषय है। विचारणीय है कि महिलाओं के शरीर और मनःस्थिति से जुड़े कई कारण मोटापा बढ़ा रहे हैं। ध्यातव्य है कि पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम जैसी परेशानी प्रजनन आयु वर्ग की महिलाओं में हार्मोन असंतुलन से जुड़ा अहम विकार है। लगभग 15 से 45 वर्ष की आयु वर्ग में पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम पीड़ित अधिकांश महिलाओं में मोटापे की समस्या भी होती है। इसी के चलते किशोरियां और युवतियां भी ओबेसिटी की मुसीबत से जूझ रही हैं। इतना ही नहीं, रजोनिवृत्ति के बाद भी उम्रदराज महिलाओं में शारीरिक स्थूलता तेज़ी से बढ़ती है। चिंतनीय है कि अपनों की सेहत संभालने वाली स्त्रियों में शारीरिक स्थूलता दूसरे रोगों का जोखिम भी बढ़ा रही हैं। मोटापे की शिकार महिलाओं में हृदय रोग, मधुमेह, स्तन कैंसर, हड्डियों से जुड़ी व्याधियां, उच्च रक्तचाप और गर्भधारण में परेशानी होने की संभावना स्वस्थ वजन वाली स्त्रियों की तुलना में अधिक होती है। दरअसल भारत ही नहीं वैश्विक स्तर पर भी स्त्रियों में मोटापे के आंकड़े बढ़ रहे हैं। द लैंसेट में छपे अध्ययन के मुताबिक ब्रिटेन में महिलाओं में मोटापे की दर 1990 में 13.8 प्रतिशत से बढ़कर 2022 में 28.3 फीसदी तक जा पहुंची है। वहीं अमेरिका में आधी आबादी में शारीरिक स्थूलता की दर 1990 में 21.2 फीसदी से बढ़कर 2022 में 43.8 फीसदी हो गई। स्पष्ट है कि संसार के हर हिस्से में ही तकनीकी विस्तार और शारीरिक निष्क्रियता के चलते साल-दर-साल मोटापे के आंकड़े बढ़ ही रहे हैं। असल में आयु और लिंग भेद से परे स्वस्थ-सक्रिय जीवनशैली से ही स्वस्थ वजन पाया जा सकता है। हर साल 4 मार्च को मनाये जाने वाले विश्व मोटापा दिवस पर स्वस्थ-सधी जीवनचर्या अपनाने को लेकर जागरूकता लाने का प्रयास किया जाता है। मोटापे के जोखिमों को कम करने के लिए सजगता लाने की कवायद की जाती है। वर्ष 2025 में विश्व मोटापा दिवस की थीम 'चेंजिंग सिस्टम्स, हेल्दीयर लाइव्स' है। यानि समग्र व्यवस्था के बदलाव से ही स्वस्थ जीवन पाया जा सकता है। मोटापे को केवल व्यक्तिगत परेशानी मानने के बजाय स्वास्थ्य सेवाओं, सार्वजनिक नीतियों, सामाजिक संरचनाओं और भोजनशैली की प्रणालियों में व्यापक बदलाव की दरकार है। बदलावों की इस बुनियाद पर ही स्वस्थ भविष्य पाया सकता है। खान-पान हो या सक्रिय दिनचर्या, सेहत सहेजने वाली आदतों से घर के हर सदस्य को जोड़ने स्त्रियां स्वयं भी अपने वजन को लेकर सजग हों।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार और स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सुख की चाह के लिए तप की साधना ज़रूरी



संकलित
दर्शन

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।'

# जरूरतमंदों की मदद ही सबसे बड़ी सेवा



संकलित
प्रेरणा

एक वैद्य गुरु गोविंद सिंह के दर्शन के लिए आनन्दपुर गया। वहां गुरुजी से मिलने पर उन्होंने कहा कि जाओ और जरूरतमंदों को सेवा करो। वापस आकर वह रोगियों की सेवा में जुट गया। शीघ्र ही वह पूरे शहर में प्रसिद्ध हो गया। एक बार गुरु गोविंद सिंह स्वयं उसके घर पर आए। वह बहुत प्रसन्न हुआ, लेकिन गुरुजी ने कहा कि वे कुछ देर ही ठहरेंगे। तभी एक व्यक्ति भागता हुआ आया और बोला- वैद्य जी, मेरी पत्नी की तबियत बहुत खराब है। जल्दी चलिए अन्यथा बहुत देर हो जाएगी। वैद्य जी असमंजस में पड़ गए। एक ओर गुरु थे, जो पहली बार उनके घर आए थे। दूसरी ओर एक जरूरतमंद रोगी था। अंततः वैद्यजी ने कर्म को प्रधानता दी और इलाज के लिए चले गए। लगभग दो घण्टे के इलाज और देखभाल के बाद रोगी की हालत में सुधार हुआ। तब वे वहाँ से चले, उदास मन से उन्होंने सोचा कि गुरुजी के पास समय नहीं था। अबतक तो वे चले गए होंगे फिरभी वैद्यजी भागते हुए वापस घर पहुँचे। घर पहुँचकर उन्हें घोर आश्चर्य हुआ। गुरुजी बैठे उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे। वैद्यजी उनके चरणों पर गिर पड़े। गुरु गोविंद सिंह जी ने उन्हें गले से लगा लिया और कहा- तुम मेरे सच्चे शिष्य हो। सबसे बड़ी सेवा जरूरतमंदों की मदद करना है।

## महाशिवरात्रि ...



मंडी में मंगलवार को महाशिवरात्रि उत्सव के उपलक्ष्य में देवता के सेवकों ने नाटी (लोक नृत्य) प्रस्तुत किया।

## आज की पाती

### शेयर धारकों को नुकसान

आजकल शेयर बाजार में गिरावट की खबरें सुर्खियों में हैं। इससे बहुत से लोगों को आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। शेयर बाजार में ऐसी गिरावट काफी वर्षों बाद देखने को मिल रही है। इस गिरावट से बहुत से उन लोगों की उम्मीदें धराशायी हुई जिनका कारोबार ही शेयर बाजार पर निर्धारित है। शेयर कब औंधे मुंह गिरे, कोई पता नहीं, क्योंकि शेयर बाजार कंपनियों पर ही ज्यादा निर्भर होता है और कोई बड़ी कंपनी कब घाटे में चली जाए, यह पता नहीं चलता। दूसरा, शेयर बाजार दुनिया के किसी भी देश में होने वाले युद्ध से प्रभावित होते हैं। हमारे देश में कम लोग ही शेयर बाजार के बारे में जानते हैं, इसलिए यह कहना उचित होगा कि हमारे देश में शेयर बाजार में निवेश करना ही बेहतर विकल्प नहीं है।

*– राकेश गुप्ता, महासमुंद*

## ट्रेंड

### स्टॉकर को बधाई



महामहिम क्रिश्चियन स्टॉकर को ऑस्ट्रिया के संघीय चांसलर के रूप में शपथ लेने पर हार्दिक बधाई। भारत-ऑस्ट्रिया संवर्धित भागीदारी आने वाले वर्षों में निरंतर प्रगति करने के लिए तैयार है। मैं आपके साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हूँ।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### सौतेला रवैया



भारत सभी धर्मों को सम्मान देने वाला धर्मनिरपेक्ष देश है। ऐसे में सरकारों को बिना पक्षपात के सभी धर्मों के मानने वालों के साथ एक जैसा बर्ताव करना चाहिए, किन्तु मुसलमानों के साथ धार्मिक मामलों में भी जो सौतेला रवैया अपनाया जा रहा है।

**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### सूचना का अधिकार कानून



एक तरफ़ भ्रामक और दुष्प्रचार में भारत पिछले वर्षों से शीर्ष स्थान पर आ रहा है, दूसरी तरफ़मोदी सरकार कांग्रेस-संप्रग द्वारा लागू किए गए सूचना का अधिकार कानून को, डेटा संरक्षण कानून लाकर कमज़ोर करने पर तुली हुई है।

**-मल्लिकार्जुन खरगे,कांग्रेस अध्यक्ष**

### अनंत अस्तित्व की स्वीकृति



पश्चिमी मन आस्था के विचार को समझ नहीं पाता, यह आस्था को केवल धर्म के रूप में देखता है। हमारे लिए आस्था हमारे कोशिका-सत्ता के मूल से लेकर उस विशाल अनंत अस्तित्व की स्वीकृति की भावना तक फैली हुई है जिसे हम ब्रहमाण्ड कहते हैं।

**-शेखर कपूर, फिल्मकार**

## करंट अफेयर

# दक्षिणी गोलार्द्ध का सबसे बड़ा मंदिर होगा बीएपीएस




अबूधाबी के बाद अब जोहानिसबर्ग के सबसे व्यस्त और खूबसूरत लैनसेरिया कॉरिडोर में 37,000 वर्ग मीटर में फैले बीएपीएस मंदिर और सांस्कृतिक परिसर के निर्माण के पहले चरण का काम पूरा हो चुका है और अगले तीन साल में तैयार होने वाला यह दक्षिणी गोलार्द्ध में सबसे बड़ा हिंदू मंदिर होगा। पिछले साल फरवरी में अबूधाबी में मध्य पूर्व के पहले अलंकृत नक्काशीदार हिंदू मंदिर के उद्घाटन के बाद बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) ने दक्षिण अफ्रीका में इस मंदिर पर युद्धस्तर पर काम शुरू किया। पिछले महीने मंदिर के 33,000 वर्ग मीटर में फैले सांस्कृतिक परिसर का उद्घाटन मौजूदा गुरू महंत स्वामी महाराज की मौजूदगी में हुआ और अब दूसरे चरण में 2,500 वर्ग मीटर के परिसर वाले पारंपरिक मंदिर पर काम शुरू होगा। खूबसूरत लैनसेरिया कॉरिडोर में बन रहे इस मंदिर को बहुसांस्कृतिक विनिमय, विभिन्न धर्मों के बीच संवाद और दक्षिण अफ्रीका में बीएपीएस के मानवीय कार्यों का केंद्र बनाया जाएगा।

## ऑफ बीट

# हर चार व्यक्ति में से एक खून की कमी से प्रभावित



एनीमिया या खून की कमी स्वास्थ्य संबंधी एक अहम समस्या है जिससे दुनिया भर में कम से कम दो अरब लोग प्रभावित हैं। यह दुनिया भर में लोगों में पाई जाने वाली आम समस्याओं मसलन कमर के निचले हिस्से में दर्द, मधुमेह या बेचैनी और अवसाद आदि से भी आम है। इसके बावजूद पिछले कुछ दशकों में एनीमिया को कम करने की दिशा में किए गए वैश्विक निवेश भी इसे दूर करने में सफल नहीं हो पाए हैं। किसी व्यक्ति में एनीमिया तब होता है जब उसके रक्त में पूरे शरीर में ऑक्सीजन ले जाने के लिए पर्याप्त स्वस्थ लाल रक्त कणिकाओं की कमी हो जाती है। शरीर के अंगों में कम ऑक्सीजन पहुंचने से एनीमिया के कई आम लक्षण दिखाई देने लगते हैं जिनमें थकान होना, सांस ठीक से नहीं ले पाना, चक्कर आना, ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई और रोजमर्रा के काम करने में मुश्किलें आना शामिल हैं। स्वास्थ्य पर पड़ने वाले इन प्रभावों के अलावा एनीमिया के कारण बच्चों के मस्तिष्क के विकास पर भी असर पड़ सकता है। खून की कमी की वजह से वयस्कों में स्ट्रोक आने, हृदय से जुड़े रोग, मनोभ्रंश और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। गर्भावस्था के दौरान एनीमिया होने से महिला में चिंता और अवसाद की समस्या हो सकती है।

**हमारा पता**

**हरिभूमि कार्यालय**
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: **haribhoomibsp@gmail.com**
वेब-साइट: **www.haribhoomi.com**

## खबर संक्षेप

### महतारी वंदन योजना में आवेदन प्रक्रिया दोबारा शुरू होगी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में महतारी वंदन योजना को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरने की कोशिश की, लेकिन मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने विपक्ष के सवालों का बड़ी आसानी से जवाब दिया। वहीं, सदन की कार्यवाही के बाद उन्होंने मीडिया से बड़ी घोषणा की। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना में आवेदन की प्रक्रिया दोबारा शुरू की जाएगी। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि एक बार फिर महतारी वंदन योजना के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी। आने वाले समय में फिर से आवेदन के लिए पोर्टल खुलेगा। पोर्टल खुलने के बाद आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी। नई महिलाओं को इस योजना का लाभ लेने का मौका मिलेगा। इससे पहले मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने सदन में बताया कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना का लाभ 6963621 महिलाओं दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को योजना की पात्रता मापदंड में आने एवं आवेदन करने के कारण योजना के तहत 44425 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, 45018 आंगनबाड़ी सहायिका, 973441 विधवा तथा 105520 परित्यक्ता महिलाओं को लाभ दिया जा रहा है।

### अनियमित कर्मचारी 13 अप्रैल को करेंगे प्रदर्शन

**रायपुर।** प्रदेश के शासकीय कार्यालयों में कार्यरत अनियमित कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को लेकर 13 अप्रैल को नवा रायपुर में धरना देंगे। नियमितीकरण, स्थायीकरण और निकाले गये कर्मचारियों के बहाली, अंशकालीन कर्मचारियों को पूर्णकालिक करने सहित अन्य मांगों को लेकर अनियमित कर्मचारी प्रदर्शन करेंगे। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील अनियमित कर्मचारी फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल प्रसाद साहू ने बताया कि अपने अधिकार के लिए संघर्षरित अनियमित कर्मचारियों के मंच पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने पूर्व में मंच पर समस्याओं को सुना और प्रदेश में पार्टी की सरकार बनने पर समस्या का निराकरण की बात कही। इसके बाद भी राज्य सरकार के बजट में प्रदेश के शासकीय विभागों में कार्यरत अनियमित कर्मचारियों के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया। इससे प्रदेशभर के अनियमित कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। फेडरेशन अपनी 50 से अधिक सहयोगी अनियमित संघों के साथ मिलकर 13 अप्रैल को रायपुर में धरना प्रदर्शन कर लंबित मांगों के प्रति शासन का ध्यान आकर्षित करायेगा।

### सिंधु पैलेस में होली मिलन समारोह 9 को

**रायपुर।** विगत दिनों सिंधी साहिती बिरादरी मंडल की कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि चेट्रीचड्र महोत्सव और होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। साथ ही कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। यह कार्यक्रम बीटीआई ग्राउंड शंकर नगर स्थित सिंधु पैलेस में 9 मार्च को होगा। यह जानकारी सचिव सुनील अजवानी ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम के लिए समिति ने एक टीम का गठित की गई है, जिसमें सोनू गोवानी, नरेश लालवानी एवं अनिल हेमानी, हरीश अजवानी आदि को सारी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस ने महतारी वंदन योजना पर उठाए सवाल, महतारी वंदन का क्राइटेरिया घोषणा पत्र के बाहर क्यों रखा**

# महतारी की राशि का आधा ही मिल रहा पेंशन पाने वाली महिलाओं को, कांग्रेस का हंगामा, बहिर्गमन

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

महतारी वंदन योजना के अंतर्गत पंजीकृत हितग्राहियों को लेकर विधायक उमेश पटेल ने पूछा कि शुरू में हितग्राहियों के जो आवेदन मिले थे उसमें आज की स्थिति में कम लोग हैं, इसकी जांच के बाद हितग्राहियों की संख्या कम हुई है। कब-कब और कितने बार जांच की गई। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बताया महतारी वंदन योजना के अंतर्गत 70 लाख 27 हजार 154 हितग्राहियों ने आवेदन भरा, इसमें कमी आने का कारण ये है, काफी लोगों की मौत हो गई और कुछ ने लाभ का त्याग किया। विधायक ने प्रश्न किया, जो महिलाएं 60 साल से ऊपर हैं, शादीशुदा हैं या परित्यक्ता हैं, वो यदि महतारी वंदन योजना की हितग्राही हैं, तो क्या उनकी पेंशन को काट रहे हैं या 500 रुपये कम किए जा रहे हैं। मंत्री ने जवाब दिया, 60 साल से ऊपर की महिलाओं का पेंशन नहीं काटा जा रहा है। उनको अंतर की राशि दी जा रही है।

विधानसभा बजट सत्र में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने पूछा कि कब-कब महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों की जांच कराई गई। मंत्री ने जवाब दिया कि समय समय पर जांच होती रहती है। तारीख उपलब्ध करा दी जाएगी।

**कांग्रेस ने पांच साल महिलाओं को ठगा, हंगामे के बीच बहिर्गमन, पेंशन भोगी महिलाओं को दी जा रही अंतर राशि**

सदस्य ने फिर सवाल किया कि बस्तर में महतारी वंदन योजना का ऐसा मामला सामने आया, जिसमें नाम किसी और का था, इस तरह के और भी प्रकरण पूरे प्रदेश में तो नहीं हैं। क्या इसकी जांच कराई गई? मंत्री राजवाड़े ने जवाब दिया कि बस्तर में ऐसा मामला सामने आया था। फर्जी तरीके से महतारी वंदन योजना का लाभ लिया जा रहा था। कार्यकर्ता और अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की गई, इसके बाद विभाग की तरफ से प्रदेशभर में जांच कराई गई, इस तरह का कोई दूसरा मामला प्रदेश में नहीं आया।

उमेश पटेल ने कहा, महतारी वंदन योजना में हीरो हिरोइन के नाम पर भी लाभ लिया जा रहा है, इसके बाद भी कोई जांच नहीं कराई गई। उन्होंने पूछा कि महतारी वंदन योजना के लिए क्या पात्रता होनी चाहिए? मंत्री राजवाड़े ने इसका जवाब देते हुए कहा, महतारी वंदन योजना के हितग्राही के लिए पात्रता, आयकर दाता ना हो, वर्ग 1, 2, 3 ना हो, 21




वर्ष से ज्यादा और विधवा, तलाकशुदा महिलाएं भी पात्र हैं। विधायक ने कहा, घोषणापत्र में सिर्फ आयकर की बात थी, इसके अलावा और कोई पात्रता नहीं रखी गई थी। घोषणापत्र के बाहर जाकर ये क्राइटेरिया क्यों रखा। मंत्री राजवाड़े ने जवाब दिया, जब 2023 के चुनाव में हमने वादा किया था कि हम महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ देंगे। मार्च से हमने योजना की शुरुआत की। 10 मार्च को पहली किस्त में 70 लाख से ज्यादा महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ पहुंचाया।

विधायक उमेश पटेल ने प्रश्न किया जो महिलाएं 60 साल से ऊपर हैं, शादीशुदा है, या परित्यक्ता हैं, वो यदि महतारी वंदन योजना की हितग्राही हैं, तो क्या उनके पेंशन को काट रहे हैं या 500 रुपये कम किए जा रहे हैं। मंत्री ने जवाब दिया 60 साल से ऊपर की महिलाओं की पेंशन नहीं काटी जा रही है। उनको अंतर की राशि दी जा रही है। विधायक ने कहा, 60 साल से ऊपर की महिलाओं को सिर्फ 500 रुपये दिए जा रहे हैं, जबकि घोषणा पत्र में ऐसा कुछ भी नहीं कहा गया था। विधायक ने कहा, जो महिलाएं सबसे ज्यादा जरूरतमंद हैं, जिन बुजुर्ग महिलाओं को सबसे ज्यादा पैसों की जरूरत है, उनके पैसे काटकर दिए जा रहे हैं। इसके बाद कांग्रेस विधायकों ने सदन में हंगामा करना शुरू कर दिया। अंतर की राशि देने की मांग करते हुए कांग्रेस विधायक सदन में नारेबाजी करने लगे।

कांग्रेस विधायकों के हंगामे के बीच डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा, जिन लोगों ने पांच साल महिलाओं को ठगा, पांच सौ रुपये नहीं दे सके और अभी आरोप लगा रहे हैं। उमेश पटेल ने कहा, महिलाओं के 500 रुपये जो काटे जा रहे हैं, इसकी घोषणा कर दीजिए कि 500 रुपये पेंशन से नहीं काटे जाएंगे। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने पांच साल कुछ नहीं किया। विधवा महिलाओं को एक हजार रुपये नहीं दे पाए। हम कम समय में 70 लाख महिलाओं को 1 हजार रुपये हर महीने दे रहे हैं। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस विधायकों ने नारेबाजी और हंगामा करते हुए सदन से बहिर्गमन कर दिया।

### बजट पर चर्चा के दौरान वित्त मंत्री अनुपस्थित, नाराज विपक्ष ने किया बहिर्गमन

विधानसभा में मंगलवार को बजट पर चर्चा के दौरान वित्त मंत्री ओपी चौधरी सदन में मौजूद नहीं थे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने बजट पर सामान्य चर्चा शुरू करने के लिए विपक्ष की ओर से कांग्रेस विधायक उमेश पटेल का नाम पुकारा। वे चर्चा शुरू करते इससे पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने वित्त मंत्री के सदन से अनुपस्थित होने की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए इस पर नाराजगी जताई, जिसके बाद विपक्ष ने सदन से बहिर्गमन किया। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा, वित्त मंत्री के बजट पर चर्चा हो रही है, लेकिन खुद वित्त मंत्री सदन में मौजूद नहीं हैं। ऐसे में इस पर 'हम भाषण देना नहीं चाहते' कहकर विपक्षी सदस्य सदन से बाहर चले गए। विपक्ष के हंगामें के बीच आसंदी ने विधानसभा की कार्यवाही 5 मिनट के लिए स्थगित कर दी। कार्रवाई फिर से शुरू होने पर वित्त मंत्री सदन में पहुंचे तब कांग्रेस की ओर से विधायक उमेश पटले ने अपने चर्चा की शुरुआत की। बजट पर सामान्य चर्चा के लिए विधानसभा अध्यक्ष ने दो दिन का समय निर्धारित किया है।

**ज्यादातर को पेट दर्द, लूज मोशन की समस्या, डिहाइड्रेड में हो रहे लोग**

# अचानक बढ़ी गर्मी ने बिगाड़ी तबीयत, मौसमी बीमारियों के मरीज 20 फीसदी तक बढ़े

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

मौसम में उतार-चढ़ाव के बीच अचानक गर्मी बढ़ने से लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी है। सप्ताहभर से पेट दर्द, लूज मोशन, डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं के मरीज 20 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। सरकारी के साथ निजी अस्पतालों में मौसमी बीमारी की परेशानी लेकर मरीज पहुंचने लगे हैं।

फरवरी के अंतिम दिनों से राजधानी में गर्मी बढ़ने लगी है और अभी दिन की तेज धूप लोगों को बीमार करने के लायक हो चुकी है। चिकित्सकों के अनुसार लोग ठंडकता भरे मौसम के आदी हो चुके थे, फिर अचानक गर्मी बढ़ने से लोगों के स्वास्थ्य पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ा है। दोपहर को धूप के सीधे संपर्क में आने की वजह से लोगों में सिरदर्द की परेशानी बढ़ी है। इसके अलावा शरीर में पानी की कमी होने के वजह से भी लोग डिहाईड्रेड होकर दूसरी तकलीफों के साथ अस्पताल पहुंचने लगे हैं। चिकित्सकों के अनुसार लोगों को पेट से संबंधित तकलीफ भी होने लगी है और लूज मोशन, पेट में ऐंठन जैसी शिकायतों की भरमार होने लगी है। आंबेडकर अस्पताल, जिला अस्पताल के मेडिसिन विभाग के डाक्टरों के पास इस तरह के मरीज काफी संख्या में पहुंच रहे हैं। डाक्टरों के मुताबिक विभाग में सामान्यतः ओपीडी दो से ढाई सौ की होती है, जिसमें 20 प्रतिशत मरीज मौसमी बीमारी से संबंधित हैं। इसके अलावा विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों और निजी अस्पतालों में भी इस तरह की समस्या से पीड़ित होकर मरीज पहुंच रहे हैं।




### 37 डिग्री की धूप खतरनाक

मौसम विभाग के मुताबिक अभी रायपुर का अधिकतम तापमान 37 डिग्री तक पहुंच गया है। दोपहर की धूप स्वास्थ्य पर विपरीत असर डाल सकती है। इसे ध्यान में रखते हुए चिकित्सक लोगों को धूप के सीधे प्रभाव से बचने की नसीहत दे रहे हैं। इसके अलावा डिहाइड्रेशन से बचाव के लिए अधिक मात्रा में पानी अथवा अन्य तरल पदार्थ का सेवन करने की सलाह भी दी जा रही है।

### गर्मी में बढ़ जाता है बैक्टीरिया

चिकित्सकों के मुताबिक पेट से ज्यादातर समस्या प्रदूषित पानी की वजह से होती है। गर्मी के दिन में बैक्टीरिया बढ़ने की आशंका अधिक होती है, जिससे पेट खराब होने की दिक्कतें आने लगती है। पिछले दिनों लभांडी के संकल्प वाटिका फेस-2 में गंदे पानी की वजह से लोगों के बीमार होने की शिकायत बढ़ गई थी। सूचना मिलने के बाद स्वास्थ्य और नगर-निगम का अमला सक्रिय हुआ और स्थिति को नियंत्रण में ले आया था।

### विशेषज्ञों का कहना

गर्मी बढ़ने की वजह से पिछले कुछ दिनों से मौसमी बीमारियों के मरीज बढ़ने लगे हैं। इनमें पेट से संबंधित परेशानी, शरीर में पानी की कमी जैसी समस्या हो रही है। मरीजों को उनकी समस्या के अनुरुप दवा दी जा रही है।

**- डॉ. योगेन्द्र मल्होत्रा,** विशेषज्ञ मेडिसिन विभाग, आंबेडकर अस्पताल

गर्मी लगातार बढ़ रही है जो छोटे बच्चों के लिए ज्यादा परेशानी का कारण बन सकता है। लूज मोशन, पेट में ऐंठन जैसी समस्या लेकर बच्चे अस्पताल आ रहे हैं।

**डॉ. निलय मोझरकर,** शिशु रोग विशेषज्ञ जिला अस्पताल

इमरजेंसी में भी बढ़ी संख्या में मरीज पेट दर्द और कमजोरी जैसी समस्या लेकर पहुंच रहे हैं। उनकी तकलीफों के अनुसार उपचार की व्यवस्था की जा रही है।

**- डॉ. विनय वर्मा,** सीएमओ, आंबेडकर अस्पताल\

# एमडी-एमएस करने अब तीन साल का अध्ययन अवकाश

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

सरकारी मेडिकल कालेज से एमबीबीएस की पढ़ाई करने वाले डाक्टरों को एमडी-एमएस के अध्ययन के लिए अब तीन साल का अवकाश दिया जाएगा। पूर्व में उन्हें पढ़ाई के लिए दो साल का अध्ययन अवकाश दिया जाता था और तीसरे साल असामान्य अवकाश होने की वजह से स्टाइपेंड का लाभ नहीं मिलता था। शासन ने तीन साल की छुट्टी देने का आदेश जारी किया है। साथ ही हिदायत दी है कि पढ़ाई के बाद पांच साल बांडेड ड्यूटी नहीं करने पर उनसे आठ फीसदी चक्रवृद्धि ब्याज के साथ राशि की वसूली की जाएगी। मेडिकल पीजी की पढ़ाई तीन साल की होती है, मगर यूजी की पढ़ाई करने के बाद अनुबंध सेवा में आने वाले विद्यार्थियों को इसके लिए दो साल का अध्ययन अवकाश दिया जाता था। तीसरे साल की पढ़ाई असाधारण अवकाश के रूप में पूरा करनी होती थी। पीजी छात्रों की इस समस्या को हरिभूमि ने समय-समय पर उठाया, जिसे संज्ञान में लेते हुए शासन द्वारा तीन साल के अध्ययन अवकाश दिए जाने का आदेश सोमवार को जारी किया गया है। शासन द्वारा पीजी की पढ़ाई के लिए दी जाने वाली छुट्टी के लिए कुछ शर्तें भी रखी गई हैं, जिसमें पढ़ाई पूरी होने अथवा अध्ययन अवकाश के बाद 5 साल की अनुबंध सेवा अनिवार्य होगी। इस नियम का पालन नहीं करने पर संबंधित छात्र से अध्ययन अवकाश प्रारम्भ होने की तिथि से राशि वापस करने की तिथि तक 8 प्रतिशत चक्रवृद्धि ब्याज की दर से वसूली की जायेगी। इस रकम की वसूली नहीं हो पाने पर संबंधित चिकित्सक की एमबीबीएस, पीजी अथवा अन्य सुपरस्पेशलिटी डिग्री छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान परिषद् द्वारा निरस्त की जाएगी। साथ ही राज्य शासन वसूली राशि को भू-राजस्व के तौर पर वसूली किये जाने के लिए स्वतंत्र होगी।

राज्य शासन द्वारा जारी किए गए इस नियम का लाभ हर साल पचास से ज्यादा चिकित्सा छात्रों को मिलेगा। छत्तीसगढ़ डाक्टर्स फेडरेशन के अध्यक्ष डा. हीरा सिंह ने कहा कि काफी लंबे समय से इस मांग को लेकर मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री सहित अन्य लोगों से मुलाकात की जाती रही है। पढ़ाई के दौरान तीसरे साल अध्ययन अवकाश नहीं होने की वजह शिष्यवृति नहीं मिलने की वजह चिकित्सकों को आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ता था।

# आज 16 जिला पंचायत अध्यक्षों का चुनाव भाजपा का सभी में जीत का दावा

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

पंचायत चुनावों में बुधवार से जिला पंचायत अध्यक्षों का चुनाव प्रारंभ हो रहा है। इस दिन 16 जिला पंचायतों में अध्यक्ष और उपाध्यक्षों का चुनाव होना है। सभी स्थानों के लिए भाजपा ने अपने प्रत्याशी तय कर लिए हैं। कुछ स्थानों पर नामों का खुलासा कर दिया गया है, लेकिन बाकी स्थानों पर चुनाव से पहले ही प्रत्याशी का ऐलान होगा। भाजपा को छह जिलों में अध्यक्षों के निर्विरोध चुने जाने के साथ ही सभी 16 जिलों में भाजपा के अध्यक्ष बनने का भरोसा है। रायपुर में चुनाव 12 मार्च को होगा। यहां पर भाजपा के पास बहुमत नहीं है, वह बराबरी पर है। यहां पर जीत के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है।

पंचायत चुनाव में नतीजों के बाद भाजपा और कांग्रेस लगातार जिला पंचायतों में जीत का दावा कर रही है। एक तरफ जहां भाजपा का सभी जिला पंचायतों में जीत का दावा है, वहीं कांग्रेस भी दो दर्जन से ज्यादा जिलों में जीत का दावा कर रही है। पंचायत चुनाव के भाजपा के प्रदेश प्रभारी सौरभ सिंह का कहना है, पंचायत चुनाव में जिला पंचायतों के सदस्यों के चुनाव में भाजपा को 31 जिलों में बहुमत मिल गया है। ऐसे में 31 जिलों में तो भाजपा के जिलाध्यक्ष बनने तय हैं।

**भाजपा को छह जिलों में निर्विरोध जीत का भरोसा**

**इन जिलों के अध्यक्ष आज होंगे तय**

जिला पंचायत के जिन 16 जिलों में बुधवार को चुनाव होना है, उनमें कोरिया, जशपुर, कोरबा, दंतेवाड़ा अनुसूचित जनजाति मुक्त है। यहां पर महिला या पुरुष कोई भी चुनाव लड़ सकता है। कोरिया में अध्यक्ष के लिए भाजपा के संभावित प्रत्याशी मोहित पैकरा हैं। सक्ती जिला अनारक्षित मुक्त, बेमेतरा अनारक्षित महिला, कांकेर, बस्तर, बीजापुर अनुसूचित जनजाति महिला, खैरागढ़ अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित है। इन सभी में भाजपा को जीत का भरोसा है। सक्ती में अध्यक्ष के लिए भाजपा की संभावित प्रत्याशी विद्या सिदार, जांजगीर चांपा में सतलता मिरी हैं। भाजपा को छह जिलों मुंगेली (अनारक्षित मुक्त), जांजगीर चांपा और दुर्ग (अनुसूचित जाति महिला), गरियाबंद (अनुसूचित जाति मुक्त), मोहला मानपुर और नारायणपुर (अनुसूचित जनजाति मुक्त) में निर्विरोध जीत का भरोसा है।

### संस्कृत को सहज सरल एवं सर्वप्रिय बनाने के लिए दिया बल

**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित शदाणी दरबार में संस्कृत भारती संगठन छत्तीसगढ़ का प्रांत स्तरीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक में संपूर्ण छत्तीसगढ़ प्रांत के 50 से अधिक संख्या में दायित्ववान कार्यकर्ता शामिल हुए। विगत वर्ष के कार्यों का मूल्यांकन कर कहां पर परिष्कार किया जा सकता है इसका चिंतन करते हुए आगामी एक वर्ष के योजना पर विचार-विमर्श की गई। इस मौके पर शदाणी दरबार के संत युधिष्ठिर लाल ने कहा कि, हम हमेशा आपके सहयोग के लिए तत्पर हैं, यह संस्कृत भाषा जो सनातन की भाषा है जो हमारे सभी भाषाओं की जननी है इसके लिए आप कृत संकल्प है इसलिए आप सब लोगों को मैं बहुत-बहुत आशीर्वाद देता हूं और जब कभी भी आप लोगों की इसमें जो कुछ भी सहायता बनेगी हम सभी प्रकार की सहायता आपको करेंगे ऐसा करके उन्होंने उत्साह वर्धन किया। केरल से पधारे डॉ. नंदकुमार ने संस्कृत को सहज सरल एवं सर्वप्रिय बनाने के लिए बल दिया। कार्यक्रम में प्रांत अध्यक्ष डा. सत्येंद्र सिंह सेंगर ने कहा कि, संस्कृत भाषा सभी लोगों तक पहुंच सके ऐसे हम सबको बड़े परिश्रम के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। संस्कृत भाषा जन भाषा बने, घर-घर तक संस्कृत पहुंचे ताकि उसमें भरे हुए ज्ञान विज्ञान से आम लोग परिचित हो सके। डॉ गोपेशकुमार तिवारी एवं पं. चन्द्रभूषण शुक्ला ने बताया कि बैठक में डॉ. दादूभाई त्रिपाठी, डॉ राजकुमार तिवारी, डॉ दादू भाई त्रिपाठी, हेमंत साहू, डॉ. प्रवीण झाड़ी, डॉ. दिव्या देशपांडे, डॉ. वैभव कान्हे, डॉ. बहुरन सिंह पटेल, डॉ व्यास नारायण आर्य, डॉ. लक्ष्मीकांत पंडा, दुर्गेश कुमार तिवारी, नरेंद्र कुमार साहू, होमेश्वर चंद्राकर सहित बहुत से वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल हुए।

### भारत पेट्रोलियम कंपनी रावांभाठा बिरगांव में लगाएगी कंप्रेस्ड बायोगैस संयंत्र

**रायपुर।** भारत पेट्रोलियम कंपनी रावांभाठा बिरगांव क्षेत्र में रायपुर नगर निगम की रिक्त भूमि पर जल्द कंप्रेस्ड बायोगैस संयंत्र लगायेगी। इस प्लांट में प्रतिदिन गीले कचरे से 100 मीट्रिक टन बायोगैस बनेगी। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने मंगलवार को भारत पेट्रोलियम कंपनी और छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल डेवलप अथारिटी के अधिकारियों के साथ चयनित स्थल का निरीक्षण किया। केन्द्र सरकार की अभिनव योजना के अंतर्गत रावांभाठा बिरगांव क्षेत्र में भारत पेट्रोलियम कंपनी गीले कचरे से बायोगैस बनाने प्लांट लगायेगी। 100 मीट्रिक टन प्रतिदिन गीले कचरे से इस संयंत्र में बायोगैस बनाने का कार्य किया जायेगा। इसके लिए भारत पेट्रोलियम कंपनी को गीला कचरा नियमित रूप से रायपुर नगर निगम, बिरगांव नगर निगम, नगर पालिक निगम खरोरा, अभनपुर, तिल्दा-नेवरा नगरीय निकायों से उपलब्ध कराया जायेगा। इससे रायपुर जिले के बड़े क्षेत्र के नगरीय क्षेत्र से निकलने वाले गीले कचरे का सुव्यवस्थित रूप से निष्पादन प्रतिदिन नियमित रूप से हो सकेगा।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**

क्रमांकः निविदा-क्रमांकःसी.ई.सी./बी.एस.पी./24-25/23, दिनांकः 25.02.2025, (ओपेन-टेंडर) (टू पैकेट सिस्टम)

**कार्यः** "दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के उरकुरा-रायपुर डिपो (3.0 किमी) के मध्य दोहरीकरण से संबंधित उरकुरा-रायपर स्टोर डिपो (आरएसडी) 3.0 किमी के मध्य मिट्टी का कार्य, माइनर ब्रिजेस, बाउंडरी वाल, EI अंत गूमटी, ऑटो गूमटी, इलेक्ट्रिकल एसएसपी बिल्डिंग, सर्विस रोड का निर्माण ट्रैक लिंकिंग कार्य, गिट्टी की आपूर्ति एवं अन्य संबंद्ध विविध कार्यों के निष्पादन हेतु।" **निविदा मूल्यः** रू. **104943972.93/-, अमानत राशिः** रू. **674700.00/-, निविदा दस्तावेज की लागतः** शून्य, **कार्य पूरा होने की अवधिः** 10 (दस) महीना, स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से। **निविदा बंद होने का समय एवं दिनांकः 20.03.2025** को 15:00 बजे तक। **निविदा खोलने का समय एवं दिनांकः 20.03.2025** को 15:30 बजे।

विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अथवा, बिलासपुर- पिनः 495004 अथवा उप-मुख्य अभियंता/ निर्माण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर- पिनः492009 अथवा मुख्य परियोजना प्रबंधक/पश्चिम/निर्माण/नागपुर/ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर-पिनः 440001 के कार्यालय में संपर्क करें अथवा निविदा / में संपर्क करे अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है उसे डाउनलोड कर/देख सकते हैं।

*उप-मुख्य अभियंता/निर्माण*
*सीपीआर/10/536 द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर*
South East Central Railway @secrail

**साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड का उपक्रम)

**सूचना**

एसईसीएल द्वारा सामग्रियों, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद के लिए जारी निविदाएँ एसईसीएल की वेबसाईट http://www.secl-cil.in, कोल इण्डिया के ई-प्रोक्यूमेंट पोर्टल http://coalindiatenders.nic.in और सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्यूरमेंट पोर्टल http://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीदी का कार्य किया जाता है। एसईसीएल के माईनिंग सर्विसेस की निविदायें भी अब जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in पर उपलब्ध हैं।

**कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)**
**निरस्तीकरण निविदा सूचना**

क्र. 252/न.पा.नि./जल विभाग/2024-25 दिनांक 04/03/2025

निविदा क्रमांक 22 के सरल क्रमांक 02 प्रदाय कार्य से संबंधित है, जिसे जेम के माध्यम से क्रय किया जाना है, अतः आमंत्रित निविदा को निरस्त किया जाता है।

सम्पत्तिकर दुकान किराया एवं पानी बिल का भुगतान ऑनलाईन nigambilaspur.com/ptis पर किया जाता है

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION COMPANY LIMITED**
**(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking)**

No. 03-03/ TN-346/24-25/460 Raipur, Dtd 28 / 02 /2025

**E-TENDER NOTICE NO. TN-346**

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from Experienced & reputed contractors for Supply/ work as mentioned below:-

| S. No. | Tender no. /RFx no. | Description | Date & time for bid submission |
|---|---|---|---|
| 1. | MP-401/24-25 8100041400 (With RLA) | Procurement of Unit Auxiliary Transformer (25 MVA, 21/6.6 KV, 3 Phase) (as per schedule) for CSPGCL. | Upto 28.03.2025 15:00 Hrs. |

The details of NIT can be viewed from our website www.cspc.co.in and the Tender Documents can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal:–https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal Any amendment/corrigendum, if required, will be displayed on our website only.

SAVE ELECTRICITY

Chief Engineer (S&P:Gen)
CSPGCL: Raipur

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**
CIN-U40105CT2003SGC015822
कार्यालय-कार्यपालन अभियंता (परियोजना) संभाग बिलासपुर

क्रमांक: 11-09/विज्ञापन/1650 बिलासपुर, दिनांक 03.03.2025

**आवश्यक सूचना**

समस्त जनसाधरण को सूचित किया जाता है कि कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग छ.स्टे.पॉ.डि.कं. लिमि., बिलासपुर के अंतर्गत नीचे उल्लेखित नवनिर्मित 33 के.व्ही. लाईन को आज दिनांक 05.03.2025 के बाद कभी भी उर्जीकृत कर दिया जावेगा। अतः उल्लेखित नवनिर्मित 33 के. व्ही. लाईन के तार, स्टे एवं खम्भे आदि से किसी भी प्रकार की छेड़ छाड़ न करें एवं लाईन से सुरक्षित दूरी बनावें। उल्लेखित लाईन से किसी भी प्रकार की दुर्घटना हेतु छ.स्टे.पॉ.डि.कं. लिमि. जवाबदार नहीं होगा।

| क्र. | नवनिर्मित 33 के.व्ही. लाईन का नाम | लाईन की लंबाई | स्थानों का नाम जहां से होकर लाईन गुजर रही है। |
|---|---|---|---|
| 1 | नवनिर्मित 33 के.व्ही. लाईन 33 के. व्ही. चकरभाठा फीडर से टेपिंग कर नवनिर्मित 33/11 के. व्ही. उपकेन्द्र मेसर्स इंदू इंटर प्राइजेस, ग्राम-छतौना को जोड़ने के लिये। | 1.36 कि.मी. | ग्राम छतौना रोड, 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र छतौना, ग्राम-छतौना एवं इंदू इमेजिका कॉलोनी इत्यादि। |

(अनुपम सरकार 90314533)

संवाद-43070 कार्यपालन अभियंता (परियोजना) संभाग छ.स्टे.पॉ.डि.कं. लिमि., बिलासपुर

**आम सूचना**

ICICI Bank

पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, चकली सर्किल के पास, ओल्ड पादरा रोड, वडोदरा- 390 007
कारपोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स मुंबई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी सह आमंत्रण सूचना**

नीचे उल्लिखित ऋणधारकों को स्वर्ण आभूषण के एवज में आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (ICICI Bank) से उन्हें उपलब्ध कराई गई ("सुविधा") में बकाया धनराशि को चुक्ता करने हेतु सूचना जारी की जा चुकी है।। चूँकि ऋणधारक सुविधा अन्तर्गत बकाया भुगतान करने में असफल हो चुके हैं, हम **15 मार्च, 2025** को बंधक स्वर्ण आभूषणों की ई-नीलामी व्यवहत करने को बाध्य हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी खाता को हटाने का/ई-नीलामी की तारीख में परिवर्तन करने का अधिकार रखता है। नीलामी ऑनलाईन **https://gold.samil.in पर 12:30 बजे अपराह्न से 3:30 बजे अपराह्न** के बीच आयोजित की जायेगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया दी गई वेबसाईट का अवलोकन करें। ऋणधारक की मृत्यु की स्थिति में उसके वैध उतराधिकारी पर सभी नियम एवं शर्तें लागू होंगी।

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम: अभनपुर | |
| 785862000095 | रामकृष्ण गोड़ |
| शाखा का नाम: अकलतरा | |
| 211962001944 | रामनारायण मरावी |
| शाखा का नाम: अंबिकापुर | |
| 042562002660 | मोहम्मद सलमान हक |
| शाखा का नाम: बस्तर-छत्तीसगढ़ | |
| 360162001852 | सुरेश नेगी |
| 360162001428 | केशव लाल ठाकुर |
| 360162001847 | भूपेन्द्र यादव |
| शाखा का नाम: भाटापारा | |
| 134562001186 | अमन राज सिंह |
| 134562001187 | हरीश कुमार ध्रुव |
| शाखा का नाम: भिलाईनगर-नंदिनी रोड | |
| 181562001886 | नीति देवी तिवारी |
| शाखा का नाम: बिलासपुर-गुरूनानक चौक | |
| 242562001963 | एम वनिता |
| शाखा का नाम: बिलासपुर-मंगला चौक | |

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| 181462002600 | संकल्प वैष्णव |
| शाखा का नाम: चिरमिरी | |
| 162562002810 | संस्कृति पाण्डेय |
| 162562002811 | विवेक कुमार सिंह |
| 162562002813 | अफरीन फातमा |
| शाखा का नाम: धरमजयगढ़, छत्तीसगढ़ | |
| 372362000529 | विजय कुमार |
| शाखा का नाम: घरघोड़ा, छत्तीसगढ़ | |
| 372262001473 | बाल सुग्रीव मांझी |
| शाखा का नाम: जगदलपुर | |
| 108562012082 | राधेश्याम राणा |
| 108562012083 | साध्या भंडारी |
| शाखा का नाम: जगदलपुर II | |
| 443162000911 | लोकेश सिंह ठाकुर |
| 443162000917 | कुलेश ठाकुर |
| शाखा का नाम: कटघोरा | |
| 328862001179 | रूकसार बेगम |
| शाखा का नाम: कोंडागांव, छत्तीसगढ़ | |
| 328162003908 | अजीत राम |
| शाखा का नाम: नारायणपुर | |
| 783562000204 | गौरव गुप्ता |
| शाखा का नाम: पत्थलगांव | |

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| 782162000043 | मिथिलेश सिंह |
| 782162000047 | आकाश अग्रवाल |
| शाखा का नाम: पेण्ड्रा | |
| 784862000133 | चंदा छाबड़िया |
| शाखा का नाम: रायगढ़ | |
| 092662002808 | शत्रुघ्न साहू |
| शाखा का नाम: रायपुर-शंकर नगर | |
| 251562001434 | ठाकुर राम साहू |
| शाखा का नाम: रायपुर-उरला | |
| 478962000021 | वेदप्रकाश |
| 478905000061 | हरमीत कौर |
| शाखा का नाम: रायपुर-फाफाडीह | |
| 438662000703 | दिलीप मिश्रा |
| शाखा का नाम: सक्ती | |
| 444562000094 | तेजप्रताप चंद्र |
| शाखा का नाम: सारंगढ़, छत्तीसगढ़ | |
| 371862002317 | ओमप्रकाश रात्रे |
| 371862002658 | बाबूलाल निराला |
| शाखा का नाम: सुकमा | |
| 788262000161 | हनुमंत सिंह ठाकुर |
| शाखा का नाम: पिपरिया | |
| 144062008767 | अहमद मुख्तार |

दिनांक: 05.03.2025
स्थान: बस्तर, कोरबा, दुर्ग, बिलासपुर, रायगढ़, रायपुर, कोंडागांव, नारायणपुर, मुंगेली, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, जशपुर, सुकमा, सरगुजा, बलौदाबाजार, जांजगीर-चांपा, सक्ती, सारंगढ़-बिलाईगढ़

सही - प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

लोक नाट्य

डा. संतराम देशमुख

## काफी लोकप्रिय हुआ एक रात का स्त्री राज



एक समय था जब लोक नाट्य के प्रति काफी रुझान दर्शकों में रहा है। यह वह दौर में था जब लोक नाट्य अपने नए पन और नए अंदाज में प्रस्तुति देखने मिल रही थी। कलाकार भी नवाचार को बढ़ावा दे रहे थे। इसी समय दाऊ रामचन्द्र देशमुख जी भी लोक नाट्य में नव प्रयोग कर रहे थे। दाऊ जी इस समय चंदैनी गोंदा के प्रदर्शन में नित नवीनता लाने में लगे हुए थे। वे अपने प्रस्तुति में नए किरदार और उनका सामाजिक सरोकार का प्रभावी स्वरूप को हमेशा संतुलन बनाने में मंथन करते रहते थे। दर्शकों में मनोरंजन के साथ ज्ञान वर्धक संस्करण भी देना चाहते थे। अपने पहले के लोक नाट्यों को मिल रहे अपार सफलता के कारण उन्होंने 1973 में एक नया नाटक मंचन किए - एक रात का स्त्री राज। वे प्रस्तुति के लिए विशेष अवसर की तलाश करते थे। खासकर जब छत्तीसगढ़ी परिवारों में बेटे की बारात दुल्हन के गांव चली जाती थी तब दो दिनों के लिए घर में पुरुषों की अनुपस्थिति में स्त्रियों का साम्राज्य स्थापित हो जाया करता था। तब रिश्ते की विभिन्न आयु वर्ग अनेक महिलाएं घर में रह जाती थी। ऐसे समय में कुछ चुहलबाज़ी, कुछ हंसी ठिठोली, कुछ नाच गाना, कुछ अभिनय, नकल के कार्यक्रम स्व स्फूर्ति कई बड़ी उम्र की महिलाएं करती थीं। इस समय के परिकल्पना को उन्होंने इस लोक नाट्य के माध्यम से सकारात्मक पक्ष की ओर संकेत करते अच्छा मंचन करते रहे।

लोक साहित्य

डा. यशेश्वरी ध्रुव

## साहित्य में सांस्कृतिक चित्रण




साहित्य में लोक संस्कृति का चित्रण रहता है। तदनुरूप लोकजीवन अभिव्यंजित होता है। इसी कारण साहित्य के अध्ययन से इतिहास, भूगोल, पुरातत्व, चित्रकला, मनोविज्ञान जैसे अनेक विषय पर तथ्य समाहित रहते हैं। इसलिए इन सभी समाज विज्ञानों के अध्येताओं का साहित्य से गहरा सरोकार होता है। यहां तक कि प्रत्येक जनपद के लोकभाषा के साहित्य और वहां की लोक वार्ता में प्राचीन परंपरा से प्रचलित चिकित्सा पद्धतियों झाड़ फूंक तंत्र मंत्र टोना टोटका आदि का समावेश है। लोक जीवन में मान्य परंपराओं के विभिन्न प्रतिमान निर्धारित हैं। इनके पीछे प्रमुखतः लोक विश्वास, लोक मान्यताएं, धर्म, समाज, संस्कृति, आस्था आदि प्रमुख कारण हैं। लोक मान्यताओं के प्रतिमानों में जन विश्वास प्रमुख कारक हैं। सहज सरल मानव जो नागर सभ्यता, संस्कृति से दूर जंगल, पहाड़, और गांवों में निवास करता है, प्रकृति के उन सभी अनाम रहस्यों, प्रकृति के संरक्षक कारकों के प्रति आस्था विश्वास प्रकट कर उनके प्रति आदर भाव रखते हुए उनकी अभ्यर्थना करता है। अभ्यर्थना के इस परिदृश्य में नदी, तालाब, पेड़, प्रस्तर खंड तथा विभिन्न प्रकार के प्रतीक आते हैं जो लोक जीवन में परम्परा से प्रेषित होते आ रहे हैं। संस्कृति व्यापक संदर्भों में जीवन की पद्धति से प्रयोगात्मक तौर पर जुड़ी है इसलिए साहित्य के निकष पर निखरने के लिए संबद्ध सभी सांस्कृतिक तत्वों और समाजोपयोगी विषयों से उसका जुड़ाव अवश्यंभावी है।

पुरातात्विक

ललित शर्मा

## सिंघनगढ़ में प्राचीन गढ़ के अवशेष



सिंघनगढ़ पहाड़ी के ऊपर पहुंचने पर पत्थरों की बनी हुई दीवाल दिखाई देती है। थोड़ा आगे बढ़ने पर लगभग 8 फीट ऊंची सिंह द्वार है। द्वार के सिर दल पर कमलांकन है। अन्य कोई शिल्प इस दीवार पर दिखाई नहीं देती। द्वार के दोनों तरफ भग्नावशेष रखे हुए हैं। द्वार से भीतर प्रवेश करने पर चौकीनुमा प्रस्तर अवशेष दिखाई देते हैं जो ऊपर से सपाट तथा इसके चारों कोनों पर पाया है। इसका वजन लगभग 50 किलो अनुमानित है। इसे किसी भवन की छत का अवशेष या मंदिर का वितान मानते हैं। इसके आसपास अनगढ़ पत्थरों की दीवार बनी हुई है। इस स्थल से कुछ ही दूरी पर गेहूं पीसने की प्राचीन चक्कियां एवं स्तंभों के आधार हैं। इस संपूर्ण स्थल का बारीकी से निरीक्षण करने पर किसी प्राचीन गढ़ होने का आभास होता है। यह भी स्पष्ट होता है कि इस स्थान मिले अवशेषों के आधार पर बसाहट भी रही होगी। अभी यहां आदिवासी लोग निवास करते हैं। यहां दोनों नवरात्रि पर्व भक्तों द्वारा ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए जाते हैं। दूर से आने वाले लोग नवरात्रि पर्व में ठहरने के लिए मचान बना रखे हैं।

# फागुन माह में मेला-मड़ई संग देवी-देवता पूजन

आस्था: कुलदीप सिंह

धमतरी जिला रायपुर से कांकेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मरकाटोला घाट से तीन कि मी दूरी पर घने जंगल के बीच कंकालीन देवी विराजित हैं। इस माता की स्थापना को सैकड़ों वर्ष पहले का बताया जाता है। स्थापना काल में माता के प्रांगण में शेर, चीते जैसे जंगली जानवरों का वास रहता था, जो भक्तों को कभी हानि नहीं पहुंचाए। मान्यता है कि आसाध्य रोगी माता के दरबार में आने से स्वस्थ हो जाते हैं। मान्यता यह भी है कि फाल्गुन माह में होलिका की आग को यह देवी अपने अन्य आश्रित देवों के साथ के साथ खेलती हैं।





इस देवी के सहायक के रूप में बैहा देवी हमेशा विराजमान रहती हैं। ऐसी भी धारणा है कि इसी स्थान पर किसी समय एक भक्त मां काली की आराधना में तपस्यारत था, जिसे मां काली की कृपा से सिद्धि प्राप्त हुई थी। माता की सेवा में लीन रहते यह भक्त देवत्व को प्राप्त हुआ। प्रारंभिक समय से ही देवी स्थल बलि नहीं दी जाती। माता के इस स्थल को साधना स्थली माना जाता है। इस देवी के स्थापना वाले ग्राम से लगा हुआ एक तुम्ब नामक झरना है, जो बारह महीने झरता है। यहीं से चरण स्पर्श करते हुए एक धारा देवरानी जेठानी के नाम से प्रवाहित होती है जो आगे चल कर खारुन नदी के रूप में दुर्ग जिले के मध्य की भूमि को हरियाली बांटती हुई शिवनाथ नदी में मिल जाती है। नदी का जल प्रवाह निरन्तर बारह महीने होता रहता है। इसी नदी के किनारे महादेव मंदिर घाट रायपुर में फागुन पूर्णिमा को विशाल मेला भरता है। इसी तरह फागुन कृष्ण तेरस को दुर्ग तहसील के रानीतराई के समीप कौही ग्राम में विशेष धार्मिक कार्यक्रमों के साथ लोग शिवरात्रि मेले का आनंद लेते हैं।



पर्यटन: डी पी देशमुख

# कभी नहीं सूखता राम झरना का जल स्रोत



सरगुजा जिला मुख्यालय से लगभग 50 कि मी दूर सीतापुर में आम्रकुंज और प्राकृतिक दृश्य काफी मनमोहक है। चारों ओर जंगल होने के कारण किसी भी मौसम में यहां हरियाली देखी जाती है। इस स्थल को तपोभूमि कहा जाता है क्योंकि देवी देवताओं के अनेक प्रमाण और प्राचीन कलात्मक मंदिर देखने को मिलते हैं। यह भी माना जाता है कि राम वन गमन के समय यहां ऋषि मुनियों से भेंट कर विश्राम भी किए थे। इसी स्थल पर भूपदेव स्टेशन के पास राम झरना है। यह झरना पहाड़ी के ऊपर से नीचे गिरती है यह दृश्य देखने में बहुत सुंदर लगता है। मान्यता है कि भगवान श्रीराम ने इस झरने पर स्नान किए थे इस कारण झरने का नाम राम झरना रखा गया। इस झरने की मुख्य विशेषता है कि यह वर्ष भर पानी का स्त्रोत बराबर बना रहता है कभी सूखता नहीं है। दूर दूर से पर्यटक प्रकृति का आनंद लेने यहां पहुंचते रहते हैं। इस रमणीय स्थल को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा रहा है।

सुरता

प्रेम सागर कश्यप

## कला और साहित्य जगत में अपनी प्रतिभा से पहचान बनाने वालों में : लक्ष्मण दास महंत

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर अंचल अंतर्गत जिला जांजगीर के ग्राम घिवरा में लोक कवि के रूप में विख्यात लक्ष्मण दास महंत का जन्म हुआ था। साहित्य के साथ संगीत में आपकी विशेष रुचि थी, आपको चिकारा वादन का मास्टर कहा जाता था। इसके साथ ही तबला, हारमोनियम और ढोलक वादन भी आप करते थे। कई नाचा पार्टियों में आपने काम किए। आपके कार्यक्रम को देख कर बैरिस्टर छेदीलाल, राजेंद्र कुमार, लाला साहेब, इंद्रजीत सिंह, भास्कर सिंह और ठाकुर गोलन सिंह जैसे नामी हस्तियां भी सराहना करते थे। आपके स्वरचित गीतों का प्रसारण आकाशवाणी रायपुर, नागपुर, और इंदौर केंद्रों से भी होती थी। आपकी प्रसिद्धि इतनी अधिक थी, कि आपको सन 1955 में सोवियत संघ के प्रधानमंत्री बुलगानिन और कम्युनिस्ट पार्टी के प्रथम सचिव खुशचेव के दिल्ली आगमन पर उनके सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देने के लिए आमंत्रित किया गया था। आपके गायन और वादन से प्रभावित होकर तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने आपको पुरस्कृत भी किए थे। राजा महाराज रियासत से जुड़े लोग भी आपके गायन और वादन को सुनने के लिए आपको आमंत्रित करते रहते थे। आप छत्तीसगढ़ ही नहीं अन्य राज्यों में भी अपनी प्रस्तुति देते रहते थे जिसमें उड़ीसा के संबलपुर और बलांगीर राजघराने भी गए। आप हिन्दी और छत्तीसगढ़ी दोनों में लेखन करते थे। आपके 56 रचनाओं की रिकॉर्डिंग हुई है। आप प्रकृति सहित जीवन के हर पहलुओं को अपनी रचना में स्थान दिया है। उनकी एक रचना की बानगी -



चार दिन म सुखा फेर, चार दिन म गिरय पानी।
चार दिन के बाला पन, चार दिन जवानी।

आपकी एक भी कृति प्रकाशित नहीं हो पाई थी। इस विलक्षण प्रतिभा के धनी का 42 वर्ष की अल्प आयु में 15 अगस्त 1962 को मृत्यु हो गई।

ऐतिहासिक

डा. रमेंद्रनाथ मिश्र

# छत्तीसगढ़ नामकरण का रोचक इतिहास

सन 1114 के एक शिलालेख में ' लाढ़ा दक्षिण कोसलार्थ खिमड़ी लांजीका ट्रैप कोसलार्थ ' से भी दक्षिण कोसल का नाम स्पष्ट होता है। इस पर प्रयागदत्त शुक्ल के अनुसार 36 गढ़ होने के कारण नाम छत्तीसगढ़ पड़ा। सन 1487 में खैरागढ़ के चारण कवि ने लिखा है -
लक्ष्मी विधि राय सुनो चित्त दे, गढ़ छत्तीसगढ़ के न गढ़ैया रही।
मरदमी रही नहीं मरदन के, फेर हिम्मत से लड़इया रही।
सन 1689 में रतनपुर के मैथिल कवि गोपाल मिश्र ने खूब तमाशा में एवं 150 वर्ष बाद बाबू रेवाराम कायस्थ ने विक्रम विलास में इसका खूब प्रयोग किया।

-----------------------------
-----------------------------

लाल पद्युमन सिंह ने महाकौशल को ही छत्तीसगढ़ माना है। अकबर युगीन ग्रंथों में रतनपुर राज्य का उल्लेख मिलता है, संभवतः छत्तीसगढ़ की राजधानी होने के कारण तद्युगीन दरबार के लेखकों ने इसका प्रयोग किया हो। चौदहवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में रतनपुर राज्य दो भागों में बंट गया। रतनपुर और रायपुर राज्य में 18-18 गढ़ थे। शिवनाथ और महानदी प्रायः सीमा रेखा थी। इस प्रकार गढ़ों के आधार पर छत्तीसगढ़ नामकरण हुआ। यद्यपि गढ़ों की संख्या में घट बढ़ समय समय पर होता रहा। रतनपुर - मणिपुर राज्य नाम लुप्त हो गया। शासकीय आधार पर छत्तीसगढ़ नामकरण का प्रस्ताव 1795 में ब्लंट ने रखा था, जिसने छत्तीसगढ़ की यात्रा की थी। 1818 तक रायपुर प्रशासन का केन्द्र बिंदु बन गया, तथा रतनपुर का प्राचीन वैभव खंडहरों में खो गया। जे रोजर वांस इग्नू ने 1820 में सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ प्रॉविंस/ सूबा पर अपनी रिपोर्ट तैयार की। जेकिंस ने 1827 में छत्तीसगढ़ के जमींदारों के बारे में प्रतिवेदन दिया। कालांतर में पूर्णरूपेण अंग्रेजी राज्य स्थापित होने पर 1854-55 में इलियट ने इस क्षेत्र का भ्रमण कर प्रतिवेदन तैयार किया। वस्तुतः छत्तीसगढ़ नाम मध्य युग की देन है। प्रशासनिक दृष्टि से मराठों एवं अंग्रेजों ने बाद में इसे स्पष्ट किया। प लोचन प्रसाद पाण्डेय, बाबू प्यारे लाल गुप्त,राय बहादुर हीरालाल, बेगलर जैसे अनेक मूर्धन्य इतिहासकारों ने अपने अपने निष्कर्ष राज्य के नामकरण पर दिए। इनमें प्रायः सभी की सहमति लगभग एक जैसे ही रही। छत्तीस वर्षों तक छत्तीसगढ़ राज्य आंदोलन से संबद्ध रहा। अंत में राज्य का नाम कोसलांचल और राज्य रखने की बात आई। अंत में वैधानिकता के कारण जो विधेयक छत्तीसगढ़ राज्य के नाम से पारित किया गया वह हमें स्वीकार्य रहा-

सुग्घर सुग्घर सुख समाए हे, इहां के जुन्ना परिपाटी म।
महानदी के घाटी म, अऊ छत्तीसगढ़ के माटी म।



## बजट बाद वेबिनार को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा

# भारत को भरोसेमंद साझेदार के रूप में देख रही दुनिया, इसका लाभ उठाए उद्योग जगत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को भारतीय उद्योग जगत से ऐसे समय में वैश्विक अवसरों का लाभ लेने के लिए 'बड़े कदम' उठाने का आह्वान किया, जब दुनिया भारत को एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देख रही है। उन्होंने कहा कि सरकार विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए दो मिशन शुरू करेगी।

- सरकार विनिर्माण व निर्यात को बढ़ावा देने दो मिशन शुरू करेगी

नियामकीय, निवेश और कारोबारी सुगमता के सुधारों पर बजट-बाद वेबिनार को संबोधित करते हुए मोदी ने उद्योग जगत से ऐसे नए उत्पादों की पहचान करने को कहा, जिनका विनिर्माण देश में किया जा सके और वैश्विक मांग को पूरा किया जा सके।






### उद्योगों को अपनी भूमिका तलाशनी होगी

मोदी ने उद्योग जगत से कहा, "हमारा देश ये करने में सक्षम है, आप सभी (उद्योग जगत) सक्षम हैं, ये हमारे लिए बहुत बड़ा अवसर है। मैं चाहता हूं कि हमारा उद्योग जगत दुनिया की इन अपेक्षाओं को सिर्फ दर्शक बनकर न देखे। हम दर्शक बनकर नहीं रह सकते, आपको इसमें अपनी भूमिका तलाशनी होगी, आपको अपने लिए अवसर तलाशने होंगे।"

### ऋण वितरण के नए तरीके विकसित करने पर बल

प्रधानमंत्री ने देशभर में छह करोड़ से अधिक सूक्ष्म, लघु और मझोली इकाइयों को समय पर और कम लागत वाले धन तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए ऋण वितरण के नए तरीके विकसित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि पहली बार उद्यम शुरू कर रही पांच लाख महिलाओं, अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के उद्यमियों को दो करोड़ रुपये तक का कर्ज दिया जाएगा।

### वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए भारत वृद्धि का इंजन

मोदी ने कहा, "आज भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए वृद्धि का इंजन है। भारत ने कठिन समय में भी अपनी जुझारू क्षमता साबित की है... आज हर देश भारत के साथ अपनी आर्थिक साझेदारी को मजबूत करना चाहता है। हमारे विनिर्माण क्षेत्र को इस साझेदारी का लाभ उठाना चाहिए।"

### विनिर्माण व निर्यात के लिए नए रास्ते खुले

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की निरंतरता और सुधारों के प्रति भरोसे के कारण उद्योग जगत को नया आत्मविश्वास मिला है। मोदी ने कहा, "मैं विनिर्माण और निर्यात क्षेत्र के हितधारकों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि आने वाले वर्षों में भी यह जारी रहेगा। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि आप आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें और बड़े कदम उठाएं। देश के विनिर्माण और निर्यात क्षेत्र के लिए नए रास्ते खुले हैं।"

### एमएसएमई को मार्गदर्शन की जरूरत

प्रधानमंत्री ने कहा कि एमएसएमई को न केवल कर्ज, बल्कि मार्गदर्शन की भी जरूरत है। उन्होंने सुझाव दिया कि उद्योगों को उनके समर्थन के लिए मार्गदर्शन कार्यक्रम शुरू करने चाहिए। मोदी ने कहा कि किसी भी देश की प्रगति के लिए स्थिर नीति और बेहतर कारोबारी माहौल महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकार ने केंद्र और राज्य स्तर पर 40,000 से अधिक अनुपालन समाप्त कर दिए हैं और जन विश्वास 2.0 विधेयक पर काम कर रही है।

## भारतीय स्टार्टअप ने फरवरी में 1.65 अरब डॉलर जुटाए




**नई दिल्ली।** भारतीय स्टार्टअप ने फरवरी में 8.32 करोड़ डॉलर के औसत मूल्यांकन पर कुल 1.65 अरब डॉलर (लगभग 14,418 करोड़ रुपये) का वित्तपोषण जुटाया। ट्रैक्सन के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आंकड़ों से पता चलता है कि इससे चालू वित्त वर्ष (2024-25) में फरवरी में कुल वित्तपोषण 2,200 चरण में 25.4 अरब डॉलर हो गया है। फरवरी का आंकड़ा जनवरी में कुल वित्तपोषण 1.38 अरब डॉलर से 19.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। सालाना आधार पर, जुटाई गई कुल धनराशि फरवरी, 2024 में प्राप्त 2.06 अरब डॉलर से कम थी। देश की स्टार्टअप राजधानी बेंगलुरु में उद्यमियों ने 35.3 करोड़ डॉलर का कोष हासिल किया, जिसका औसत चरण आकार 20 लाख डॉलर था। मुंबई में कुल 10.2 करोड़ डॉलर का वित्तपोषम हुआ, लेकिन औसत चरण आकार 50 लाख डॉलर रहा। फरवरी में वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी ऑक्सीजो ने सबसे ज्यादा वित्तपोषम जुटाया, जिसने पारंपरिक ऋण में 100 करोड़ रुपये जुटाए।

**GOVERNMENT OF CHHATTISGARH,**
**WATER RESOURCES DEPARTMENT**
**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER**
**MAHANADI PROJECT, RAIPUR (CHHATTISGARH)**

**e-PROCUREMENT TENDER NOTICE eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(1st Call) (CORRIGENDUM NO. 1)**

In Tender System No. 164162 NIT No. 07/SAC/2024-25 Dated 10.01.2025 G.No. 242505309 The following amendments are given beblow due to Model Code of Conduct after Ammouncement of Local Body and three Phase Panchayat Election 2025.

| | Amendments |
|---|---|
| 1 | Amendment regarding Clause 2.1.6 (Disqualification) of form -"B" as per Govt. of C.G. WRD, Raipur Order No. 466/F-7-7/S-2/31/2001, Nava Raipur, Date 27.01.2025 & Order No. 795/F-7-7/S-2/31/2001, Nava Raipur Date 21.02.2025 |
| 2 | Bid Due Date and time : 10.03.2025, 17:30 Hours. (The last date & time for submission of bid response, after which no bids can be submitted). |
| 3 | Bid Open Start Date and time: 11.03.2025, 11:30 Hours. (The Date of opening of Envelope – A & B online). |

**Note:-** Detailed Amendment in can be viewed on the website https://eproc.cgstate.gov.in Probable Amount of Contract (P.A.C.) is as per S.O.R. 01.08.2010 (As Amendments 22.08.2022). All other terms and conditions shall remain unchanged.

**Executive Engineer**
**M.R.P. Dam Division No. 2, Rudri**
**For, Chief Engineer,**
**Mahanadi Project, Raipur (C.G.)**

**G.- 242505702/2**

कार्यालय जिला पंचायत बेमेतरा अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन "बिहान" मे रिक्त पदों की पूर्ति किये जाने हेतु विज्ञापन क. 695/ दिनांक 03/03/2025 के माध्यम से इच्छुक पात्र अभ्यर्थियों से दिनांक 24.03.2025 तक आवेदन आमंत्रित किये गये है। विज्ञापन की विस्तृत जानकारी जिला प्रशासन बेमेतरा के वेबसाइट www.bemetara.gov.in, छ.ग.रा.ग्रा.आ.मि. की वेबसाइट www.bihan.gov.in से अवलोकन / डाउनलोड किया जा सकता है।

**संवाद- 43097**

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

**मुख्य कार्यालय- साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)**
**कोरबा जोन**

फा.क्र./ 212, 213 एवं 214 / निर्माण (कोरबा जोन) / 2025/
कोरबा, दिनांक 28.02.2025

**निविदा आमंत्रण की सूचना**

लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु मैन्युअल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर मुहरबंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित की जाती है:-

1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि- 21.03.2025 सायंकाल 3:00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि- 21.03.2025 सायंकाल 4:30 बजे

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि रू. में |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 06 स्थित गीतांजली भवन के द्वितीय तल क्षेत्र का मरम्मत कार्य। (मरम्मत एवं संधारण मद) | 3,94,000/- | 4,000/- |
| 2 | वार्ड क्र. 06 स्थित गीतांजली भवन के बाहरी दीवाल (साईड वाल) तथा पीछे की दीवाल (बस स्टैण्ड तरफ) का मरम्मत एवं पुताई कार्य। (मरम्मत एवं संधारण मद) | 3,96,000/- | 4,000/- |
| 3 | वार्ड क्र. 10 संजय नगर उपस्वास्थ्य केन्द्र से सामुदायिक भवन के पीछे तक नाली एवं सी. सी. रोड निर्माण। (अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण निधि) | 10,00,000/- | 7,500/- |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट Website : www.korbamunicipal.in एवं www.uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

**।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।।**

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम कोरबा (छ.ग.)**

## वाहन कलपुर्जा निर्यात 100 अरब होने की उम्मीद : रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** भारत के वाहन कलपुर्जा उद्योग को अगले सात-आठ साल में 100 अरब डॉलर के निर्यात की उम्मीद है। एक अध्ययन रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप की रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 में देश का वाहन कलपुर्जा निर्यात 21.2 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो वित्त वर्ष 2018-19 में 2.5 अरब डॉलर के घाटे में था। वाहन कलपुर्जा कंपनियों के संगठन एक्मा के सहयोग से तैयार इस रिपोर्ट में निर्यात के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने के लिए एक व्यापक, बहुआयामी रणनीति पेश की गई है। भारतीय वाहन कलपुर्जा विनिर्माता संघ (एक्मा) की अध्यक्ष श्रद्धा सूरी मारवाह ने कहा, "हमने न केवल सकारात्मक व्यापार संतुलन हासिल किया है।

- वित्त वर्ष 2023-24 में देश का वाहन कलपुर्जा निर्यात 21.2 अरब डॉलर रहा

### भारतीय कंपनियों को निर्यात बढ़ाना होगा

मारवाह ने कहा, "हम इस वृद्धि चक्र को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं और अगले सात-आठ वर्षों में निर्यात में 100 अरब डॉलर का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है।" एक्मा के महानिदेशक विन्नी मेहता ने कहा कि इस अवसर का पूरा लाभ उठाने के लिए प्रमुख भारतीय कंपनियों को अपना निर्यात पांच से 10 गुना बढ़ाने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में गहरी पैठ हासिल करने का लक्ष्य रखना चाहिए।

## सरकार ने रिलायंस की इकाई पर लगाया जुर्माना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




सरकार ने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की एक इकाई पर बैटरी सेल संयंत्र स्थापित करने की समयसीमा को पूरा करने में विफल रहने के लिए जुर्माना लगाया है। इसके लिए उसे उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन दिए गए थे।

कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रिलायंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी अनुषंगी कंपनी रिलायंस न्यू एनर्जी बैटरी स्टोरेज लिमिटेड को तीन मार्च को भारी उद्योग मंत्रालय से एक पत्र मिला, जिसमें एक जनवरी, 2025 से प्रत्येक दिन की देरी के लिए प्रदर्शन सुरक्षा (50 करोड़ रुपये) की 0.1 प्रतिशत की दर से क्षतिपूर्ति वसूलने का निर्देश दिया गया है। इसमें कहा गया है कि यह जुर्माना उन्नत रसायन सेल के लिए प्रदर्शन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना के तहत प्रदान की गई पांच गीगावाट घंटा विनिर्माण क्षमता के संबंध में मंत्रालय के साथ निष्पादित कार्यक्रम समझौते के तहत माइलस्टोन-1 को हासिल करने में देरी के लिए लगाया गया है। तीन मार्च, 2025 तक की गणना के अनुसार यह क्षतिपूर्ति या जुर्माना 3.1 करोड़ रुपये था। आरएनईबीएसएल ने उक्त माइलस्टोन-1 की के लिए समय बढ़ाने का अनुरोध किया है। हालांकि, फर्म ने न तो देरी के कारणों का और न ही लक्ष्य को पूरा करने की नई समयसीमा का खुलासा किया। आरएनईबीएसएल ने 2022 में लगभग 40 करोड़ डॉलर के लिए उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) के साथ 10 गीगावाट-घंटा बैटरी क्षमता बनाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। यह अनुबंध भारत में विकसित एक नवीन ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला के लिए घरेलू विनिर्माण प्राप्त करने की सरकारी पहल का हिस्सा था।

### इन कंपनियों ने जीती थी बोलियां

आरएनईबीएसएल के अलावा, राजेश एक्सपोर्ट्स और ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड की इकाई ने भी बैटरी सेल संयंत्र बनाने के लिए बोलियां जीती थीं। विनिर्माता इस परियोजना के लिए लक्ष्य पूरा करने पर 181 करोड़ रुपये के उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन के लिए पात्र थे, जिसका उद्देश्य उन्नत रसायन सेल बैटरी भंडारण की संचयी 30 गीगावाट घंटा क्षमता का निर्माण करना था। सरकार ने अपने क्षेत्र के पास स्थित गैस ब्लॉक से प्राकृतिक गैस के उत्पादन और बिक्री से हुए लाभ पर रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और उसकी साझेदार फर्म बीपी पर 2.81 अरब डॉलर (लगभग 24,500 करोड़ रुपये) की मांग का नोटिस भेजा है।

## सुजलॉन एनर्जी को जिंदल रिन्यूएबल्स से मिला ऑर्डर



**नई दिल्ली।** नवीकरणीय ऊर्जा समाधान प्रदाता सुजलॉन ने मंगलवार को कहा कि उसे जिंदल रिन्यूएबल्स से 204.75 मेगावाट पवन ऊर्जा का ऑर्डर मिला है। नया ऑर्डर जिंदल रिन्यूएबल्स की अनुषंगी कंपनी जिंदल ग्रीन विंड-1 प्राइवेट लिमिटेड से मिला है। कंपनी ने बयान में कहा कि सुजलॉन 65 अत्याधुनिक एस144 पवन टर्बाइन जनरेटर (डब्ल्यूटीजी) की आपूर्ति करेगा, जिसमें हाइब्रिड लैटाइस टावर्स (एचएलटी) होंगे।

## छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग

**नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)**

क्रमांक/7147/12/विज्ञापन / 2024 — **संक्षिप्त विज्ञापन** — नवा रायपुर, दिनांक : 03/03/2025

(1) छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के अंतर्गत "सहायक संचालक उद्योग/प्रबंधक" के 30 रिक्त पदों की पूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करने के लिए विज्ञापन क्रमांक 01/2025/परीक्षा/दिनांक 03/03/2025 जारी किए गए हैं, जो छत्तीसगढ़ संवाद के समाचार पत्र "रोजगार और नियोजन" के अंक दिनांक 05/03/2025 में विज्ञापन एवं अन्य जानकारी प्रकाशित है। उक्त विज्ञापन में दर्शित शर्तों के अनुसार रिक्त पदों, जिसका विवरण नीचे की तालिका में दर्शित है, के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:-

| क्रं. | पद का नाम | कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या | | | | कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में से केवल छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी महिलाओं के लिए आरक्षित पद | | | | कुल रिक्तियों में से छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी नि:शुक्तजनों के लिए आरक्षित पद | योग | वेतन मैट्रिक्स |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित | अजा | अजजा | अपिव | अनारक्षित | अजा | अजजा | अपिव | | | |
| 1 | सहायक संचालक उद्योग/प्रबंधक | 13 | 4 | 9 | 4 | 3 | 1 | 2 | 1 | 1 (HH) | 30 | 56100 (स्तर 12) |

Abbreviations used :- HH - Hearing Handicapped

(2) विज्ञापित पदों की आवश्यक अर्हताएं, आयु सीमा, शुल्क, निर्देश, परीक्षा योजना, पाठ्यक्रम आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी "रोजगार और नियोजन" के अंक दिनांक 05/03/2025 में देखे जा सकते हैं।

(3) उपर्युक्त पद हेतु आवेदकों की अर्हता निर्धारण के लिए उच्चतर आयु एवं आयु में छूट की गणना की निर्धारित तिथि 1 जनवरी 2025 है, जिसके संदर्भ में ही आयु की गणना की जाएगी।

(4) ऑनलाइन आवेदन दिनांक 10/03/2025 मध्यान्ह 12:00 बजे से दिनांक 08/04/2025 रात्रि 11:59 बजे तक किया जा सकता है। (5) आयोग के वेब-साईट www.psc.cg.gov.in में भी विज्ञापन एवं विस्तृत जानकारी देखी जा सकती है।

(6) आवेदक, उपरोक्त पदों हेतु आयोग के विज्ञापन क्र. 01/2025/परीक्षा/दिनांक 03/03/2025 में उल्लेखित कंडिकाओं के अनुसार ही ऑनलाइन आवेदन करें।

(7) रोजगार और नियोजन का उक्त अंक छत्तीसगढ़ संवाद के निम्न पते से भी प्राप्त किया जा सकता है:- संपादक, रोजगार और नियोजन, छत्तीसगढ़ संवाद, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, अटल नगर, नवा रायपुर, छत्तीसगढ़ दूरभाष 0771-2512567.

**सही /-**
**सचिव, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग,**
**नवा रायपुर अटल नगर**

**जी-242505719/2**

## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग कोटा, जिला - बिलासपुर (छ.ग.)

**शुद्धि पत्र क्र. 1**

निविदा सूचना क्र. 26/व.ले.लि. / 2024-25, कोटा, दिनांक 15.01.2025, निविदा सिस्टम नं. 164316 (प्रथम आमंत्रण), जी नम्बर - 242505382 में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है-

| S.No. | Amendments |
|---|---|
| 1 | Clause 2.1.6 of Form- "B" as per Govt. of C.G. WRD, Raipur Order No. 466/F-7-7/S-2/31/2001, Nava Raipur, Date 27.01.2025. |
| 2 | Bid Start date & time 03.03.2025 at 17:31 Hours. |
| 3 | Online Tenders are invited up to 17.03.2025, 17:30 Hour |
| 4 | Bid Open Date and Time 18.03.2025 at 11:30 Hours. |

निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग कोटा (छ.ग.)**
**कृते - मुख्य अभियंता**
**हसदेव कछार, जल संसाधन विभाग**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**जी. 242505695/2**

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, हसदेव बरॉज जल प्रबंध संभाग, रामपुर/कोरबा जिला-कोरबा (छ.ग.)

दूरभाष क्रमांक (कार्यालय) 07759-221052 फैक्स क्रमांक 07759-221014 ईमेल eebwmkora.cgwnd.in

**निरस्तीकरण सूचना**

| स. क्र. | कार्य का नाम | निविदा सूचना क्रमांक | सिस्टम नम्बर | पुराना प्रकाशन नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 01 | करमा वितरक नहर के प्रोटेक्शन वर्क बैंक राईजिंग एवं सी.सी. लाईनिंग का निर्माण कार्य। | 07/व.ले.लि. दिनांक 21.02.2024 | 153078 | Old G.N. 07987/1 |
| 02 | खैरभवना वितरक नहर के प्रोटेक्शन वर्क बैंक राईजिंग एवं सी.सी. लाईनिंग का निर्माण कार्य। | 07/व.ले.लि. दिनांक 21.02.2024 | 153079 | Old G.N. 07987/1 |
| 03 | तरदा वितरक नहर के प्रोटेक्शन वर्क बैंक राईजिंग एवं सी.सी. लाईनिंग का निर्माण कार्य। | 07/ व.ले.लि. दिनांक 21.02.2024 | 153080 | Old G.N. 07987/1 |
| 04 | हसदेव आर.डी. 14000 मी. से 25000 मी. तक सी.सी. लाईनिंग एवं सुधार एवं मरम्मत कार्य। | 04/व.ले.लि. दिनांक 06.12.2024 | 162307 | Old G.N. 242504491/3 |
| 05 | हसदेव आर.डी. 1300 मी. से 2300 मी के क्षतिग्रस्त के सी.सी. लाईनिंग का निर्माण कार्य। | 04/व.ले.लि. 2024-25 दिनांक 06.12.2024 | 162309 | Old G.N. 242504491/3 |
| 06 | सिचाई कालोनी दर्री कोरबा के सेप्टिक टैंक नाली एवं पुलिया का मरम्मत एवं जीर्णोद्वार कार्य। | 02/व.ले.लि. 2024-25 दिनांक 09.10.2024 | 159523 | Old G.N. 242503089/3 |

उपरोक्त निविदाओं को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।
सहपत्र-एक प्रपत्र

**कार्यपालन अभियंता**
**हसदेव बराज जल प्रबंध संभाग**
**रामपुर/कोरबा**

**जी.-242505712/4**

## अरामको का मुनाफा 2024 में 12 प्रतिशत घटा

**दुबई।** सऊदी अरब की सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज तेल कंपनी अरामको का मुनाफा 2024 में 12 प्रतिशत घटकर 106.25 अरब डॉलर रहा। रियाद के तदावुल शेयर बाजार को दी सूचना में औपचारिक रूप से सऊदी अरब ऑयल कंपनी के रूप में पहचानी जाने वाली तेल कंपनी की आमदनी 2024 में 436 अरब डॉलर थी। अरामको ने 2023 में 121 अरब डॉलर का वार्षिक लाभ दर्ज किया, जो कम ऊर्जा कीमतों के कारण 2022 के मुनाफे से कम है।

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर जोन क्रमांक – 06 अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड 3 फ्लोर, रावणभाठा, रायपुर (छ.ग.)

**E-Mail ID rmczone6@gmail.com**

क्रमांक 119 / जोन क्र. 06/न.पा.नि./ 2024-25 — रायपुर, दिनांक 04/03/2025

**3rd Call रूचि की अभिव्यक्ति**

नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 06, रायपुर अंतर्गत शहीद पंकज विक्रम वार्ड क्र. 58 अंतर्गत नरैया तालाब स्थित उद्यान में वेंडिंग जोन निर्माण एवं संचालन कार्य करने हेतु इच्छुक लोक निर्माण विभाग, छ.ग. शासन (पी.डब्ल्यू.डी.) में पंजीकृत ठेकेदार से रूचि की अभिव्यक्ति (E.O.I.) मैनुअल पद्धति से दिनांक 20/03/2025 को शाम 5:00 बजे तक स्पीड पोस्ट / भारतीय डॉक के माध्यम से नगर पालिक निगम, जोन क्र. 06, रायपुर के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है। दिनांक 21/03/2025 को कार्यालयीन समय 11:00 बजे रूचि की अभिव्यक्तिकर्ता ठेकेदार की उपस्थिति में दस्तावेज लिफाफा खोलने की कार्यवाही की जावेगी।

आवेदन के साथ आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर के नाम से राशि रू. 1,00,000/- का F. D. R. प्रस्तुत करना होगा। नियम एवं शर्तों से संबंधित विस्तृत जानकारी नगर निगम रायपुर के वेवसाईड Nagarnigamproject.in/Tender एवं जोन क्रमांक 06 कार्यालय में कार्यालयीन अवधि एवं दिवस में प्राप्त की जा सकती है। प्री-बीड मिटिंग दिनांक 12/03/2025 को 12:00 बजे जोन आयुक्त कक्ष, जोन क्र. 06 कार्यालय भवन में आयोजित है।

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें

**जोन कमिश्नर**
**जोन क्रमांक 06**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

**GOVERNMENT OF CHHATTISGARH,**
**WATER RESOURCES DEPARTMENT**
**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER MAHANADI PROJECT, RAIPUR (CHHATTISGARH)**

**e-PROCUREMENT TENDER NOTICE**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(First Call)**
**System Tender No. 164536/ NIT No.: 10/SAC/24-25**
**Dated: 03.03.2025**

Online Tenders are invited for the following work up to 24.03.2025 at 17.30 Hours.

**Name of work:** Repair and Maintenance Work of Ten Nos. H Type, Eight Nos. G Type Quarter & Road and Roof Repairing of Water Resources Colony, Balodabazar under Mahanadi Project.

**Probable Amount of Contract: Rs. 235.39 Lakhs**
(As per S.O.R dated 01.08.2010 and amended upto dated 22.08.2022).

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal **(https://eproc.cgstate.gov.in)** from **Date 10.03.2025, at 17.31 Hours.** (IST) onwards.

**NOTE:-** All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e- procurement portal **(https://eproc.cgstate.gov.in)** and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/ Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process.

**Executive Engineer**
**Water Management Division No. 2, Balodabazar**
**For, Chief Engineer,**
**Mahanadi Project Raipur (C.G.)**

**G.- 242505700/5**

## Nava Raipur Atal Nagar Vikas Pradhikaran

**Paryavas Bhawan, North Block, Sector-19, Nava Raipur Atal Nagar, Raipur-492 002, Chhattisgarh.**
**Tel No: +91 771 2512500; Fax No.: +91 771 2512400. Website: www.navaraipuratalnagar.com**

**Notice Inviting Tender (2nd Call)**

Nava Raipur Atal Nagar, Dated: 03/03/2025.

Online Tenders are invited for "Allotment of Various Plots of Different Land Uses at Nava Raipur Atal Nagar'. Details of the projects are as below:

| S. No. | System Tender No. | Notice Inviting Tender No. | Location of Project | Plot Area (In Sq. Mt approx.) | Reserved Land Premium (INR/ Sq. Mt.) | EMD (INR Lakhs) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 165334 | 2250/R-26/PRJ/ NRANVP/2024 | Mixed use (Flatted), Plot- LI/S7/15, Sector - 07 | 11,997.407 (2.964 Acre) | 7,634.00 | 100.00 |
| 2 | 165346 | 2251/R-01/PRJ/ NRANVP/2025 | Commercial Plot, Plot - LI/S30/C2, Sector - 30 | 1,337.7500 (0.33 Acre) | 9,467.00 | 13.00 |
| 3 | 165347 | 2252/R-26/PRJ/ NRANVP/2024 | Residential (Plotted) Plot LI/S25/PIV/C, Sector - 25 | 26,963.500 (6.662 Acre) | 7,500.00 | 210.00 |
| 4 | 165348 | 2253/R-26/PRJ/ NRANVP/2024 | Residential (Plotted) Plot - LI/S25/PIV/F, Sector - 25 | 39,104.981 (9.663 Acre) | 7,500.00 | 300.00 |
| 5 | 165349 | 2254/R-26/PRJ/ NRANVP/2024 | Residential (Plotted) Plot LI/S11/1, Sector - 11 | 49,482.963 (12.22 Acre) | 7,083.00 | 360.00 |
| 6 | 165350 | 2255/R-26/PRJ/ NRANVP/2024 | Residential (Plotted), Plot-19, Sector - 07 | 28,503.7 (7.043 Acre) | 7,500.00 | 220.00 |

Tenderers shall download tender from e-Procurement website. The tender processing fee is INR. 5,900/- only (Including GST) per tender.

* Date and Time of Pre-bid meeting at 12:00 PM on 12th March 2025
* • Last Date for Online submission of Tender - up to 03:00 PM on or before 26th March 2025
* Last Date for Hard copy Submission of Technical Bid - up to 03:00 PM on or before 27th March 2025
* Opening of Technical Bid after 03.30 PM on 27th March 2025

The details of tender and terms & conditions are available on the e-Procurement website **https://eproc.cgstate.gov.in**
Any amendment/modification in the tender documents, will only be uploaded on the e-Procurement website and shall not be published in any newspaper.

**Note:** If the date of Hard copy submission falls on public holiday, then the next working day shall be considered.
**(Approved by CEO)**

**Manager (Estate)**
**NRANVP, Nava Raipur Atal Nagar**

**S.- 43105**

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### सीडी कांड में...

ही इसका खुलासा हो पाएगा। सीबीआई के विशेष कोर्ट में मंगलवार को इस मामले में सुनवाई हुई। इस सुनवाई में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उनके सलाहकार रहे विनोद वर्मा, कैलाश मुरारका सहित अन्य अभियुक्त भी पेश हुए। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के वकील मनीष दत्त ने कहा कि भूपेश बघेल को इस मामले में फंसाया जा रहा है। सीडी बनवाने और बंटवाने में उनका कोई हाथ नहीं है। सुनवाई के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री और विनोद वर्मा का बयान भी लिए गए। बचाव पक्ष की दलीले सुनने के बाद कोर्ट ने इस मामले में भूपेश बघेल के खिलाफ सीबीआई द्वारा दायर की गई चार्जशीट में कोई ऐसा ठोस सबूत पेश नहीं किया गया, जिसे आधार मानकर कोर्ट उनके खिलाफ मुकदमा चला सके। कोर्ट ने इस मामले में बघेल पर सीबीआई द्वारा लगाई गई सभी धाराओं को शून्य घोषित करते हुए उन्हें बाइज्जत बरी कर दिया है।

कथित सेक्स सीडी कांड में इससे पूर्व 25 फरवरी को सुनवाई हुई थी। इस सुनवाई के दौरान पहली बार इस मामले में अभियुक्त बनाए गए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विनोद वर्मा, कैलाश मुरारका, विजय पांड्या, विजय भाटिया पेश हुए थे। इस सुनवाई के दौरान सीबीआई के वकील की ओर से अपना पक्ष रखा गया था। इस दौरान वकील ने आरोप लगाया था कि कथित सेक्स सीडी को बनवाने और बंटवाने में अभियुक्तों की संलिप्तता रही है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्ष 2017 में मानस साहू ने सीडी को बाम्बे में 95 हजार रुपए में मॉर्फ किया था। इसके लिए रकम का ऑनलाइन लेनदेन भी हुआ था। वकील ने कोर्ट में इस पूरे तथ्यों के एविडेंस भी होने की बात कही है। ये तथ्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण में कैद है। सीबीआई की ओर से वकील द्वारा दी गई दलीलों पर कोर्ट में बहस रखी गई थी। बचाव पक्ष की ओर से वकील मनीष दत्त ने दलील देते हुए कहा कि इस मामले में बघेल को फंसाया जा रहा है, जबकि उन्होंने न ही सीडी बनवाई है और न ही बांटी है। उन्होंने कहा कि बघेल ने किसी तरह का कोई अपराध नहीं किया है।

### गांव में त्योहार...

को नक्सलियों ने मौका देख मौत के घाट उतार दिया। चिंतागुफा थाना में मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

**हिंसा से हिंसा बढ़ेगा, यह गलत : कुंजाम-**
नक्सलियों द्वारा किए गए इस हत्या पर पूर्व विधायक मनीष कुंजाम ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि हिंसा से हिंसा और बढ़ेगा। जो लोग भी हत्या किए वे खुद भी सोचें की किसकी हत्या की है। बिना सच्चाई जाने इस प्रकार की हत्याओं से जनता उनके खिलाफ हो रही है। ये जो लड़के कर रहे हैं, उनको ये भी नहीं मालूम है कि उनका सिद्धांत क्या है, मार्क्स व माओ ने क्या कहा। हिंसा पर उतारू हैं, मेरे ससुर को मैं जानता था, वे वैसे नहीं थे, जैसा आरोप लगाया जा रहा है।

### कोंटा एरिया कमेटी...

लगाया गया है। नक्सलियों ने गांव छोड़कर गए अन्य ग्रामों के लोग जो आंध्र तेलंगाना में बसे है वे क्षेत्र की परिस्थितियों में बदलाव देख तथा सड़क मार्ग बनने कैंप खुलने के बाद वापस लौट रहे ग्रामीणों को भी धमकी दी है।

### छग, दिल्ली समेत...

की 50 गाड़ियों का काफिला बाराती के रूप में पांच बड़े कारोबारियों के आवास और व्यवसायिक परिसर पर पहुंचा। सतना में आयकर विभाग के अधिकारियों ने एक साथ पांच बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर छापा मारा है। आयकर विभाग की टीम सुबह करीब 6 बजे 50 से ज्यादा गाड़ियों से इनके ठिकानों पर पहुंची। अफसर रामा ग्रुप के रामकुमार, सुरेश कुमार और नरेश गोयल, सेनानी ग्रुप के सुनील सेनानी, सिविल कॉन्ट्रेक्टर अतुल मेहरोत्रा, फ्लोर मिल मालिक संतोष गुप्ता और हुंडी कारोबारी व रिसॉर्ट मालिक सीताराम अग्रवाल उर्फ रामू के यहां सर्चिंग में जुटे हैं। रामा ग्रुप टिम्बर और लोहा कारोबार से जुड़ा है। वहीं, सिविल कॉन्ट्रेक्टर अतुल मेहरोत्रा की महरोत्रा बिल्डकॉन कंपनी मास्टर प्लान और इंडस्ट्रियल एरिया में काम करती है। सीताराम अग्रवाल के गोशाला चौक स्थित घर पर जब आयकर विभाग की टीम पहुंची तो उन्होंने दरवाजे बंद कर लिए। ऐसे में अफसर सीढ़ी लगाकर छत के सहारे घर में घुसे। यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले बिहार में भी आयकर विभाग ने इसी अंदाज में छापेमारी की थी। आयकर विभाग की टीम ने 30 गाड़ियों के साथ छापेमारी की थी। वाहनों पर शादी के स्टिकर लगे हुए थे।

**देर रात तक जारी रही कार्रवाई-**
सतना में मेहरोत्रा बिल्डकॉन के घर और कार्यालय, हुंडी दलाल रामु अग्रवाल के घर और होटल, संतोष गुप्ता की मिल, सुनील सेनानी बंधु के विट्स कॉलेज एवं पान मसाला दुकान, रामकुमार और सीताराम अग्रवाल के घर, टाल और प्लाई फैक्ट्री सहित कई जगह एक साथ कार्रवाई देर रात तक जारी रही। माना जा रहा है कि ये रीवा संभाग में इनकम टैक्स विभाग की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। एक साथ इतने कारोबारियों पर कभी कार्रवाई नहीं हुई।

**इन शहरों में आईटी की कार्रवाई-**
दरअसल, इनकम टैक्स को जानकारी मिली थी कि इन कारोबारियों ने अरबों रुपए के आयकर बचाया है। कार्यवाही के दौरान कारोबारियों के आय व्यय के महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जांच की गई है। इस संबंध में सतना के अलावा जबलपुर, जगदलपुर, रायपुर, दिल्ली और उत्तराखंड के रुद्रपुर में में भी कार्रवाई की गई।

**उत्तराखंड पहुंची दो टीमें-**
उत्तराखंड के रुद्रपुर के सिडकुल स्थित रामा पैनल्स कंपनी पर इनकम टैक्स विभाग की टीम ने छापेमारी की है। इस दौरान इनकम टैक्स विभाग की टीम दो गाड़ियों में पहुंची और कंपनी के दस्तावेजों की छानबीन की। बताया जा रहा है कि टीम की जांच-पड़ताल अभी जारी है। खबरों की मानें तो यह मामला करोड़ों रुपए के टैक्स चोरी से जुड़ा हो सकता है। बता दें कि रामा पैनल्स कंपनी सेक्टर 9 में स्थित है, जहां लकड़ी की प्लाई बनाने का कारोबार होता है। छापे के दौरान कंपनी के गेट से अंदर जाने पर मनाही थी और कंपनी प्रबंधन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है।

### बिल्डर श्याम सोमानी...

जगदलपुर आईटी को भनक तक लगने नहीं दी गई, जिससे पता लगता है कि टैक्स चोरी का बड़ा मामला जांच के बाद सामने आ सकता है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक आईटी की टीम मंगलवार को जगदलपुर व रायपुर के तीन कारोबारियों के ऑफिस, फैक्ट्री समेत दर्जनभर ठिकानों में छापेमारी की। जगदलपुर में बस्तर चैंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष बिल्डर श्याम सोमानी के बीएमएस हाउस के अलावा रायपुर के रामा स्टील व रामा उद्योग ग्रुप में टैक्स चोरी की शिकायत के बाद रेड कार्रवाई की है।

**पूर्व में सराफा व्यवसायी के घर पर आईटी की रेड-**
जगदलपुर में इससे पूर्व सराफा व्यवसायी के घर पर छापा मारकर कार्रवाई की गई थी। करीब साल भर पहले आईटी रायपुर की टीम ने पारस ज्वेलरी शॉप व घर में आय से अधिक संपति होने की शिकायत के बाद कार्रवाई की थी। इसी दौरान खनिज विभाग के उप संचालक एमएस नाग के घर पर एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रेड कार्रवाई की थी।

### भारत माला घोटाला...

हुए सक्षम प्राधिकारी भू-अर्जन के रूप में काम कर रहे थे। इस समय वे आयुक्त नगर निगम जगदलपुर के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। उन्हे निलंबित करने के बाद उनका मुख्यालय कार्यालय आयुक्त बस्तर संभाग तय किया गया है।

### तकनीकी सुधार बिना...

अब राज्य ने इस पोर्टल को आनन-फानन में सोमवार को बंद कर दिया।

**पांच साल में 38 हजार 883 सीटें घटी-** राज्य में आरटीई की सीटें बड़ी तेजी से घटाई जा रही है। पिछले पांच सालों में प्रदेशभर के निजी स्कूलों की 45 प्रतिशत सीटें घट गई है। पिछले साल वर्ष 2024-25 में 54 हजार 668 सीटें थी। वर्ष 2025.26 शैक्षणिक सत्र यानी इस साल 44 हजार 173 हो गई है। इस तरह 10 हजार 495 सीटें घट गई है। वहीं पांच सालों में वर्ष 2022- 23 में 2 हजार 157 सीटें कम की गई। वर्ष 2023-24 में सबसे ज्यादा 25 हजार 583 और वर्ष 2024-.25 में 598 और वर्ष 2025-26 में 10 हजार 495 सीटें घटी है। इस तरह पांच सालों में 38 हजार 883 सीटें घट गई है।

### इन गड़बड़ियों को...

राशनकार्ड से दाखिले हुए हैं। शुरूआती जांच में 10 पालकों ने फर्जी अंत्योदय राशनकार्ड लगाकर गरीब बच्चों की सीटें हथियाई इसकी पुष्टि भी हुई। शिक्षा सत्र 2024-25 में अंत्योदय राशनकार्ड के आधार पर 850 बच्चों का दाखिला दिया गया है। जिसकी जांच और कार्रवाई नहीं हो पाई। नियम के तहत ऐसे बच्चों के पालकों के पास दुर्बल वर्ग का सर्टिफिकेट होना अनिवार्य है।

**तीसरा-** आरटीई में दाखिले के लिए रसूखदार पालकों ने साजिश की। एक मुखिया का दो.दो राशनकार्ड आवेदन के साथ जमा हुए। जिसमें राशनकार्ड का नंबर तो एक था लेकिन पता अलग.अलग रखा गया था। राशनकार्डों में मुखिया के फोटो भी दोनों कार्ड में अलग.अलग लगवाए जिससे कि पकड़ में नहीं आए कि राशनकार्ड एक ही व्यक्ति का है। कई राशनकार्ड खाद्य विभाग के पोर्टल में भी दर्ज नहीं थे।

**चौथा-** आरटीई में 140 बच्चे ऐसे हैं, जिन्होंने किरायानामा देकर दाखिला लिया। सर्वे सूची 2011 को मान्य कर प्रवेश दिया गया है, जबकि शासन द्वारा यह सर्वे सूची ही अनुमोदित ही नहीं है। आरटीई में गड़बड़ी पहले चरण की लाटरी से ही शुरू हो गई। इस चरण में एक तो एक बच्चे को तीन-तीन स्कूल आबंटित कर दिए गए। दूसरे चरण की लाटरी में भी यह गड़बड़ी नहीं थमी। दूसरे चरण की लाटरी में उन्ही बच्चों को फिर से प्रवेश दे दिया गया जो पहले चरण की लाटरी में तीन.तीन स्कूल आबंटन में थे।

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुन: लगा दें।

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** गिरीश ट्रेडर्स दुकान में काम करने के लिए लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है पता- नरेश बाजार के बगल में तेलीपारा बिलासपुर सम्पर्क करें- 9300111207 **(37030)**

**आवश्यकता है-** शादी भवन में साफ सफाई हेतु कर्मचारियों की आवश्यकता है परिवार वाले को प्राथमिकता (रहने की सुविधा फ्री) सम्पर्क- हरिअमृत मैरिज रिसोर्ट सीपत मेनरोड मोपका बिलासपुर 9827114005 मिलनें का समय- सुबह 9:30 से 2 एवं शाम 4 से 6 **(37035)**

**आवश्यकता है-** फिनाईल फैक्ट्री में कार्य करने हेतु लड़कों आवश्यकता है रहने की सुविधा एवं अन्य सुविधा संपर्क करें डे कैमिकल इण्डस्ट्रीज बिलासपुर मो. 8319781220, 98930 13099 **(37027)**

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य हेतु मेहनती युवक, युवतियों की आवश्यकता है अनुभवी को योग्य वेतन व प्राथमिकता, नये भी सम्पर्क करें- शुभम पार्टी शॉप ICICI बैंक के सामने तेलीपारा बिलासपुर 8359999140 **(37032)**

**आवश्यकता है-** होलसेल सर्जिकल शॉप में काम करने हेतु लड़के, लड़कियों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर, सेल्समैन, वर्कर, ड्राइवर की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- श्री साईं गुरु सर्जिको बिलासपुर 07752-403024, 9827165932 **(37033)**

**आवश्यकता है-** कंस्ट्रक्शन ऑफिस काम करने हेतु लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- प्रगति कंस्ट्रक्शन सीता देवी पेट्रोल पम्प के सामने शिवम अस्पताल के पास, सीपत रोड मोपका बिलासपुर 9827979016, 95227 69593, 7225906399 **(37029)**

**आवश्यकता है-** कैटरिंग सर्विस में कार्य करने हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर, फील्ड मार्केटिंग एवं वर्कर की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें साई कैटरिंग सर्विस, जबड़ापारा सरकंडा, बिलासपुर 93298 03725 **(37016)**

**आवश्यकता है-** OMI कम्पनी में लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है योग्यता 10वीं से ग्रेजुएट, उम्र 18 से 28, आय 8500 से 18000+ रहना खाना सम्पर्क करें- न्यू बस स्टैण्ड, बिलासपुर 88188 77406, 9644433021 **(37031)**

**आवश्यकता है-** टेलीकॉलिंग, फोटोशॉप, कम्प्यूटर ऑपरेटर लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है योग्यता 12वीं से स्नातकोत्तर, वेतन 7000 से 9000 सम्पर्क करें- पब्लिशिंग नूतन चौक सरकंडा बिलासपुर 7974794530 **(37022)**

**आवश्यकता है-** कपड़ा दुकान में काम करने हेतु यंग लड़कों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- नेमा कम्पनी सिटी कोतवाली के सामने बिलासपुर 7898958865 **(37023)**

**आवश्यकता है-** तीन साल के बच्चे का समस्त कार्य करने हेतु बिलासपुर में एक लड़की/ महिला की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9826307980, 86980 67737 **(37021)**

**आवश्यकता है-** मेंस वेयर (रेडीमेड शॉप) में काम करने के लिए लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- शगुन मेंस वेयर सिम्स के सामने सदर बाजार रोड बिलासपुर **(36995)**

**आवश्यकता है-** सर्जिकल ऑफिस में कार्य हेतु लड़को (बाइक अनिवार्य) समान छोड़ने, लाने हेतु योग्यता 10वीं, 12वीं, टैली/ डेटा एंट्री ऑपरेटर की जरूरत है संपर्क- श्री विनायक सेल्स ए/158 अज्ञेय नगर बिलासपुर 98933 67787 **(3345)**

**Required-** English medium passout Teacher's required Chemistry XI, XII, S.st, English IX, X, 2-3 hour job. Salary 10k-15k Winner's Academy Tuition classes in rajkishor nagar Bilaspur Wats app your resume 8839746460 **(37020)**

**आवश्यकता है-** बच्चा संभालने हेतु एवं घर कार्य हेतु 24 घंटे की बाई चाहिये। रहना एवं खाना दिया जाएगा। स्थानः तेलीबांधा रायपुर सम्पर्क करे 9575042814 **(3341)**

**आवश्यकता है-** बिलासपुर के प्रतिष्ठित अस्पताल एवं औद्योगिक संस्थानों हेतु भारी मात्रा में सुरक्षा गार्ड की आवश्यकता है अपने मूल दस्तावेजों सहित सम्पर्क करें- F3, अम्बे प्लाजा, फर्स्ट फ्लोर, PNB बैंक के ऊपर हाईटेक बस स्टैण्ड के सामने तिफरा बिलासपुर 89627 97916, 9981614171 **(37034)**

**Required-** Teachers Wanted postgraduate & graduate trained teachers for the following Subjects Mathematics Physics Chemistry, Biology, Accountancy, Eligible & interested candidates can submit their resume with photo to the principal Nav Jagriti higher Sec. School (English Medium) Block Road, Takhat-pur Dist- Bilaspur (C.G.) before 22nd March 2025 **(37026)**

**आवश्यकता है-** सीए आफिस में काम करने हेतु चपरासी (प्यून) की आवश्यकता है सम्पर्क करें- शाम 4 से 8बजे तक पलाश पमनानी एंड एसोसिएट्स सिन्ध ऑटो स्टोर्स के पास गांधी चौक बिलासपुर **(37007)**

**आवश्यकता है-** छत्तीसगढ़ स्टेशनरी एवं बुक डिपो में कार्य करने हेतु मेहनती, ईमानदार लड़कों की शीघ्र आवश्यकता है ग्रामीण युवकों को प्राथमिकता सम्पर्क करें- छत्तीसगढ़ स्टेशनरी एवं बुक डिपो मोपका 9098159968 **(37014)**

**आवश्यकता है-** बेलियाटा द फैमिली सैलून में कार्य करने हेतु अनुभवी हेयर स्टाइलिस्ट, हेयर ड्रेसर की आवश्यकता है 4साल कार्य अनुभव अनिवार्य है सम्पर्क करें- सरकण्डा, मंगला चौक, भारतीय नगर चौक, बिलासपुर 99071 67890, 9753339324, 6261084748 **(37005)**

**आवश्यकता है-** किताब दुकान में काम करने हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- सुबह 11बजे से शाम 5बजे तक विवेक बुक डिपो गुरुद्वारा के पास मेन रोड, दयालबंद बिलासपुर 9893378899 **(37010)**

**आवश्यकता है-** टेलीकॉलिंग हेतु लड़कियों, महिलाओं की आवश्यकता है योग्यता 10वीं पास सैलरी+ कमीशन+ बोनस सम्पर्क करें- अग्रसेन चौक के पास लिंक रोड बिलासपुर 9691077324, 62614 23967 **(706)**

**आवश्यकता है-** पार्ट्स दुकान में काम करने हेतु युवक, युवती चाहिए कार्य समय सुबह 10बजे से 7:30 बजे सम्पर्क करें- दोपहर 1बजे से शाम 5बजे तक जी.बी. ऑटो, इंदू चौक बिलासपुर 93003 33371 **(37008)**

**आवश्यकता है-** व्यापार विहार स्थित हॉटल श्रीश्याम इंटरनेशनल में अनुभवी जनरल मैनेजर एवं तिफरा सब्जी मंडी ऑफिस में कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क करें- 9893599044 (सुबह 10 से 1 एवं शाम 5 से 7) **(37009)**

**आवश्यकता है-** इडली, दोसा दुकान में कार्य हेतु अनुभवी मिस्त्री की आवश्यकता है (कार्य समय सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक) सम्पर्क करें- राजीव गांधी चौक जरहाभाठा बिलासपुर 9098859081, 6265338482 **(37000)**

**आवश्यकता है-** फैक्ट्री होटल हेतु सुपरवाइजर, सुरक्षागार्ड, लेडीगार्ड, मार्केटिंग अधिकारी योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर गार्ड ऊंचाई 5'7" वेतन 12000 से 15000 सम्पर्क-Alert SGS Private Limited, 434, चतुर्थ तल, प्रोग्रेसिव पॉइंट लालपुर रायपुर 77460 00016, 8720005500 **(3160)**

**आवश्यकता है-** इलेक्ट्रीकल दुकान में डाटा एंट्री, एकाउंटिंग एवं सेल्स कार्य हेतु लड़कियों एवं लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- सूरज इलेक्ट्रीकल्स C-21, नेताजी कॉम्प्लेक्स मन्दिर चौक, जरहाभाठा बिलासपुर 93015 86381, 9827181236 **(37011)**

**आवश्यकता है-** कॉलोनी में सुरक्षागार्ड हेतु योग्य व्यक्तियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार इच्छुक सम्पर्क करें- सुबह 10 से 3बजे तक रामा वैली आवासीय सहकारी समिति कार्यालय, प्रथम तल ऑफिस नं.-3 शॉपिंग काम्प्लेक्स बोदरी बिलासपुर 8827283767 **(36994)**

**आवश्यकता है-** इंग्लिश मीडियम स्कूल में हेडमिस्ट्रेस, शिक्षिकाएं एवं महिना प्यून चाहिए। बीएड/ डीएलएड, कम्प्यूटर अनुभवी, स्पोकन इंग्लिश वालों को प्राथमिकता पता- भारत भारती विद्या मंदिर, कस्तूरबा नगर, बिलासपुर 9300654801 (व्हाट्सएप) 7489885833 **(36996)**

**आवश्यकता है-** वर्षा फैशन में काम करने हेतु अनुभवी सेल्समैन, सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- वर्षा फैशन, शॉप नं.-62, नरेश बाजार काम्पलेक्स, तेलीपारा रोड, बिलालपुर 98270 96909, 7223056909 **(36998)**

**आवश्यकता है-** ज्वैलरी शोरूम में कार्य करने के लिए लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- हॉटल अजीत के बगल में तेलीपारा, बिलासपुर 8839666481, 9827170615 **(36999)**

**आवश्यकता है-** ढाबा में काम करने हेतु वेटर, तन्दूर मास्टर हेड मिस्त्री, हेल्पर, बर्तन धोने वाले की आवश्यकता है सम्पर्क करें- नया हाईकोर्ट के पास रायपुर रोड बिलासपुर 7000942962, 90989 76666 **(37003)**

**आवश्यकता है-** कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है एक्सपीरियंस, टैली के नॉलेज के साथ बेसिक जानकारी भी हो सम्पर्क करें- एक्सपर्ट सिक्योरिटी सर्विस, साईं धाम, जेजे हॉस्पिटल के पास, तोरवा बिलासपुर 8253010291 **(36951)**

**आवश्यकता है-** बॉयज हॉस्टल में झाड़ू पोछा टॉयलेट क्लीनिंग कार क्लीनिंग के लिए मेहनती आदमी की आवश्यकता है रहने की सुविधा 9 से 5 तक ड्यूटी वेतन 9000/- से योग्यता अनुसार दयालबंद बिलासपुर 98279 21223, 9827959907 **(3349)**

**आवश्यकता है-** अंजनी बिल्डकॉन में ऑफिस, मार्केटिंग व सुपरवाइजर कार्य हेतु लड़के/ लड़कियां, टैली कॉलर हेतु लड़कियां/ महिला की आवश्यकता है, संपर्कः- निखिल टॉवर शॉप न. 27 सीपत मेन रोड मोपका 6261962696, 98272 09827 **(3347)**

**आवश्यकता है-** कपड़े के शोरूम में कार्य करने के लिए दो अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 11000 तक सम्पर्क करेंः- रूपवर्षा,गोल बाजार सिटी कोतवाली के सामने बिलासपुर 9827163669 **(37013)**

**आवश्यकता है-** सीमेंट मार्केटिंग एवं बिजनेस बढ़ाने हेतु अनुभवी सेल्समैन की आवश्यकता है न्यूनतम अनुभव 3वर्ष, आकर्षक वेतन योग्यता अनुसार। शीघ्र सम्पर्क करें- मीनाक्षी सेल्स, पुराना हाईकोर्ट के सामने, बिलासपुर 9754002100 **(36865)**

**आवश्यकता है-** घर पर रहकर हमारे घर में घरेलू काम करने के लिए लड़का या लड़की की आवश्यकता है सम्पर्क करें- गुरुद्वारा के बाजू में गोड़पारा बिलासपुर 96692 11111, 9827175811 **(36984)**

**आवश्यकता है-** हॉस्पिटल में कार्य करने हेतु नर्स (BSc नर्सिंग) टेक्नीशियन, कम्प्यूटर ऑपरेटर मार्केटिंग स्टाफ की आवश्यकता है सम्पर्क करें- शाम 5 से 7बजे तक सांईबाबा हॉस्पिटल रिंग रोड नं.-2 बिलासपुर 9827150429 **(36949)**

**आवश्यकता है-** नौकरी ही नौकरी तहसील स्तरीय भर्ती पद संख्या 975 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली सिपाही ड्राइवर वेतन 27500+52400 तक आवेदन करने के लिए आधार कार्ड मार्कशीट पैन कार्ड व्हाट्सएप करे 7460994309 **(716)**

**आवश्यकता है-** ट्रेक्टर ट्राली, वाटर टेंकर एवं अन्य कृषि उपकरण बनाने हेतु अनुभवी मिस्त्री या ठेकेदार की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 98276 83510, 9827892413 **(37012)**

**आवश्यकता है-** टेलीकालिंग ऑफिस कार्य हेतु महिलाएं युवतियां चाहिए योग्यता 10वीं 12वीं स्नातक समय 9 से शाम 5, सैलरी 5000 से 15000 सम्पर्क करें-स्मार्ट रोड नेहरु नगर गणेश चौक बिलासपुर 7049274510 **(1380)**

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

## किराया

**किराया-** VR Plaza Link Road में First Floor में 250 वर्गफुट शानदार आफिस किराये से देना है सम्पर्क करें- 7412933333 **(36987)**

## किराया से देना है

**किराया-** सिरगिट्टी स्थित इण्डस्ट्री में मंथली बेसिस पर 3 टन, 12 टन क्षमता वाली गाड़ियां किराए पर चाहिए भाड़ा प्रति किलोमीटर के आधार पर इच्छुक वाहन मालिक सम्पर्क करें- 9302668010 **(37036)**

## बेचना है

**बेचना है-** नेहरू नगर प्राईम लोकेशन अर्चना विहार के पास दो मंजिला 3BHK स्वतंत्र पूर्व दिशा मकान एवं सकरी NH से लगा T&C कालोनी में प्लाट एवं 2BHK नवनिर्मित स्वतंत्र मकान बेचना है। सम्पर्क- घोष एसोसिएट्स 9425220523, 9827875257 **(36967)**

**बेचना है-** उसलापुर स्टेशन के सामने जहां पर स्टेशन बनना है 22×50= 1100 वर्गफीट के दो डायवर्टेड प्लाट बेचना है फ्रेंड्स गुप्ता कॉलोनी से लगे हुए इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें- 7610798489 **(37025)**

**बेचना है-** बिलासपुर में गोकुल धाम में सर्व सुविधा युक्त 2BHK, 25×40= 1000 वर्ग फीट में बना हुआ नव निर्मित मकान 28 लाख रुपए में बेचना है सम्पर्क करें- 9340252857 **(36988)**

**बेचना है-** डायवर्टेड प्लॉट 30×58 मेन रोड ऊपर मटियारी, बेलतरा चौक, सीपत रोड में बाउंड्री वॉल किया हुआ शीघ्र बेचना है सम्पर्क करें- 9425545552 **(37006)**

**बेचना है-** रायपुर रोड, हाईकोर्ट के सामने, मेन रोड से 50 मीटर अन्दर न्यू एयरपोर्ट रोड, बोदरी में 50×200= 10000 वर्गफीट व्यवसायिक डायवर्सन बाउन्ड्री वाल सहित प्लाट बेचना है। सम्पर्क करें-9300310774 **(36975)**

**बेचना है-** बिलासपुर में सर्व सुविधा युक्त T&C कॉलोनी में 4BHK मकान बेचना है केवल खरीददार ही सम्पर्क करें- 9617881169, 96697 15765 **(37004)**




## फायनेंस

**फायनेंस-** जनधन लोन आधारकार्ड से पर्सनल, बिजनेस, प्रॉपर्टी, लेबर कार्ड, इश्रम कार्ड, मार्कशीट, कृषि पर 100000/- से 500000/- तक 2% ब्याज, 50% छूट संपर्क 7042858951 **(3346)**

**फायनेंस-** जनधन लोन आधारकार्ड से पर्सनल, बिजनेस, प्रॉपर्टी, लेबर कार्ड, इश्रम कार्ड मार्कशीट, कृषि पर 100000/- से 500000/- तक 2% ब्याज, 50% छूट संपर्क 7042858951 **(3348)**

## व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं 30000 से 50000 प्रति माह कमाएं आटो मेटिक मशीन द्वारा दोना पत्तल डिस्पोजल बनायें कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट सम्पर्क करें-APS इंटरप्राईजेस रायपुर- 9111760925, 7477221345, बिलासपुर- 8359913999, 95892 88936 रायगढ़, अंबिकापुर 7869755871 **(3194)**

**सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें**
- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:-मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

# स्टंप पर लगी गेंद फिर भी नॉटआउट, गिल को कैच पर मिली चेतावनी, रोहित के नाम शर्मनाक रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| दुबई

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 अपने अंतिम पड़ाव पर है। मंगलवार को चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ और रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम के बीच मुकाबला हुआ। इस दौरान पहली पारी में कुछ ऐसे क्षण भी आए जब स्टेडियम में बवाल मच गया। इस दौरान गेंद के स्टंप में लगने के बावजूद बल्लेबाज नॉट आउट रहा वहीं शुभमन गिल को कैच लेने के तरीके पर चेतावनी मिली। इधर, भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा के नाम एक शर्मनॉक रिकॉर्ड दर्ज हो गया।



### स्टंप पर लगी गेंद फिर क्यों नहीं आउट हुआ बल्लेबाज

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान स्टीव स्मिथ को शुरुआत में ही बड़ा जीवनदान मिला। दरअसल, गेंद उनकी स्टंप से टकराने के बावजूद बैल नहीं गिरी। यह देखकर भारतीय खिलाड़ी हैरान नजर आये। स्मिथ अक्षर पटेल के खिलाफ डिफेंस करने का प्रयास करते हुए आउट होने से बच गए। गेंद उनकी पैड पर एज लगकर बॉल स्टम्प्स पर जा लगी लेकिन गिल्ली नहीं गिरी। आईसीसी के नियमों के अनुसार, यदि गेंद स्टंप पर लगती है और बैल नहीं गिरती है तो ऐसे में बल्लेबाज को आउट नहीं दिया जाता है।

### रोहित लगातार 11वीं बार वनडे टॉस हारे

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा के नाम एक शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हो गया क्योंकि वे लगातार 11वीं बार वनडे अंतरराष्ट्रीय मैच में टॉस हार गए। रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल के दौरान टॉस हार गए। भारत का वनडे मैचों में टॉस हारने का सिलसिला अब 14 तक पहुंच गया है, जिसकी शुरुआत 19 नवंबर को वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले से हुई थी।

### लगातार टॉस हारने का रिकॉर्ड

12- ब्रायन लारा
(वेस्ट इंडीज, अक्टूबर 1998 से मई 1999)
11- पीटर बोरेन
(नीदरलैंड, मार्च 2011 से अगस्त 2013)
11- रोहित शर्मा
(भारत, नवम्बर 2023 से मार्च 2025)




### जडेजा ने पकड़ा बल्लेबाज को, मचा बवाल

दूसरी ओर रवींद्र जडेजा की एक हरकत के कारण भी मैच में बवाल देखने को मिला। रवींद्र जडेजा ने अपनी ही एक गेंद पर रन लेने की कोशिश कर रहे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को पकड़ लिया। रवींद्र जडेजा की इस हरकत को देखकर कप्तान स्टीव स्मिथ बेहद निराश नजर आये। पारी के 21वें ओवर में रवींद्र जडेजा की गेंद पर यह घटना देखने को मिली। रवींद्र जडेजा को मैदानी अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ के साथ चर्चा करते देखा गया।

### हेड के कैच के बाद शुभमन को अंपायर ने समझाया

चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल मैच में शुभमन गिल ने लॉन्ग-ऑफ पर ट्रेविस हेड का कैच पकड़कर भारत को महत्वपूर्ण सफलता दिलाई। हालांकि, इस कैच के बाद अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ ने गिल से गेंद छोड़ने के तुरंत बाद उनकी पकड़ को लेकर बातचीत की और चेतावनी दी। एमसीसी के नियम 33.3 के अनुसार, जब गेंद पहली बार फील्डर के संपर्क में आती है, तब कैच शुरू होता है। इसके बाद कैच तभी माना जाता है जब फील्डर गेंद और अपनी मूवमेंट पर पूरा कंट्रोल बनाए रखता है। हालांकि, इस कंट्रोल को बनाए रखने के बारे में ऐसी कोई आधिकारिक समय-सीमा निर्धारित नहीं है।

### गिल ने कैच पकड़कर तुरंत गेंद छोड़ी

दरअसल गिल ने कैच पकड़ने के बाद गेंद को तुरंत छोड़ दिया। इस पर अंपायर ने गिल से बात की और उन्हें चेतावनी दी कि उन्होंने गेंद को जल्दी छोड़ दिया था। गिल ने अंपायर की बात पर सिर हिलाया। हालांकि, कई लोगों का मानना है कि लीगल कैच के लिए गेंद पर दो से तीन सेकंड तक कंट्रोल बनाए रखना चाहिए। गिल का कैच भारत के लिए एक अहम मोड़ साबित हुआ, जिससे टीम को शुरुआती बढ़त मिली।

## चैंपियंस ट्रॉफी 2025: विराट ने खेली 84 रनों की शानदार पारी

# भारत ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया लगातार तीसरी बार फाइनल में किया प्रवेश

एजेंसी ▶▶| दुबई

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के पहले सेमीफाइनल में भारतीय क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम को 4 विकेट से हराते हुए फाइनल में प्रवेश किया है। दुबई में हुए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने पहले खेलते हुए सभी विकेट खोकर 264 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने विराट कोहली (84) और श्रेयस अय्यर (45) की पारियों की मदद से 49वें ओवर में लक्ष्य हासिल किया।

### इस तरह का रहा रोचक मुकाबला

कूपर कोनोली (0) के जल्दी आउट होने के बाद ट्रेविस हेड ने 39 रन बनाकर पारी को स्थिरता दी। इसके बाद कप्तान स्टीव स्मिथ (73) और एलेक्स केरी (61) ने अर्धशतक लगाते हुए टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में भारत ने शुभमन गिल (8) और रोहित शर्मा (28) के विकेट जल्दी खो दिए। इसके बाद कोहली और अय्यर ने अच्छी पारियां खेलीं। अंत में केएल राहुल (42*) और हार्दिक पांड्या (28) ने टीम को जीत दिलाई।

### स्मिथ ने अपने वनडे करियर का 35वां अर्धशतक लगाया

ऑस्ट्रेलिया को 4 रन के स्कोर पर सलामी बल्लेबाज कूपर कोनोली (0) के रूप में पहला झटका लग गया था। इसके बाद आए स्मिथ ने ट्रेविस हेड (39) के साथ दूसरे विकेट के लिए 50, मार्नस लाबुशेन (29) के साथ तीसरे विकेट के लिए 56 और केरी के साथ 5वें विकेट के लिए 54 रन की साझेदारी निभाई। स्मिथ 96 गेंदों में 4 चौके और 1 छक्के की मदद से 73 रन बनाकर मोहम्मद शमी का शिकार बने।



विराट कोहली
प्लेयर ऑफ द मैच
84 रन
98 गेंद
05 चौके

### बड़ी पारी खेलने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई कप्तान बने स्मिथ

स्मिथ के नाम अब चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान द्वारा बनाया गया (72 रन) दूसरा सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है। वह केवल रिकी पोंटिंग से पीछे हैं, जिन्होंने 2009 चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ शानदार शतक (111*) लगाया था। स्मिथ चैंपियंस ट्रॉफी में टीम की अगुआई करते हुए शतक लगाने वाले 7वें खिलाड़ी बन सकते थे। आईसीसी नॉकआउट मैचों (वनडे) में उनके 5 स्कोर, 50 से अधिक रनों के किए हैं।

### दूसरे सर्वाधिक कैच लेने वाले खिलाड़ी बने कोहली

कोहली ने आज मैच में 2 कैच पकड़े। इसके साथ ही वह वनडे क्रिकेट में दूसरे सर्वाधिक कैच लेने वाले खिलाड़ी बन गए। कोहली के वनडे क्रिकेट में 301 मैचों में कुल 161 कैच हो गए हैं। उन्होंने इस मामले में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 375 वनडे में 160 कैच लिए थे। इस सूची में पूर्व श्रीलंकाई कप्तान महेला जयवर्धने पहले पायदान पर हैं, जिन्होंने 448 मैचों में 218 कैच अपने नाम किए थे।

### पूरे किए 8,000 रन

कोहली ने रनों का पीछा करते हुए वनडे क्रिकेट में अपने 8,000 रन पूरे किए। वह सचिन तेंदुलकर (8,720) के बाद यह आंकड़ा छूने वाले विश्व के सिर्फ दूसरे बल्लेबाज बने हैं।

### स्कोर बोर्ड

| आस्ट्रेलिया | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ट्रेविस हेड का गिल बो वरूण | 39 | 33 | 5 | 2 |
| कूपर कोनोली का राहुल बो शमी | 00 | 09 | 0 | 0 |
| स्टीव स्मिथ बो शमी | 73 | 96 | 4 | 1 |
| मार्नस लाबुशेन पगबाधा बो जडेजा | 29 | 36 | 2 | 1 |
| जोश इंगलिस का कोहली बो जडेजा | 11 | 12 | 0 | 0 |
| एलेक्स कैरी रन आउट | 61 | 57 | 8 | 1 |
| ग्लेन मैक्सवेल बो पटेल | 07 | 05 | 0 | 1 |
| बेन इवारशुइस का अय्यर बो वरूण | 19 | 29 | 1 | 1 |
| एडम जम्पा बो पंड्या | 07 | 12 | 0 | 0 |
| नाथन एलिस का कोहली बो शमी | 10 | 07 | 0 | 1 |
| तनवीर संघा नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 7 रन, योग : 49 . 3 ओवर में 264 रन
गेंदबाजी : शमी 10-0-48-3, पंड्या 5.3-40 1, कुलदीप 8 0 44 0, वरूण 10 0 49 2, अक्षर 8 1 43 1, जडेजा 8 1 40 2

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा पगबाधा बो कोनोली | 28 | 29 | 3 | 1 |
| शुभमन गिल बो इवारशुइस | 08 | 11 | 1 | 0 |
| कोहली का इवारशुइस बो जम्पा | 84 | 98 | 5 | 0 |
| श्रेयस अय्यर बो जम्पा | 45 | 62 | 3 | 0 |
| अक्षर पटेल बो एलिस | 27 | 30 | 1 | 1 |
| केएल राहुल नाबाद | 42 | 34 | 2 | 2 |
| हार्दिक पंड्या का मैक्सवेल बो एलिस | 28 | 24 | 1 | 3 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 02 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : तीन रन
योग : 48 . 1 ओवर में छह विकेट पर 267 रन
गेंदबाजी : इवारशुइस 7-0-39-1, एलिस 10-0-49-2, कोनोली 8-0-37-1, जम्पा 10-0-60-2, संघा 6-0-41-0, मैक्सवेल 6.1-0-35-0, हेड 1-0-6-0,

# खिताबी जंग में पहुंचने द.अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच महामुकाबला आज



एजेंसी ▶▶| दुबई

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का दूसरा सेमीफाइनल मैच दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम और न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के बीच आज 5 मार्च बुधवार को खेला जाएगा। कीवी टीम ने अपने ग्रुप चरण के 2 मैच जीतते हुए नॉकआउट में प्रवेश किया। अब मिचेल सेंटनर की कप्तानी में न्यूजीलैंड टीम ये महामुकाबला जीतने की कोशिश करेगी। हालांकि, उनके सामने दक्षिण अफ्रीका की चुनौती आसान नहीं रहने वाली है। दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच होने वाला मैच आज लाहौर के गद्दाफी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे से शुरू होगा।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा रहा है भारी

दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच पहला वनडे मुकाबला साल 1992 में खेला गया था। अब तक दोनों के बीच 73 मुकाबले खेले गए हैं। 42 मैच में दक्षिण अफ्रीका को जीत मिली है और 26 मैच न्यूजीलैंड ने अपने नाम किए हैं। 5 मैच में कोई नतीजा नहीं निकल पाया है। पाकिस्तान के गद्दाफी स्टेडियम में दोनों टीमों के बीच 1 वनडे मुकाबला खेला गया है। इस मैच को कीवी टीम ने अपने नाम किया था।

### इस संयोजन के साथ नजर आ सकती है दक्षिण अफ्रीका

दक्षिण अफ्रीका की गेंदबाजी टूर्नामेंट में कमाल की रही है। टीम के तेज गेंदबाजों ने विपक्षी बल्लेबाजों को काफी परेशानी में डाला है। ऐसे में एक बार फिर दक्षिण अफ्रीका उसी ताकत के साथ मैदान पर उतरेगी। हेनरिक क्लासेन, एडेन मार्करम और डेविड मिलर जैसे बल्लेबाज कभी भी मैच को पलट सकते हैं।

### इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर होंगी नजरें

यंग ने पिछले 10 मुकाबलों में 39.88 की औसत से 319 रन बनाए हैं। विलियमसन के बल्ले से पिछले 6 मैच में 62.4 की औसत से 312 रन निकले हैं। क्लासेन ने पिछले 5 मैच में 83 की औसत के साथ 415 रन बनाए हैं। हेनरी ने पिछले 8 मैच में 22 विकेट झटके हैं। ओ'रूर्के के नाम पिछले 9 मैच में 15 विकेट है। यान्सन ने पिछले 5 मैच में 10 विकेट लिए हैं।

## खबर संक्षेप



### रोनाल्डो के बिना अल-नासेर ने एस्तेघलाल से ड्रॉ खेला

**तेहरान।** दिग्गज खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्ड की गैरमौजूदगी में सऊदी अरब के अल-नासेर ने एएफसी चैंपियंस लीग फुटबॉल मैच में ईरान के एस्तेघलाल के साथ पहले चरण के मैच को गोलरहित ड्रॉ खेला। चालीस साल के रोनाल्डो ने मैनचेस्टर यूनाइटेड और रीयाल मैड्रिड के साथ पांच बार यूएफा चैंपियंस लीग खिताब जीते हैं। इस साल जनवरी में एस्टन विला से अनुबंधित किए गए जॉन डुरान सोमवार को खेले गये मैच में गोल करने के करीब पहुंच कर चूक गये। लीवरपूल के पूर्व स्टार सादियो माने के पास मौके थे लेकिन एस्तेघलल के गोलकीपर सईद होसैन होसैनी ने शानदार खेल से उनके सभी प्रयासों को विफल कर दिया। दोनों टीमों के बीच दूसरे चरण का मैच 11 मार्च को रियाद में होगा, जिसे जीतने वाली टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी। एक अन्य मैच में संयुक्त अरब अमीरात के अल वस्ल को कतर के अल-साद ने गोलरहित बराबरी पर रोका।

### पाकिस्तान के मुख्य कोच बने रहेंगे आकिब जावेद



**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पूर्व तेज गेंदबाज और राष्ट्रीय चयनकर्ता आकिब जावेद को न्यूजीलैंड के सीमित ओवरों के दौरे तक अंतरिम मुख्य कोच बने रहने के लिये कहा है। पीसीबी के एक अधिकारी ने कहा कि चैम्पियंस ट्रॉफी और न्यूजीलैंड दौरे के बीच समय कम होने के कारण आकिब मुख्य कोच बने रहेंगे। उन्होंने कहा पीसीबी ने इस बीच नये मुख्य कोच को तलाशने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पिछले साल पीसीबी ने जैसन गिलेस्पी को टेस्ट और गैरी कर्स्टन को सीमित ओवरों के प्रारूप का कोच बनाया था लेकिन दोनों ने बोर्ड के साथ मसलों का हवाला देकर छह से आठ महीने के भीतर इस्तीफा दे दिया। इसके बाद आकिब को सफेद गेंद की टीम का अंतरिम मुख्य कोच बनाया गया।

### ताइकेमा भारतीय महिला ड्रैग फ्लिकर के साथ काम करेंगे



**नई दिल्ली।** भारत ने 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक तक अल्पकालिक आधार पर राष्ट्रीय महिला हॉकी टीम के ड्रैग फ्लिकर के साथ काम करने के लिए नीदरलैंड के दिग्गज ताइके ताइकेमा से करार किया है। ताइकेमा ने पिछले महीने भुवनेश्वर में भारत के एफआईएच प्रो लीग अभियान से पहले 10 से 16 फरवरी तक सात दिवसीय शिविर में भारतीय खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया था। भारत ने प्रो लीग के घरेलू चरण में इंग्लैंड, जर्मनी, नीदरलैंड और स्पेन के खिलाफ मुकाबला किया था।

## आईपीएल 2025

# बीसीसीआई की मंजूरी बिना कोई टीम मनमर्जी से प्रैक्टिस नहीं कर पाएगी



एजेंसी ▶▶| मुंबई

आईपीएल 2025 की धूम मचने में बस कुछ ही दिन शेष बचे हैं! इस बार टूर्नामेंट की शुरुआत 22 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के धमाकेदार मुकाबले से होगी लेकिन इसके पहले ही बीसीसीआई ने सभी 10 फ्रेंचाइजियों को सख्त निर्देश भेज दिए हैं! अब टीमें फ्लडलाइट्स में कितने घंटे प्रैक्टिस कर सकती हैं? कहां होंगे अभ्यास मैच? कितनी बार साइड विकेट का इस्तेमाल होगा? इन सभी बातों पर बीसीसीआई ने कड़े नियम लागू कर दिए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई ने टीमों को आईपीएल 2025 से पहले प्रैक्टिस को लेकर सख्त हिदायत दी है। आईपीएल 2025 में नए नियमों के साथ टीमें किस तरह अपनी स्ट्रेटेजी बनाएंगी, यह देखना दिलचस्प होगा। अब देखना यह है कि ये नियम किसी टीम के लिए चुनौती साबित होंगे या फिर सबकुछ पहले जैसा ही चलेगा!

### बीसीसीआई क्यों कर रहा है इतनी सख्ती

बीसीसीआई के इन नए नियमों का मकसद आईपीएल के दौरान पिचों की गुणवत्ता बनाए रखना और खिलाड़ियों को संतुलित अभ्यास का मौका देना है। कुछ टीमों के ज्यादा अभ्यास से पिच जल्दी खराब होने का खतरा रहता है, जिससे आईपीएल के दौरान मैचों पर असर पड़ सकता है। इसलिए बीसीसीआई पहले से ही पिचों को बचाने और खेल को संतुलित रखने के लिए ये सख्त नियम लागू कर रहा है।

### नए नियम के तहत अब ऐसे करनी होगी प्रैक्टिस

फ्लड लाइट्स में लिमिटेड प्रैक्टिसः टीमें सिर्फ 7 बार फ्लडलाइट्स के अंदर प्रैक्टिस कर पाएंगी। इसमें भी हर सेशन अधिकतम 3 घंटे का ही होगा। अभ्यास मैच पर सख्तीः इन 7 सेशन्स में से सिर्फ 2 बार अभ्यास मैच खेलने की अनुमति होगी।

# भारत दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा

**नई दिल्ली।** भारत दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी 29 से 31 मार्च तक यहां इंदिरा गांधी स्टेडियम में करेगा जिसमें कुल 16 देश भाग लेंगे। खेल मंत्रालय और योगासन भारत के सहयोग से आयोजित की जा रही इस चैंपियनशिप का उद्देश्य योगासन की समृद्ध विरासत और सांस्कृतिक महत्व को अपनाते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका प्रदर्शन करना है। एशियाई ओलंपिक परिषद, विश्व योगासन, एशियाई योगासन और योगासन इंद्रप्रस्थ द्वारा समर्थित यह कार्यक्रम योगासन को ओलंपिक में शामिल करने की दिशा में खाका तैयार करने में मदद करेगा।



**आयोजन प्राचीन ज्ञान का उत्सव है : मनसुख मांडविया**
खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, " योग की जन्मभूमि भारत को दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी करने का गौरव प्राप्त है। यह आयोजन सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं है। यह हमारे प्राचीन ज्ञान का उत्सव है जो आधुनिक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में विकसित हो रहा है। उन्होंने कहा, " हम योगासन को वैश्विक खेल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह

# आईपीएल के नियम सख्त, ड्रेसिंग रूम में नहीं आ सकेंगे परिवार के सदस्य

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 की शुरुआत 22 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मैच से होनी है। इस टूर्नामेंट के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने कुछ नियम जारी किए हैं। नए नियमों के अनुसार, अब सभी खिलाड़ियों को अपनी टीम बस से ही यात्रा करनी होगी और परिवार के सदस्य खिलाड़ियों के ड्रेसिंग रूम में प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

**टीम बस का ही उपयोग करेंगे खिलाड़ी :** बीसीसीआई के नए नियमों के अनुसार, खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए आते समय टीम बस का उपयोग करना होगा। सभी टीमें 2 बैचों में यात्रा कर सकती हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में इस बारे में एक बैठक हुई जिसके बाद सभी संबंधित टीमों को नियमों में बदलाव के बारे में जानकारी दे दी गई है। बता दें कि प्रबंधकों की बैठक 18 फरवरी को जूम कॉल के माध्यम से हुई।

**परिवार के सदस्यों के लिए सख्त नियमः** नए नियम के अनुसार खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के परिवार के सदस्य, अभ्यास के दिनों में भी ड्रेसिंग रूम में प्रवेश नहीं कर सकते। बता दें कि परिवार के सदस्य मैच के दिनों में भी खिलाड़ियों के ड्रेसिंग रूम में नहीं जा सकते। अभ्यास के दिनों में (टूर्नामेंट से पहले और टूर्नामेंट के दौरान), केवल मान्यता प्राप्त स्टाफ को ही ड्रेसिंग रूम और खेल के मैदान में जाने की अनुमति होगी।

# पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड दौरे की कमान सौंपी सलमान को, बाबर-रिजवान बाहर

एजेंसी ▶▶| लाहौर

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 16 मार्च से शुरू हो रही वनडे और टी-20 सीरीज के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। टी-20 में आघा सलमान को नया कप्तान चुना गया है। इस टीम में बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान नहीं हैं। वनडे टीम में रिजवान की कप्तानी में दल को ऐलान किया गया है। शाहीन अफरीदी वनडे का हिस्सा नहीं हैं।

### टी-20 सीरीज 16 से और वनडे सीरीज 29 मार्च से



### ऐसी है पाकिस्तान की टीम

ऐसी है पाकिस्तान की टी-20 टीमः हसन नवाज, ओमैर यूसुफ, मोहम्मद हारिस, अब्दुल समद, आघा सलमान (कप्तान), इरफान नियाजी, खुशदिल शाह, शादाब खान, अब्बास अफरीदी, जहांदाद खान, मोहम्मद अली, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ, सुफियान मुकीम, अबरार अहमद और उस्मान खान। ऐसी है पाकिस्तान की वनडे टीमः मोहम्मद रिजवान (कप्तान), आघा सलमान, अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, आकिफ जावेद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, इमाम उल हक, खुशदिल शाह, मोहम्मद अली, मोहम्मद वसीम जूनियर, इरफान नियाजी, नसीम शाह, सुफियान मुकीम और तय्यब ताहिर।



चीन का विज्ञान अद्भुत है। चीनी साइंटिस्ट हर दिन कुछ नया करने का चैलेंज देते हैं। सुपरपावर (यूएस) उसे चुनौती मानता है। नकली सूरज बनाना हो या असली चांद के परली तरफ उतरना, उसका हर इनोवेशन अपने आप में बम-बम हैं।


# समंदर के अंदर हाई स्पीड ट्रेन, रेलवे खोद रहा दुनिया की सबसे लंबी अंडर वाटर टनल

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन अब समंदर के नीचे सबसे लंबी हाई-स्पीड रेलवे सुरंगों में से एक को पूरा करने के एकदम नजदीक है, इस सिलसिले में समुद्र के नीचे के हिस्से पर खुदाई का काम जारी है। चीन की जिंतांग टलन, शंघाई के दक्षिण में एक शहर निंगबो को पूर्वी प्रांत झेजियांग में झोउशान द्वीपों से जोड़ेगी। चीन की सरकारी मीडिया से मिली जानकारी के मुताबिक, टनल के समुद्र के नीचे के हिस्से पर खुदाई का काम 120 घंटे पहले शुरू हुआ। खुदाई का काम रोजाना औसतन 16 मीटर (52 फीट) की दर से आगे बढ़ रहा है।

## ट्रेन 2028 में चल सकती है

एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'टनल 16.18 किमी (10 मील) तक फैली होगी। इसका काम दिसंबर 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है। यहां पहली ट्रेन 2028 में चल सकती है। फिलहाल, निंगबो और झोउशान एक क्रॉस-सी ब्रिज और घाट से कनेक्ट हैं। रेलवे का 76.4 किमी का खंड जो उन्हें जोड़ेगा, उस ट्रैक को 250 किमी/घंटा तक की स्पीड से यात्रा करने वाली ट्रेनों के लिए डिजाइन किया गया है। इससे ट्रैवल टाइम डेढ़ घंटे से घटकर बस 25 मिनट रह जाएगा।



## कहां सबसे ज्यादा मुश्किल?

झांग ने बताया, 'आधिकारिक तौर पर निर्माण के समुद्री खंड में प्रवेश करने के बाद, हमें नेविगेशन चैनलों और लंगरगाहों को पार करने समेत कई जोखिमों का सामना करना पड़ेगा। हमें जटिल और परिवर्तनशील भूवैज्ञानिक स्थितियों, उच्च पानी के दबाव के बीच सुरंग बनाने में कठिनाइयां आने का अंदाजा है खासकर लंबी दूरी की खुदाई पर हमें सतर्क रहना होगा।'

## दुनिया की सबसे लंबी समुद्री टनल

नई टनल झोउशान को देश के हाई-स्पीड रेलवे नेटवर्क से भी जोड़ेगी, जिससे झोउशान और हांगझू के बीच की जर्नी साढ़े तीन घंटे से घटकर 77 मिनट रह जाएगी। चीन ने दुनिया का सबसे बड़ा हाई-स्पीड रेलवे नेटवर्क बनाया है, जिसमें 46,000 किमी से अधिक रेलवे परिचालन में है- जो दुनिया के कुल का 70 प्रतिशत से अधिक है। जिंटांग टलन का निर्माण मई में शुरू हुआ, तब इसके दोनों छोर से दो बोरिंग मशीनें एक साथ काम कर रही थीं। वे मध्य में, पूर्वी चीन सागर में जिन्तांग जलमार्ग के नीचे मिलेंगी, जो निंगबो-झोउशान पोर्ट (समुद्री बंदरगाह यानी) के लिए एक पॉपुलर ट्रांसपोर्ट रूट है। समुद्र के नीचे सुरंग परियोजना के डायरेक्टर झांग जिंताओ मानते हैं कि आगे कई तकनीकी चुनौतियां उनका रास्ता रोकने की कोशिश करेंगी, लेकिन उनकी टीम भी समंदर का सीना चीरकर रास्ता बनाने के लिए अटल है।

# रोचक खबरें

## अगर स्मोकिंग से हैं परेशान, तो इस नन्हीं सी बच्ची का मजेदार स्पीच जरूर सुनें!



**नई दिल्ली।** हर साल तंबाकू से 80 लाख लोगों की मौत होती है, जिसमें सिगरेट बड़ा कारण है। लोग चाहकर भी इसे छोड़ नहीं पाते। लेकिन, इन दिनों एक बच्ची का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उसने स्मोकिंग के खिलाफ इतनी पॉवरफुल स्पीच दी है कि इसे सुनकर कोई भी सिगरेट छोड़ने पर मजबूर हो जाएगा। सिगरेट छोड़ना आसान नहीं होता, क्योंकि इसके लिए मजबूत इरादों की जरूरत होती है। यह सिर्फ आदत नहीं, बल्कि शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक चुनौती भी है। लोग सिगरेट के नुकसान जानते हुए भी इसे छोड़ नहीं पाते।इसी से जुड़ा एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक छोटी बच्ची ने अपनी दमदार स्पीच से सबको हैरान कर दिया है। उसकी बातों ने इंटरनेट पर लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया है। इस वीडियो में एक छोटी बच्ची ने सिगरेट छोड़ने पर जबरदस्त स्पीच दी है। उसने नशा करने वालों और उन्हें बढ़ावा देने वाले बुजुर्गों को आईना दिखाया। उसकी बात इतनी असरदार थी कि वीडियो तेजी से वायरल हो गया। लोग इसे देखकर हैरान हैं और जमकर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। बच्ची की बातें लोगों को सोचने पर मजबूर कर रही हैं।

वायरल वीडियो हरियाणा के किसी गांव का लग रहा है, जिसमें एक छोटी बच्ची स्टेज पर खड़े होकर जोरदार स्पीच देती है। वह कहती है कि उसे सबसे बुरा लगता है कि आजकल के युवा अपने बुजुर्गों के साथ बैठकर हुक्का पीते हैं, जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए।वह हाथ जोड़कर बुजुर्गों से अपील करती है कि वे अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें, नहीं तो हालात ऐसे होंगे कि हम पापा से डरने वाली आखिरी पीढ़ी होंगे और औलाद से डरने वाली पहली।

## कभी 58 घंटे किस का था रिकॉर्ड, अब तलाक ले रहा कपल, आखिर क्या थी दूर होने की वजह?



**बैंकाक।** थाईलैंड के जिस कपल ने 2013 में सबसे लंबे समय तक किस करने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था, उसने अब अलग होने का फैसला कर लिया है। एक्काचाई तिरानारत और उनकी पत्नी लकसाना 58 घंटे और 35 मिनट और 58 सेकंड तक किस करके सुर्खियों में आए थे। हाल ही में एक्काचाई ने अपने अलगाव की पुष्टि की। लेकिन, लकसाना के साथ अपनी उपलब्धि पर गर्व भी किया। एक्काचाई ने कहा कि उन्हें गर्व है कि उन्होंने एक साथ काफी लंबा और अच्छा समय बिताया। उन्होंने कहा, मैं अच्छी यादों को संजोना चाहता हूं और मुझे खुशी है कि हमने यह सब साथ में किया। एक्काचाई ने अपने वर्ल्ड रिकॉर्ड के कठिन नियमों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा, यह आसान नहीं था। क्योंकि, उन्हें टॉयलेट ब्रेक के दौरान भी एक-दूसरे को किस करते रहना था जाहिर है, इस अनोखे रिकॉर्ड को बनाने के लिए न केवल अटूट समर्पण की आवश्यकता थी, बल्कि शारीरिक लचीलापन भी जरूरी था। क्योंकि, कपल पूरे समय बिना सोए खड़े होकर एक-दूसरे को 58 घंटे तक बस किस करता रहा। इस उपलब्धि के बाद कपल प्रेम का प्रतीक बन गया। हालांकि, घटनाओं के एक अप्रत्याशित मोड़ में कपल ने अब अपने अलगाव की घोषणा की है, जिससे उनके प्रशंसकों में निराशा का माहौल है। लेकिन, कपल ने इसके कारणों का कोई खुलासा नहीं किया है। उनका कहना है कि वे दोनों समय के साथ धीरे-धीरे अलग हो गए। एक्काचाई ने कहा, अलगाव की घोषणा करते हुए मैं बहुत दुखी हूं। यह सफर यादों से भरा था, लेकिन अब अलग-अलग दिशाओं में बढ़ने का समय आ गया है। हालांकि, कपल ने भरोसा दिलाया है कि वे आपसी सम्मान और बच्चों का सह-पालन करना जारी रखेंगे। एक्काचाई और लकसाना का रिकॉर्ड तोड़ने वाला मोमेंट ऐतिहासिक उपलब्धि बना हुआ है।

क्या दुनिया पर इंसानों के रहने के दिन अब गिने-चुने ही बचे हैं? इंसान जिस तरह से विध्वंसक हथियारों को बना रखा है, वे एक दिन उसी के समूल विनाश की वजह बनने वाले हैं या फिर कोई परमाणु युद्ध धरती से मानवता का नाश कर सकता है।



# धरती पर मंडरा रहा बड़ा खतरा परमाणु युद्ध हुआ तो नहीं बचेंगे इंसान

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ऐसा हम नहीं कह रहे है, बल्कि ऐसा सोचना है दुनिया के सबसे अमीर शख्स और अपने समय से आगे की सोच रखने वाले जुनूनी उद्यमी एलन मस्क का, जो ऐसी स्थिति आने पर मानवता को बचाने के लिए बैक-अप प्लान बनाने में लग गए हैं। इलेक्ट्रिक कार से लेकर अंतरिक्ष यात्रा तक, भविष्य के लिए एलन मस्क का विजन किसी साइंस फिक्शन फिल्म की तरह लगता है। उनका नया महत्वाकांक्षी आइडिया मानवता के अस्तित्व के बारे में है। एलन मस्क धरती पर इंसानों को बचाने के लिए एक बैकअप प्लान बना रहे हैं। यह एक स्पेसशिप, यानी भविष्य का जहाज जो वैश्विक तबाही की स्थिति में मानवता के लिए ग्रह से बाहर निकालने का टिकट बन सकता है।

■ एलन मस्क ने बनाया मानवता को बचाने का

## मंगल ग्रह पर बसेंगे इंसान

मंगल ग्रह के लिए एलन मस्क के जुनून से दुनिया वाकिफ है। उनकी कंपनी स्पेसएक्स अंतरिक्ष यात्रा पर अथक प्रयास कर रही है और उसका आखिरी लक्ष्य लाल ग्रह पर एक स्थायी कॉलोनी बनाना है। लेकिन, यह सिर्फ खोज और अनुसंधान के लिए नहीं है। इसके पीछे मस्क का एक छिपा विचार है। दुनिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और परमाणु युद्ध के खतरे के साथ एलन मस्क एक ऐसा भविष्य देखते हैं, जहां पृथ्वी पर रहना शायद संभव न हो।





## मंगल ग्रह पहुंचकर भी होगी चुनौती

भले ही मस्क लोगों को मंगल ग्रह पर ले जाने में सफल हो जाएं, लेकिन असली चुनौती उनके पहुंचने के बाद शुरू होगी। ग्रह इंसानों के लिए रहने योग्य होने से बहुत दूर है। जहरीला तापमान, जहरीली हवा और कोई प्राकृतिक भोजन या पानी का स्रोत नहीं होने से जीवित रहना एक बुरे सपने की तरह है। इंसानों के रहने लायक बनाने लिए मंगल ग्रह के वायुमंडल को बदलना होगा ताकि यह पृथ्वी जैसा बन सके। ऑक्सीजन पैदा करना और एक आत्मनिर्भर एयर सप्लाई तैयार करना होगा। भोजन के इंतजाम के साथ विकिरण और चरम मौसम से भी बचाना होगा। जाहिर है यह आसान नहीं होगा।

## मस्क ने दी चेतावनी

मस्क ने चेतावनी देते हुए कहा है कि 'जितना अधिक समय तक हम एक ग्रह तक खुद को सीमित रखेंगे, मानवता के विलुप्त होने का खतरा उतना ही अधिक होगा।' इसका समाधान वे एक ग्रह से दूसरे ग्रह तक पहुंचाने वाली नौका में ढूढ़ते हैं। वैसे तो स्पेस आर्क का आइडिया नया नहीं है। साइंस फिक्शन कहानियों में इसका जिक्र होता रहा है, लेकिन मस्क इसे वास्तविकता बनाना चाहते हैं। टेस्ला की इंजीनियरिंग टीमों ने सालों पहले इस पर विचार किया था। एक ऐसा टिकाऊ जहाज बनाना जो वैश्विक संकट की स्थिति में हजारों लोगों को मंगल ग्रह पर पहुंचा सके। स्पेसएक्स का स्टारशिप इसी दिशा में कदम को दिखाता है, लेकिन स्पेस आर्क ज्यादा बड़ा और अधिक एडवांस होगा।

# चूहे से भी छोटी है ये बिल्ली, समा सकती है हथेली के अंदर

**कोलकाता।** दुनिया में सबसे आकर्षक जानवरों में से एक बिल्ली है। आपको यह बात अजीब या हैरानी की लग सकती है। लेकिन, बिल्ली इंसानों का ध्यान खींचने में माहिर होती हैं। यही वजह है कि वे लोगों को बहुत मासूम लगती हैं। अजीब बात ये है कि लोगों को बिल्ली के परिवार की सभी प्रजातियां आकर्षक लगती हैं। पर क्या आपने दुनिया की सबसे छोटी बिल्ली के बारे में सुना है? एक्सपर्ट्स बताते हैं कि ये भारत में मिलती है। लेकिन, यह भी सच है कि यह भारत में दिखती भी नहीं है। इसीलिए कुछ दिन पहले जब इसे पश्चिम बंगाल में देखा गया है, तभी से ये चर्चा में है।

## संकट में अस्तित्व

दुनिया की सबसे छोटी बिल्ली के नाम से मशहूर रस्टी-स्पॉटेड कैट है। यह एक जंगली बिल्ली है और यह उन बिल्लियों में से है जिनकी बहुत कम जानकारी मिलती है। इस बिल्ली का वजन ज्यादा से ज्यादा एक किलो होता है। बताया जाता है कि ये भारत, श्रीलंका और नेपाल में मिलती है। लेकिन, अब ये इतनी कम हो गई हैं कि इनका अस्तित्व ही संकट में हैं और इनके संरक्षण के भी प्रयास किए जा रहे हैं।



## चौंकाने वाली लंबाई


रस्टी स्पॉटेड बिल्ली आसानी से नजर नहीं आती है। वह रात को सक्रिय रहती है। इसके चित्तीदार चमड़ी का रंग अक्सर लोगों को इस भ्रम में डाल देता है कि ये किसी तेंदुए की संतान है। लेकिन सबसे दिलचस्प इसकी लंबाई है। वे इसकी लंबाई केवल 35 से 48 सेमी तक बताई जाती है। यह पत्ते तक में आसानी से छिप जाती है और यह हथेली में भी समा सकती है। यही कारण है कि हैरानी की बात नहीं कि जब एक महीने पहले इसे पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में देखा गया तो यह सुर्खियों में छा गई। इसका वहां मिलना बताता है कि इस इलाके का जंगल का इकोसिस्टम इतना अच्छा है कि यहां बड़े शिकारी जानवरों के साथ छोटे शिकारी जीव भी पनप रहे हैं। रात में विचरण करने के कारण इसे देखना और भी मुश्किल रहता है। फिर भी वन विभाग के कैमरे में इसकी तस्वीर कैद हो ही गई।

# खूबसूरत शहर को 'निगल' रहे हैं रहस्यमय दैत्य, घबराए लोग हर वक्त मांग रहे दुआ!

एजेंसी ▶▶ ब्रासीलिया हवे

प्रकृति ने अपने गर्भ में न जाने कौन-कौन से रहस्य छिपा रखे हैं। कई बार तो ऐसा होता है कि हम अपनी ज़िंदगी आराम से जी रहे होते हैं और हमें पता भी नहीं होता कि कौन सा खतरा हमारी ओर बढ़ रहा है। कुछ ऐसा ही हुआ है ब्राज़ीलियन अमेज़न में मौजूद एक शहर के साथ, जहां 55 हज़ार लोगों ने अपना बसेरा बना रखा है। उन्हें कभी उम्मीद भी नहीं रही होगी कि उनके साथ ऐसा भी हो सकता है।

भला कौन चाहेगा कि कोई बसा-बसाया प्यारा सा शहर यूं ही बर्बाद हो जाए, लेकिन कुदरत और नियति के आगे किसी की नहीं चलती। एक ऐसा ही ब्राज़ीलियन शहर इस वक्त रहस्यमय दैत्याकार गड्ढों की ज़द में है, जो उसे निगलने पर आमादा हैं। ऑडिटी सेंट्रल की रिपोर्ट के मुताबिक बुरीटीकुपु नाम के इस शहर में हड़कंप मचा हुआ है, क्योंकि उसे एक-दो नहीं बल्कि 26 विशालकाय गड्ढों ने हर तरफ से घेर रखा है।



## गड्ढों ने शहर को घेरा

बुरीटीकुपु नाम के शहर में बड़े-बड़े गड्ढों की समस्या पिछले 30 सालों से चल रही है। ये गड्ढे यहां की बलुई मिट्टी और खराब प्लानिंग के साथ-साथ जंगलों के कटने की वजह से पैदा हुए हैं। कुछ साल पहले ही विशेषज्ञों ने कहा था कि शहर को हर तरफ से करीब 26 बड़े-बड़े और गहरे गड्ढों ने घेर रखा है, जो धीरे-धीरे शहर की ओर बढ़ रहे हैं। हाल ही में जब बारिश हुई, तो इन गड्ढों का आकार और भी ज्यादा विशाल हो गया। पिछले कुछ महीनों में गड्ढों का शहरों की ओर बढ़ना सरकार के लिए समस्या बन गई है, क्योंकि ये 50 घरों को निगल चुके हैं।

## बस बारिश न हो

यहां के नागरिकों ने बताया कि ये काफी डरावना है और हम भगवान से प्रार्थना करते रहते हैं कि बस बारिश न हो। जैसे ही पानी बरसना शुरू होता है, हम डर जाते हैं और धरती के धंसने की आवाजें आती रहती हैं। अब तक इस जगह से करीब 12 हजार लोगों को दूसरी जगह शिफ्ट भी किया जा चुका है। कुछ सड़कें भी धंस चुकी हैं और अब ये मामला स्थानीय प्रशासन के हाथ से निकल चुका है। लोगों के लिए बड़ी बात ये है कि यहां से निकलने के बाद उन्हें उनके सिर पर छत मिल जाए।

# एक बुरी लत और गल गई महिला की नाक चेहरे पर सिक्के जितना बड़ा हो गया छेद

**शिकागो।** ये कहानी है अमेरिका के शिकागो की रहने वालीं केली कोजीरा की, जो नशीली दवाओं की लत के गंभीर प्रभावों को उजागर करती है। महिला की आपबीती यह दर्शाती है कि कैसे नशे की लत नियंत्रण से बाहर हो सकती है, और उसके कितने भयानक अंजाम हो सकते हैं। अच्छी बात यह है कि महिला ने लत को हराकर नई जिंदगी की शुरुआत की है। लेकिन, केली की कहानी दूसरों के लिए प्रेरणा और चेतावनी दोनों है। क्योंकि, इससे रिकवरी तो मुमकिन है,




लेकिन नशे ने केली का जो हाल किया, उसके बारे में जानकर आप सहम जाएंगे। 38 वर्षीय कोजीरा ने पहली बार 2017 में दोस्तों के साथ एक रात बाहर जाने के बाद कोकीन सूंघना शुरू किया और जल्द इसकी लत लग गई।

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
माता-पिता बनने का अनमोल अहसास
स्त्री एवं पुरुष बांझपन की संपूर्ण जांच एवं इलाज
नि:संतान दंपत्तियों हेतु आधुनिक पध्दति से उपचार
अण्डाणु बनने की प्रक्रिया की जांच
हार्मोनल समस्या का ईलाज (PCOD)
बढ़ती उम्र की वजह से नि:संतानता का इलाज
फेलोपियन ट्यूब बंद का इलाज
ब्लास्टोसिस्ट ट्रांसफर की सुविधा
बार-बार गर्भपात की जांच एवं सफल इलाज
गर्भ संस्कार पर आधारित इलाज
संपूर्ण जांच एवं इलाज के लिए विश्वसनीय डॉक्टरों की टीम
97551 62611
कोटा-गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

ओम हॉस्पिटल
डॉ. विजय अग्रवाल
एम.डी.एस. ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन
उपलब्ध सुविधाएं
चेहरे की चोट एवं टूटे हुए जबड़ों का इलाज
चेहरे की जन्मजात विकृतियों का इलाज
गुटखा खाने के कारण मुंह के कम खुलने का इलाज
लार के ग्रंथियों की विभिन्न बीमारीयों का इलाज
छोटे - बड़े एवं जबड़ों के टेढ़ेपन का इलाज
मुंह एवं चेहरे के कैंसर का इलाज
शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.) मो. 8370008551
खरोरा रोड, तिल्दा (छ.ग.) मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.) मो. 8370008558
#Rajesh

गंजेपन का ईलाज
अत्याधुनिक तकनीक द्वारा केश प्रत्यारोपड़ FUT एवं FUE तकनीक द्वारा गंजेपन का ईलाज
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

MushroomAD
Mushroom Soup Powder
हेल्थी बॉडी, कॉन्फिडेंस रेडी
लाखों ग्राहकों का विश्वास
भारत में सबसे ज्यादा बिकने वाला मशरूम उत्पाद
मशरुम के प्राकृतिक गुणों से भरपूर
भूख व वजन बढ़ाने में सहायक
दुबलेपन को दूर करने में सहायक
प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक
गैस तथा एसिडीटी के लिए भी लाभदायक
उर्जावान बनाने व कॉन्फिडेंस बढ़ाने में सहायक
कमजोरी हटाने व नया खुन बनाने में सहायक
सभी मेडिकल्स में उपलब्ध. For More details Trade Enquiry 9373556677, 9823286830
SS - पंकज मेडीकोज, बिलासपूर -6261187686, विश्वनाथ फार्मा, राजनांदगाव- 9406265404







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com